e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 239
शुक्रवार
01.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
आपकी नीयत को चाहे कितनी भी अच्छी क्यों ना कर लो, दुनिया वाले आपको दिखावे से ही पहचानेंगे और दिखावा चाहे कितना भी कर लो, भगवान आपको नीयत से ही पहचानेंगे..

ताजा खबरों के लिए देखें

नयनश्री नेत्रालय
असर्फी हॉस्पीटल
आयुष्मान कार्ड के द्वारा
निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी
77070 13096 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

**रांची का तापमान**
अधिकतम 26⁰
न्युनतम 12⁰

## क्विक न्यूज

### मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जन्मस्थान से पहली बार निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**मथुरा :** योगी सरकार में इस बार भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन और ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने वृहद स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पहली बार श्रीकृष्ण जन्मस्थान से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों पर आकर्षक लाइटिंग और सजावट की जाएगी। इसके साथ ही 17 स्थान पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। शोभायात्रा की तैयारियों के लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद से जुड़े अधिकारियों ने बैठक कर रूपरेखा बनाई। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर 7 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्मस्थान से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा सुबह 8 बजे से शुरू होगी जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए दोपहर करीब 12 बजे वापस श्रीकृष्ण जन्मस्थान पहुंचेगी। शोभायात्रा के लिए व्यवस्था निर्धारित करने को लेकर ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय पर एक बैठक की गई। बैठक में सबसे पहले शोभायात्रा का रूट तय किया गया। शोभायात्रा श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्य द्वार से शुरू होकर पोतरा कुंड, महाविद्या कॉलोनी, गोविंद नगर थाना के सामने से होते हुए, मथुरा- वृंदावन रोड, डीग गेट से निकलकर वापस श्रीकृष्ण जन्मस्थान के गेट संख्या 1 पर पहुंचेगी।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर निबंध लेखन प्रतियोगिता

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय सेंटर फॉर नरेन्द्र मोदी स्टडीज (नरेन्द्र मोदी अध्ययन केंद्र) की कार्यकारी समिति ने लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 सितंबर को 73वें जन्मदिन पर समारोह के एक भाग के रूप में, नरेन्द्र मोदी का नव भारत के लिए दृष्टिकोण और नरेन्द्र मोदी - समृद्धि के अग्रदूत और विश्व शांति के दूत विषयों पर एक अखिल भारतीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।नरेन्द्र मोदी अध्ययन केंद्र के सभापति प्रोफेसर जसीम मोहम्मद ने कहा, भारत के प्रधानमंत्री मोदी युवा भारत की क्षमता को उजागर करने के इच्छुक हैं, जिसका छात्र एक अभिन्न अंग हैं। प्रोफेसर जसीम मोहम्मद ने कहा, नरेन्द्र मोदी सिर्फ दूरदर्शी नहीं हैं, वह एक विचारधारा और प्रर्वतक हैं। वह अदम्य जोश और निडर प्रेरणा के साथ विचारों को निडरतापूर्वक क्रियान्वित कर रहे हैं। वह लगातार समस्याओं की पहचान कर रहे हैं और उद्देश्य की गहन भावना के साथ उनका समाधान कर रहे हैं, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में एक नई सुबह की शुरुआत हो रही है। कौशल को आत्मसात किया जा रहा है और युवाओं की ऊर्जा और रचनात्मकता शोध किया जा रहा है।

### समय से पहले लोकसभा चुनाव की आहट, जनवरी-फरवरी में संभावना

# केंद्र सरकार ने बुलाया संसद का विशेष सत्र

**संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अमृत काल के बीच आयोजित होने वाले इस विशेष सत्र के दौरान संसद में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि केंद्र की मोदी सरकार जनवरी फरवरी में लोकसभा चुनाव करा सकती है। वहीं, अब केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया है। केंद्र के इस कदम के बाद एक बार फिर जल्द चुनाव को लेकर अटकलें और तेज हो गई हैं।

इससे पहले पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने दावा किया था कि केंद्र सरकार आगामी लोकसभा चुनाव समय से पहले करवा सकती है। केंद्र सरकार ने 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया है।

केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा के 261वां सत्र) में पांच बैठकें होंगी। जोशी ने कहा कि संसद के इस विशेष सत्र में पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अमृत काल के बीच आयोजित होने वाले इस विशेष सत्र के दौरान संसद में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं।

#### भाजपा नेताओं ने करा रखी है हेलीकॉप्टर की बुकिंग : ममता



बिहार के सीएम नीतीश कुमार के आज के बयान से एक दिन पहले ही बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया था कि भाजपा दिसंबर में ही लोकसभा चुनाव करा सकती है। वे तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की युवा शाखा की रैली को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि भगवा पार्टी ने पहले ही हमारे देश को समुदायों के बीच दुश्मनी के दलदल में बदल दिया है। अगर वे सत्ता में लौटते हैं, तो यह हमारे देश को नफरत का देश बना देंगे। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पहले ही सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिए हैं ताकि कोई अन्य राजनीतिक दल प्रचार के लिए उनका इस्तेमाल न कर सके। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने बंगाल में तीन दशक लंबे माकपा शासन को हराया था और अब वह लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराएंगी।



#### आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां भी जोरों पर

लोकसभा चुनाव चाहें समय पह हों या उससे पहले भगवा पार्टी अभी से एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। राजनीतिक हलकों में मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों के प्रचार पर जोर को इसी के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। अभी यह बातें सत्ता और सियासत के गलियारों में आम नहीं हुई हैं, लेकिन सत्ता के उच्च स्तर पर कुछ खास लोगों ने इस तरह के संकेत देने शुरू कर दिए हैं कि सरकार और भाजपा के शीर्षस्थ स्तर पर इसे लेकर न सिर्फ मंथन चल रहा है, बल्कि यह आकलन भी हो रहा है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनावों को साथ कराने में कितना सियासी फायदा या नुकसान है।

## ओरमांझी में दो महिला व एक पुरुष की हत्या, सनसनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** कहा जा रहा है कि ओरमांझी थाना क्षेत्र में सूअर चराने को लेकर विवाद हुआ था. जिसके बाद तीन लोगों की निर्ममता से हत्या कर दी गई. मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं.वारदात को ओरमांझी के झांझी टोला गांव में अंजाम दिया गया है. ओरमांझी थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने ट्रिपल मर्डर की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है, अब तक जो भी जांच में सामने आया है, उसके अनुसार सूअर चराने को लेकर ही गांव के दो परिवारों में विवाद चल रहा था. उसी की वजह से इस घटना को अंजाम दिया गया है. मृतकों में जनेश्वर बेड़िया (उम्र 42 वर्ष), सरिता देवी (उम्र 39 वर्ष) और संजू देवी (उम्र 25 वर्ष) शामिल हैं.

**ओरमांझी थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने ट्रिपल मर्डर की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है, अब तक जो भी जांच में सामने आया है, उसके अनुसार सूअर चराने को लेकर ही गांव के दो परिवारों में विवाद चल रहा था.**

#### सुअर चराने को लेकर बढ़ा विवाद

ग्रामीणों के अनुसार दोनों परिवारों के बीच पिछले एक सप्ताह से सुअर के चरने को लेकर विवाद चल रहा था. मामले को लेकर गांव में पंचायत भी हुई थी,लेकिन किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी. गुरुवार को दिन के 11 बजे अचानक जनेश्वर के घर पर चीख पुकार मच गई. जब ग्रामीण वहां मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि जनेश्वर और उसकी दोनों पत्नी जमीन पर खून से लथपथ पड़ी हुई हैं. तीनों को इतनी बेरहमी से मारा गया था कि उनके कई अंग कट गए थे.

#### हत्या का कारण छोटा सा विवाद : डीआईजी

डीआईजी अनूप बिरथरे ने बताया कि छोटे से विवाद की वजह से तीन लोगों की हत्या कर दी गई है. हत्याकांड में शामिल किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा, उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं. गांव में एहतियातन पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है.



## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बहन ने बांधी रखी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाई बहन के अटूट प्यार, स्नेह और विश्वास का पावन त्योहार रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर बड़ी बहन श्रीमती अंजनी सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा तथा उनके दीर्घायु होने की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की चचेरी बहन आशा सोरेन, संचला सोरेन एवं रेखा सोरेन ने भी मुख्यमंत्री की कलाई पर राखी बांधा तथा उनके स्वस्थ एवं लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपनी सभी बहनों को सहृदय आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री के पिता राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं माता रूपी सोरेन सहित अन्य परिजन उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इधर दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड के सीतासाल निवासी बहना मति सोरेन और दुमका जिले के मसलिया प्रखंड के रांगा गाँव की बहना निर्मला किस्कु ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की कलाई पर राखी बांधकर उनके स्वस्थ एवं लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें सहृदय आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं।

## अदाणी मामले में राहुल ने भरी हुंकार, सरकार को घेरा

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई में इंडिया की बैठक से पहले राहुल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने अदाणी मुद्दे को लेकर बात की और कंपनी पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी घेरा। राहुल गांधी ने कहा कि अभी जी-20 का माहौल है। भारत के लिए जरूरी है कि यहां के आर्थिक परिवेश और कारोबारी क्षेत्र में सभी के लिए बराबर अवसर और पारदर्शिता रहे। आज के अखबारों में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल पूछा गया है। दुनिया के अखबारों द गार्डियन और फाइनेंशियल टाइम्स में गौतम अदाणी के बारे में खबर है कि अदाणी परिवार से जुड़े व्यक्ति ने विदेशी फंड के जरिए अपने ही स्टॉक में निवेश किया।

अदाणी जी की कंपनियों के नेटवर्क के जरिए एक अरब डॉलर पैसा भारत से बाहर गया और अलग-अलग देशों से घूमकर वापस आया। इससे अदाणी समूह के शेयरों की कीमत बढ़ी। इन पैसों का बंदरगाहों और हवाई अड्डों जैसी भारतीय संपत्तियों को हासिल करने के लिए इस्तेमाल हुआ।

उन्होंने कहा कि भारत की छवि दांव पर है। इस बारे में संयुक्त संसदीय समिति के गठन और गहन जांच की जरूरत है।

जी-20 के मेहमान यहां आ रहे हैं और यहां आकर वे पूछ सकते हैं कि यह विशेष कंपनी कौन सी है, जिसे प्रधानमंत्री के करीबी व्यक्ति चलाते हैं। उन्हें इतनी खुली छूट कैसे दी जा रही है? राहुल ने कहा कि सबसे पहले यह सवाल उठता है कि यह पैसा किसका है? यह अदाणी जी का या किसी और का है? अगर किसी और का है तो किसका है? दूसरा सवाल यह है कि इसके पीछे मास्टरमाइंड कौन है? क्या विनोद अदाणी हैं?



**राहुल गांधी ने कहा कि अभी जी-20 का माहौल है। भारत के लिए जरूरी है कि यहां के आर्थिक परिवेश और कारोबारी क्षेत्र में सभी के लिए बराबर अवसर और पारदर्शिता रहे।**

## भारत में ही जीई-414 विमान इंजन बनने का रास्ता साफ, अमेरिकी कांग्रेस ने मंजूरी दी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले अमेरिकी दौरे के समय हुए जीई-414 विमान इंजन सौदे को अमेरिकी कांग्रेस ने मंजूरी दे दी है। अब प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से भारत में ही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जीई-414 इंजन का निर्माण कर सकेगा। भारत ने तेजस एमके-2 फाइटर जेट के लिए अमेरिका के साथ 99 जीई-414 का सौदा किया है। प्रोटोटाइप बनाने के लिए 8 एफ-414 इंजन पहले से ही एचएएल के पास हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने पिछले साल 31 अगस्त को इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद इस साल के अंत तक स्वदेशी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 का प्रोटोटाइप आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन इसके लिए इंजन फाइनल न होने से प्रोटोटाइप का विकास अधर में लटका था। प्रधानमंत्री मोदी के हालिया अमेरिकी दौरे में जीई-414 विमान इंजन भारत में ही विकसित किये जाने का समझौता होने बाद अब अमेरिकी कांग्रेस की भी मंजूरी मिलने से एलसीए तेजस मार्क-2 के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है।

इसी माह भारत सरकार ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमानों के निर्माण को मंजूरी दी थी। डीआरडीओ ने एलसीए तेजस मार्क-2 और पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) दोनों को एक ही इंजन से चलाने का फैसला किया है। वायुसेना ने भी तमाम तरह के परीक्षण करने के बाद लड़ाकू एएमसीए की डिजाइन को हरी झंडी दे दी है। विमान के कई हिस्से पहले ही बनाए जा चुके हैं। शुरू में कुल चार प्रोटोटाइप बनाकर इसकी पहली उड़ान 2026 में तय की गई है। यानी तब पांचवीं पीढ़ी का स्वदेशी लड़ाकू विमान भारतीय आसमान में उतरकर दुश्मनों के बीच नई हलचल पैदा करेगा। एएमसीए के डिजाइन और प्रोटोटाइप विकास के लिए सीसीएस की मंजूरी मिलने के बाद एएमसीए के प्रोटोटाइप का निर्माण होने की प्रक्रिया भी तेज होगी।



रक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि तेजस मार्क-2 के प्रोटोटाइप विकास में लगभग 5-6 साल लगने का अनुमान है। एचएएल 15 साल या उससे अधिक की अवधि में 230 एलसीए मार्क-2 विमानों का निर्माण करेगा। इस व्यापक परियोजना पर हजारों करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। एलसीए मार्क-2 कार्यक्रम से भारत की स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमताओं को बढ़ावा मिलने के साथ ही वायुसेना का हवाई बेड़ा भी मजबूत होगा। भारतीय वायुसेना शुरुआत में 108 विमानों का ऑर्डर दे सकती है। बाद में इनकी अंतिम गिनती 230 हो सकती है, जिसके बाद 2030 तक वायुसेना के बेड़े में लड़ाकू विमान होंगे।

## बिहार के औरंगाबाद में तालाब में डूबकर पांच बच्चों की मौत

एजेंसी

**पटना :** बिहार के औरंगाबाद जिले के सलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनारचक गांव में गुरुवार को तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से सभी बच्चों के शव तालाब से निकाले गए। गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। मृतकों में दो सगे भाई हैं। सभी बच्चे घर से राखी बंधवाने के बाद पोखर में नहाने के लिए चले गए और यह हादसा हुआ। मृतकों में सोनारचक गांव निवासी दो सगे भाई धीरज कुमार (10) और नीरज कुमार (12) के अलावा पड़ोस का प्रिंस कुमार(10), गोलू कुमार (12) और अमित कुमार (08) कुमार हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव से 500 मीटर की दूरी पर पहाड़ के पास तालाब है, जिसे जेसीबी से गड्ढा करके छोड़ दिया गया है। पहाड़ के पास से कुछ लोग गुजर रहे थे। उन्होंने देखा कि पोखर के पास पांच बच्चों का कपड़ा रखा हुआ है लेकिन बच्चे गायब हैं। लोगों को आभास हुआ कि कहीं बच्चे पोखर में डूब तो नहीं गये। इसकी जानकारी गांव को दी गयी। आनन-फानन में गांव वाले पोखर के पास पहुंचे।

संक्षिप्त खबरें

## दिवंगत भाजपा नेता के परिजनों से मिले सांसद, बंधाया ढांढस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम आज बिश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव पहुंचे। जहां उन्होंने दिवंगत भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया.यहां बताते चलें कि पिछले रविवार को ललन चौबे का देहांत हो गया था। सांसद बी डी राम ने कहा कि ललन चौबे का निधन भाजपा के लिए अपूर्णीय क्षति है। पार्टी और संगठन के लिए उन्होंने बहुत त्याग किया था। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, वरीय भाजपा नेता ईश्वरी पांडेय, अखिलेश चौबे, मार्कंडे चौबे, संजय चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

# अलग-अलग हुए सड़क दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल, रेफर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना महदेइया पेट्रोल पंप के समीप एनएच75 पर हुई। जहां दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में पतरिहा गांव निवासी बसंत राम की मौत हो गयी। जबकि मंगरदह निवासी महिला मीना देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बसंत राम मंगरदह स्थित अपने ससुराल से अपनी सरहज मीना देवी को बाइक पर लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान महदेइया पेट्रोल पंप के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से उनकी टक्कर हो गयी। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो की मदद से दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। जहां गंभीर स्थिति देखते हुए दोनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल पहुंचने से पहले ही बसंत राम की मौत हो गयी। दूसरी घटना जंगीपुर के समीप एनएच-75 पर हुई। जहां नगर उंटारी से मेराल जा रही टेंपू ने खड़ी ट्रक में पीछे से धक्का मार दिया। इस घटना में मेराल थाना क्षेत्र के गोना निवासी उमेश राम की पत्नी रानी देवी और उसके दो पुत्र सत्यम कुमार व शिवम कुमार घायल हो गए। तीनो घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां घायलों की गंभीर स्थिति देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। रानी देवी अपनी मायके खरौंधी थाना क्षेत्र के मझिगावां से राखी बांधकर टेंपू से वापस ससुराल जा रही थी। वही घटना के बाद पुलिस ने टेंपू को जब्त कर लिया है।

## कजरी रेलवे स्टेशन पास अंडरपास बनाने को ले लोगों ने सांसद को सौंपा मांग पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के कजरी चंदन नगर के ग्रामीणों ने कजरी रेलवे स्टेशन के पास फाटक के जगह पर अंडरपास बनाने को ले गुरुवार को पलामू सांसद बीडी राम को मांग पत्र सौंपा। ग्रामीणों की अगुवाई कजरी पंचायत मुखिया पति सह समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह कर रहे थे। सौंपे मांग पत्र में कहा गया है कि कजरी के टोला चंदननगर कजरी स्टेशन से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर है जहां पांच हजार की आबादी वास करती है। जहां सरकारी विद्यालय, निजी विद्यालय, देवी मंदिर श्मशान घाट अवस्थित है। जहां लोगों का आवागमन होते रहता है। जबकि फाटक घंटों बंद रहता है। जिससे लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने सांसद से मांग की कि रेलवे फाटक के जगह पर अंडरपास बनवाया जाए ताकि लोगों को सहूलियत हो। सांसद ने प्रतिनिधि मंडल को आस्वस्त किया कि वे जल्द इस समस्या से निजात दिलाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर श्रवण पासवान, महेंद्र पासवान, रामप्रवेश पासवान, प्रमोद कुमार पासवान, दिनेश कुमार पासवान, मुन्ना कुमार, चंदन कुमार, दिलीप कुमार, हरिन्द्र पासवान, दिनेश कुमार, राजा कुमार, राजीव कुमार उपस्थित थे।

## स्वयं राखी निर्मित कर बहनों ने भाई की सजाई कलाई-प्रधानाचार्य मनोज



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतार में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने स्वयं राखी निर्मित कर मनाया भाई-बहन का प्रेम पर्व रक्षाबंधन। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यक्ष राम विचार साहु, कोषाध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा और प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। सबसे पहले वैसे भाई-बहन जिनका एक भी अपनी बहन या भाई नही है। उनको राखी बांधकर एवं बंधवाकर शुरुआत किया गया। इसके पश्चात ही सभी कक्षा के भाई-बहन रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाते हुए एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए लंबी उम्र की कामनाएं की गई। वही विद्यालय के श्वेता दीदी के द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता को राखी बांधकर ईश्वर से रक्षा की कामना की। मौके पर विद्यालय के आचार्य शिवशंकर कुमार, धनन्जय विश्वकर्मा, दीनानाथ चौधरी, सुदीप पाल, रमेश पाल, आचार्या श्वेता कुमारी, मीना कुमारी, चन्दा कुमारी, कुसुम देवी सहित विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सर्प दंश से एक महिला की मौत, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** रेहला थाना क्षेत्र के मधुरीडीह-तेनवाहि गांव में एक महिला को किसी विषैले सर्प ने डंस लिया जिससे उसकी मौत हो गयी.मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाना क्षेत्र के मधुरीडीह-तेनवाहि गांव निवासी इंद्रदेव यादव की 35 वर्षीय पत्नी ललिता देवी अपने घर मे सोयी हुयी थी। तभी अचानक किसी विषैले सर्प घर मे घुस कर ललिता देवी को काट लिया। जिससे वह घायल हो गयी। परिजन उसे हॉस्पिटल ले गये.लेकिन तबतक उसकी मौत हो गयी थी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वही समाजसेवी कृष्णकांत यादव उर्फ मुन्ना यादव ने मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# प्रखंड का ऐसा गांव जहां पीने का पानी नही, वाहन जाने के लिए सड़क नहीं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** प्रखंड का एक ऐसा गाँव है जंहा पीने के साफ पानी के एक-एक बूंद के तरसते है ग्रामीण। पूरे गावं में एकमात्र कुए के गंदे पानी पीने लिए मजबूर है। जहाँ आज़ादी से आज तक एक भी चापाकल नहीं लगाया गया है। मामला खरौंधी प्रखंड के कुपा पंचायत के बैगाई टोला का है। जहा लगभग 40 से 50 घर है लेकिन आज तक इस टोला में किसी भी मद से कोई चापानल नही लगाया गया है।इस टोला एकलौता कुआ है। इसी का गंदा पानी पीने को ग्रामीण मजबूर है। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोग इस कुँआ का पानी पीते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कुए में पानी नीचे होने के कारण कड़ी मस्कत के बाद डोर बाल्टी की मदद से पानी निकालते हैं। इसमें भी कितने वर्ष हो गए, इसे साफ नही किया गया जिसकी वजह से कुए का पानी पूरी तरह से गंदा रहता है। इसी गंदे पानी को हमलोग वर्षो से पीने को मजबूर है। यही वजह है कि हमारे परिवार में हमेशा कोई न कोई बीमार रहता है। ग्रामीणों ने बताया की हमलोग अपने जानवरों के लिए भी यहीं से पानी ले कर जाना पड़ता है।यंहा गाड़ी आने के लिए अच्छी सड़क नहीं है। जिसके वजह से हमलोग खुद से भी चपाकल नही लगा पा रहे हैं। अगर सरकार के द्वारा हमलोग का सड़क और नल जल का व्यवस्था हो जाता तो बहुत अच्छा होता। मौके पर ग्रामीण अनुज पटेल, मेघों सिंह, अमीन चौधरी, विंध्याचल सिंह, सरिता देवी, पानपति देवी, फुलमती देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# तीन माह से बंद पड़ा है आंगनबाड़ी केंद्र पढ़ाई व पोषाहार से बच्चे वंचित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के अवसाने पंचायत के खपिया गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक पिछले तीन माह से बंद है। हरिजन आदिवासी टोला के विफन सिंह, संजय सिंह, छठू सिंह, राधिका सिंह, कवलनाथ सिंह, कृष्ण यादव, सुनील यादव, लालजी सिंह, अशोक सिंह, राजमोहन सिंह, वसंत सिंह, शिवचरण सिंह, राजेश यादव, विनोद सिंह, राजेंद्र यादव आदि ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र करीब तीन महीने से लगातार बंद है। सेविका के घर में केंद्र का संचालन होता है।केंद्र के बाहर बोर्ड भी नही लगाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अन्य दिनों भी बच्चो को पोषाहार नही मिलता है। मनमाने तरीके से सेविका आंगनबाड़ी केंद्र संचालित करती है। सेविका सुनीता देवी ने बताया कि बच्चे नहीं आए है इसलिए स्कूल बंद है। आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका राधिका देवी एक महीने से केंद्र पर नही आ रही है। इस केंद्र में कुल नामांकित बच्चें 20 है, जो आंगनबाड़ी केंद्र में नही आते,वह स्कूल चले जाते है। ग्रामीण ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को नाश्ता व भोजन नहीं दिया जाता, जिसके कारण बच्चें आंगनबाड़ी केंद्र जाने के बजाय स्कूल में चले जाते हैं पंचायत के मुखिया जितेंद्र यादव ने बताया कि पंचायत की आंगनबाड़ी सेविकाएं मनमानी कर रही है। वह किसी की नही सुनती हैं प्रभारी सीडीपीओ सह अंचल अधिकारी संजय कुमार बाखला ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों की बहुत शिकायत मिल रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## रा. म. वि. की छात्राओं ने पीपल पेड़ को राखी बांधकर पेड़ लगाने व पेड़ बचाने का संकल्प लिया



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रक्षाबंधन के अवसर पर राजकीय मध्य विद्यालय की छात्राओं ने नगर पंचायत कार्यालय के समक्ष चबूतरे पर लगे पीपल पेड़ को राखी बांधकर पेड़ लगाने व पेड़ बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने कहा कि ये पेड़ भी हमारे भाई हैं,जो हमे शुद्ध वायु देकर व पर्यावरण की हिफाजत कर हमारी रक्षा करते हैं. छात्राओं ने विधिवत पीपल पेड़ को राखी बांधकर सजीव जगत की रक्षा,सुख,संवृद्धि की कामना किया.इस कार्यक्रम को देख बाहर से आई महिला पर्यटकों ने भी अपने आप को नही रोक सकी तथा छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुये कार्यक्रम में शामिल हुई। छात्राओं ने -भैया मेरी राखी की डोर,कभी होने देना न कमजोर गीत प्रस्तुत कर लोगो का मन मोह लिया। आस पास के लोग इस कार्यक्रम को देख काफी प्रभावित हुये तथा इस कार्यक्रम को अनोखा बताया। कार्यक्रम में मुस्कान, आसिया, सुगंधा, शांति, अंजली, श्रेया, आइसा, शीतल, करुणा, आलिया, आरफीन आदि शामिल थे। छात्राओं ने पेड़ लगाएं-पेड़ बचाये, पर्यावरण को बचाना है-देश खुशहाल बनाना है का संकल्प लिया। मौके पर डॉ इमरान खान, शिक्षक रामलला मिश्र,तनवीर आलम, उपेन्द्र कुशवाहा, मासूम खलीफा, उपेन्द्र कुमार, शिब्बू खलीफा, अजय मेहता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हरिहरगंज में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार गुरुवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। बहन भाई के प्यार का प्रतीक इस त्योहार को लेकर घर - घर में व्यापक तैयारियां की गई थी । इस दौरान बहनों ने भाईयों को रोली और चावल से तिलक कर आरती उतारी तथा उनकी कलाई पर राखी बांधकर मुहं मीठा कराया तथा उनकी लंबी आयु के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। भाईयों ने बहनों को इस अवसर पर उपहार भेंट किये और उनका हर सुख दुख की घड़ी में साथ निभाने का वचन दिया। रक्षाबंधन के त्योहार पर भाई को राखी बांधने आई बहन शोभा, रोशनी, कंचन, खुशबू, प्रिया ने बताया कि रक्षाबंधन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बंधन बांधती है, जिसे राखी या रक्षासूत्र कहा जाता है। कहा कि यह त्योहार बहनों के लिए खुशियों भरा सबसे महत्वपूर्ण त्योहार होता है जिसका वह साल भर इंतजार करती है।

# स्कूली बच्चों ने बांधा पिपरा पुलिसकर्मियों को राखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा :** पिपरा थाना पहुंच कर रक्षाबंधन के अवसर पर संत जेवियर इंग्लिश स्कूल पिपरा बाजार के छात्राओं ने पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों को राखी बांधा। बच्चों से राखियां बंधवाने के बाद पुलिसकर्मी काफी प्रसन्न दिख रहे थे। थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि आज के दिन हर किसी को अपने घर परिवार एवं बहन की याद आती है। सभी का घर पहुंच पाना मुश्किल होता है। लेकिन यहां की बहनों ने राखी बांधकर उस कमी को पूरा करने का कोशिश किया। हम सभी लोगों को काफी अच्छा लगा। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह अजय यादव संत जेवियर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल प्रजापति सहित अन्य दर्जनों पुलिसकर्मी उपस्थित थे। वहीं पूरे प्रखंड क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े धूमधाम एवं हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। कुछ जगहों पर छोटे-मोटे मेले का आयोजन किया गया था जहां नन्हे मुन्ने बच्चे काफी संख्या में दिखाई देने के साथ-साथ खुश दिख रहे थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र भवन का होगा निर्माण, मुखिया ने रखी आधारशिला, हुआ भूमि पूजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के पंजरी खुर्द में बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र भवन का मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने भूमि पूजन के बाद आधारशिला रखी.श्री चौधरी ने कहा कि लालगढ़ पंचायत को पलामू जिला का सबसे विकसित और आदर्श पंचायत के रूप में विकसित किया जा रहा है.मौके पर पंसस सूरजमल राम, पूर्व पंसस प्रताप कुमार, पंचायत सचिव चंदा सिन्हा, रोजगार सेवक जितेंद्र कुमार चौधरी, वार्ड सदस्य राम विकास पाठक, राजीव पाठक, भूमिदाता महेंद्र पाठक, मुकेश पाठक, आनंद पाठक, सौरभ पाठक, पंकज ठाकुर, जितेंद्र चौधरी, बसंत पासवान, देवेंद्र पाठक, दिनेश पाठक, कृष्ण चौधरी, गौतम पाल, संतरा देवी, पूनम देवी, मीरा देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## धर्मपालन में कभी भी बहानेबाजी नहीं करनी चाहिए, इससे ईश्वर नाराज होते हैं : श्री जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री जीयर स्वामी जी ने कहा कि संसारमें न तो कोई किसीका मित्र है, न शत्रु है. मनुष्य किसीको अपना शत्रु मानकर उसपर क्रोध करते हैं, वे वास्तव में अपनी ही हानि करते हैं। संसार विष्णुमय है। शरीर का एक अङ्ग दूसरे अङ्ग का शत्रु कैसे हो सकता है भगवान की कथा में श्रद्धा करे, भगवान की प्रतिमाको पूजा करे, भगवान का स्मरण करे, भगवान के ही चरण कमलों में शीश झुकावे, भगवान को ही संसार में सबसे बड़ा साथी माने, भगवान् का ही सेवक बने और भगवान् के ही चरण कमलों में सम्पूर्ण रूप से आत्मसमर्पण कर दे. जो पुरुष इस प्रकार भगवान? की भक्ति करते हैं, वे इस असार संसार के बन्धन से मुक्त होकर परमपद पाते हैं.तुम परमेश्वर और भोग दोनों की सेवा नहीं कर सकते. विषय न बटोरो . कल के लिये चिन्ता न करो. कल अपनी चिन्ता आप करेगा.सदा स्मरण करने योग्य तो एक ही वस्तु है . सदा सर्वदा सर्वत्र श्रीकृष्ण के सुन्दर नामके स्मरणमात्र से ही प्राणि मात्र का कल्याण हो सकता है.रे मनुष्य। तू दीन होकर घर-घर क्यों भटकता है, तेरा पेट तो सेर भर आटे से ही भर जाता है. भगवान् तो उस समुद्र को भी भोजन पहुँचाते हैं जिसका शरीर चार सौ कोस लम्बा-चौड़ा है. संसारमें कोई भूखा नही रहता. चीटीं और हाथी सभी का पेट भगवान् भरते हैं. अरे मूर्ख ! तू विश्वास क्यों नहीं करता .शोक, मोह, दुःख-सुख और देह की उत्पत्ति सब माया के ही कार्य हैं और यह संसार भी स्वप्न के समान बुद्धि का ही विकार है. इसमें वास्तविकता कुछ भी नहीं है। एक भगवान् ही सत्य हैं। शरीर और मन, बुद्धि को जीता हुआ अपरिग्रही, निराशी मनुष्य शरीर सम्बन्धी कर्म करता हुआ भी पापों को प्राप्त नहीं होता। सुख-दुःख, हानि-लाभ आदि द्वन्द्वोंमें फँसे हुए जीवोंमें जो मनुष्य हर्ष, शोकरहित होकर विचरण करता है, वही तृप्त है.मैं न राज्य चाहता हूँ, न स्वर्ग चाहता हूँ और न मोक्ष ही चाहता हूँ. मैं दुःखपीड़ित प्राणियोंके दुःखका नाश चाहता हूँ . मैं परमेश्वरसे आठ सिद्धियोंवाली उत्तम गति या भक्तिनहीं चाहता, मैं केवल यही चाहता हूँ कि समस्त देहधारियोंके अन्तःकरणमें स्थित होकर उनके कष्टोंको भोगूँ, जिससे उन्हें कष्ट न हो .लोभ, दीनता, भय और धन आदि किसी भी कारणसे मैं अपना धर्म नहीं छोड़ सकता – यह मेरा दृढ़ निश्चय है। धर्मपालन में बहानेबाजी कभी नहीं करनी चाहिये, मैंने सत्य से हीं सब शस्त्र प्राप्त किये हैं। मैं सत्य से कभी नहीं डिग सकता। श्रीहरि के चरणोंकी सेवा मनुष्योंको स्वर्ग, मोक्ष, इस लोककी महान् सम्पत्ति और सब प्रकारकी सिद्धियोंको देनेवाली है. भगवान की पूजा छोड़कर जो लोग दूसरेकी पूजा करते हैं, वे महामूर्ख हैं। जहाँ मैं, मैं और मेरा इन दो शब्दोंमें ही सारे जगत् के दुःख भरे मेरा नहीं है वहाँ दुःखोंका अत्यन्त अभाव है। जिस वस्तु के नाश से बड़ा दुःख होता है, उसके प्राप्त होनेसे पूर्व सुख या दुःख कुछ भी नहीं होता. अतएव उसकी प्राप्तिके पूर्वकी अवस्थाको ध्यान में रखकर मनको दुखी नहीं करना चाहिये।

# ना डिग्री ना रजिस्ट्रेशन, अपनी कमाई के चक्कर में झोलाछाप चिकित्सक ले रहे मरीजों की जान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय सहित प्रखंड के आसपास के क्षेत्र में झोला छाप चिकित्सक चांदी काट रहे हैं। इनके नाम ना तो डिग्री और ना हीं संचालित अस्पताल का रजिस्ट्रेशन हीं है। अवैध रुप से दर्जनों निजी अस्पताल फल फूल रहे हैं। इतना हीं नहीं इन अस्पतालों में कोई अनुभवी चिकित्सक भी नहीं हैं। बाहर से फर्जी चिकित्सक व सर्जन बुलाकर भोले भाले गरीबों की जान ली जा रही है। निजी अस्पताल में महिला बांध्याकरण सहित कई जटिल बिमारीयों का आपरेशन का काम किया जा रहा है। इन अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सक व कंपाउंडर ने कभी मेडिकल की पढाई नहीं की, और न हीं इनके नाम किसी प्रकार का प्रमाण पत्र हीं है। विश्रामपुर के सभी अस्पताल संचालन अस्पताल के सामने चिकित्सक का नाम व कई बिमारीयों के स्पेशलिस्ट होने की बड़ी-बड़ी बोर्डें लगाए हुए हैं। इतना हीं नहीं कई असाध्य बिमारीयों की आपरेशन करने से भी परहेज नहीं करते। कई बार अपने को स्पैशलिस्ट कहने वाले ये चिकित्सक कई लोगों को मौत की नींद भी सुला चुके हैं। मौत के बाद हल्ला हंगामा होता है। फिर मोटी राशि परिजनों को बिचौलिए के माध्यम से दे दी जाती है। लेकिन इनके अनुभव व अवैध रूप से अस्पताल संचालन पर कोई प्रश्न खड़ा नहीं करता। और न हीं इस पर प्रशासन की निगाहें हीं होती है। स्थानीय लोगों की ओर से कई बार शिकायतें की जाती रही है। लेकिन जांच के नाम पर महज एक औपचारिकता पूरी कर सब कुछ सामान्य हो जाता है। विश्रामपुर में संचालित हो रहे दर्जनों अवैध अस्पताल विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में दर्जनों अवैध निजी क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। जहां आए दिन इलाज के क्रम में लोगों को मौत की नींद सुलाया जा रहा हैं। अस्पताल संचालन के पास केवल किसी डॉक्टर के पास कुछ दिनों तक बतौर कंपाउंडर कार्य करने का अनुभव हैं। ऐसे चिकित्सक कितना सफल व सही इलाज करेंगे सहज हीं अंदाजा लगाया जा सकता है। इधर पिछले दिनों अवैध रूप से संचालित एक निजी अस्पताल में एक अन्य महिला की मौत हो गई थी। जिसे कुछ पैसे देकर विवाद को दबा दी गई। विश्रामपुर में एक चाइल्ड स्पैशलिस्ट भी हैं। जिनकी योग्यता केवल एक चिकित्सक के साथ दो साल रहने का है। इनके पास बच्चों के इलाज के लिए लोगों की लाइन लगी रहती है। विश्रामपुर में निजी क्लीनिक संचालित कर रहे अनुभवहीन चिकित्सक अब तक दर्जनों लोगों की मौत की नींद सुला चुके हैं फिर भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। कुछ मामले में चिकित्सक परिजनों को कुछ पैसे देकर मामला शांत करा लेते हैं। यह कोई पहली और न हीं आखरी घटना होगी। अवैध क्लिनिक संचालकों के ऊपर कभी कोई कार्रवाई नहीं की गई। नतीजतन जैसे तैसे फल फूल रहे हैं।

# केतार पैक्स का चुनाव लॉटरी से संपन्न अध्यक्ष बने रवि कुमार रवि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार :** केतार पैक्स का चुनाव महीनों से चर्चित रहा जिसका अंत गुरुवार को लॉटरी से हुआ। मामला यह था कि केतार पैक्स का चुनाव किया जाना था जिसमें दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया था नामांकन के पश्चात वोटिंग करने की नौबत आ पड़ी जिसके लिए पंचायत सचिवालय केतार के सभागार कक्ष में 22 अगस्त 2023 को केतार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जेई आनंद कुमार की उपस्थिति में सदस्य सहित अध्यक्ष पद के दो उमीदवारो के बीच वोटिंग कराया गया था। उक्त पैक्स में कुल सदस्यों की संख्या 236 था जिसमें 199 मत वोटिंग से प्राप्त हुए। वोटिंग के पश्चात ही नियुक्त दंडाधिकारी के समक्ष पर्याप्त मतों की गिनती की गई जिसमें मिथिलेश कुमार गुप्ता एवं रवि कुमार रवि को 97-97 मत प्राप्त हुए जिससे टाई की स्थिति बन गई। इस के समाधान के लिए पदाधिकारीयो द्वारा टॉस करने की बात कही गई जिसमें दोनों उम्मीदवारों ने अपने-अपने जीत को बरकरार कहते हुए टॉस से इनकार कर दिया और मतपत्र को सील करा कर कोर्ट की फैसला मानने को कहा गया। उसी पेंडिंग घोषणा के आलोक में निर्वाचित पदाधिकारी द्वारा पत्र प्रेषित कर आगामी 31अगस्त को लॉटरी के माध्यम से अध्यक्ष पद के लिए घोषणा कर देने की पत्राचार कर जानकारी दी गई। सहकारिता पदाधिकारी द्वारा इस नियुक्त तारीख और समय पर लॉटरी लगाई गई जिसमें रवि कुमार रवि को निर्वाचित होने का घोषणा किया गया। घोषणा के पश्चात ही रवि कुमार रवि को उनके समर्थकों ने फूल माला से स्वागत किया एवं डीजे बांधकर जुलूस की शक्ल में पंचायत सचिवालय केतार से बाजार होते हुए चतुर्भुजी मंदिर तक सभी से आशीर्वाद लिया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### न्याय और निष्पक्षता से ही मानवाधिकारों की रक्षा संभव : अब्दुल्ला अज़हर कासमी

**रांची** : मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी ने अपने प्रेस बयान में कहा कि न्याय और निष्पक्षता से ही मानवाधिकार की रक्षा संभव है। पवित्र क़ुरआन ने संदेश दिया है कि किसी राष्ट्र की दुश्मनी आपको लोगों के साथ न्याय न करने के लिए प्रेरित नहीं करती। हर परिस्थिति में न्याय करें। भले ही वो फैसला आपके खिलाफ ही क्यू न हो। इस्लाम धर्म में इसका उदाहरण मौजूद है। हजरत अली के खिलाफ क़ाज़ी शरीह की अदालत में मुक़दमा पेश किया गया। मुकदमा एक यहूदी ने किया। क़ाज़ी शरीह के दरबार में हज़रत अली ने अपने बेटे को गवाह के तौर पर पेश किया। न्यायाधीश(क़ाज़ी) ने गवाही को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि शरियत में गवाह ऐसे व्यक्ति होने चाहिए जो वादी या प्रतिवादी से खून से संबंधित रिश्ता न हों। जबकि ज़राह( समान) असल में हज़रत अली का था। क़ाज़ी शरीह ने यहूदी के हक़ में फैसला सुनाया। इस्लाम के न्याय और निष्पक्षता के संदेश को देखकर यहूदी ने इस्लाम की प्रामाणिकता पर विश्वास हो गया और इस्लाम कुबूल कर लिया।

### 6 एवम 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा

**रांची:** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति, रांची के सानिध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 6 व 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आज मेन रोड स्थित आयोजन स्थल पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के लिए बन रहे नाट्य,व् झांकी प्रतियोगिता मंच को बनाने के पूर्व भूमि पूजन का कार्य समिति के संरक्षक संजय सेठ, सपत्नी नीता सेठ द्वारा आचार्य की उपस्तिथि में कई पदाधिकारियों के संग संपन्न कराया गया।आज से मंच बनाने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा।

## अपराधियों को हथियार एवं कारतूस उपलब्ध कराने वाला एक गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संगठित अपराधिक गिरोहों के फंडिंग, आर्थिक स्त्रोतों अपराध से अर्जित किए हुये संपत्ति का पता लगाने तथा इन गिरोहों के विरूद्ध ठोस कार्रवाई करने के संदर्भ में पुलिस मुख्यालय के द्वारा दिये गये आदेश के निमित गुप्त सूचना के आधार पर 30.08.2023 को एटीएस के द्वारा सत्यम कुमार, उम्र 23 वर्ष, पता - कायस्थ टोला कॉलेज गेट थाना सदर, जिला सहरसा को डोरण्डा (राँची) थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्त रूद्रा महतो गिरोह के सरगना रंजन कुमार सिंह (रामगढ़ के पतरातू थाना काण्ड सं0-151 / 2023 दिनांक 18.08.2023 धारा 385 / 387 / 120बी भादवि में जेल में बंद) एवं इस गिरोह के सदस्य अभिमन्यू साहू के कहने पर गिरोह के सदस्यों के लिए हथियार एवं कारतूस उपलब्ध कराता था। गिरफ्तारी के उपरांत उक्त अभियुक्त के पास से 7.65 एमएम का 20 अदद जिंदा कारतूस, मोबाईल एवं अन्य संदिग्ध कागजात बरामद हुए हैं, जिसकी जाँच की जा रही है। पूछताछ के क्रम में उक्त अभियुक्त ने यह जानकारी दी है कि जप्त कारतूस के लिए अभिमन्यू साहू, सा0 चमातू थाना - बालूमाथ, जिला लातेहार के द्वारा इसे 82 हजार 05 सौ रूपये इसे ऑनलाईन उपलब्ध कराया गया था। उपरोक्त संदर्भ में यह जानकारी प्राप्त हुई है कि जप्त किये गये कारतूस के माध्यम से रूद्रा महतो गिरोह के सदस्यों के द्वारा व्यापारियों एवं उद्योगपतियों में भय आतंक एवं दहशत का माहौल बनाकर रंगदारी की वसूली की योजना बनायी गई थी। उक्त अभियुक्त के विरूद्ध एटीएस थाना काण्ड सं0-11 / 2023 दिनांक 31.08. 2023 धारा 25 (1-बी) ए / 35 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है।

## तुलसी साहित्य के अन्यतम अध्येता : फादर कामिल बुल्के

> **तैसेहिं सुकबि कबित बुध कहहीं।**
> **उपजहिं अनत अनत छबि लहहीं।।**

**बिनोद सिंह गहरवार**

की युक्ति को अक्षरशः चरितार्थ करने वाले, सामाजिक,सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संस्कृति के अलौकिक अग्रदूत,रामचरित मानस के अन्यतम अध्येता,गोस्वामी तुलसीदास एवं महर्षि वाल्मीकी के आदर्शों को इस धरा-धाम पर प्रसारित-प्रचारित करने वाले सिद्धहस्त लेखक तथा सर्वधर्म समभाव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने वाले सच्चे सुचेता,हिन्दी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार फादर कमिल बुल्के का जन्म एक सितंबर, 1909 को बेल्जियम के रम्सकपैल गाँव में भले ही हुआ था पर उनको लोक प्रसिद्धी भारत में मिली।

सच पूछे तो वे एक शिक्षक के रूप में ईसाई धर्म के प्रचार प्रसार के लिए भारत आए थे। पर हिंदी की दिव्यता और रामचरितमानस की पवित्रता से इतना प्रभावित हुए कि सब कुछ छोड़कर मीरा की तरह पायोजी मैंने राम रतन धन पायो का अनुशीलन कर विज्ञान के शिक्षक होकर भी हिंदी से प्रेम करने लगे। उनका हिंदी प्रेम इतना परवान चढ़ा कि 1947 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में एम0ए0 फिर वही से माता प्रसाद गुप्त के मार्गदर्शन में 1949 में राम कथा के विकास विषय पर पी एचडी किये जो बाद में राम कथा उत्पत्तिः और विकास किताब के रूप में चर्चित हुई। इसके बाद तो वे राम कथा में इतना रम गए कि... तुलसी सर नाम गुलामु है राम को

जाको रुचे सो कहै कछु कोऊ
मांगि के खैबो मसीत को सोइबो
लैवे को एकु न देवै को दोऊ

के मंगल पथ के मंगल पथिक बन राम कथा, मुक्तिदाता तथा मानस कौमुदी जैसी पुस्तकों की रचना की।अंग्रेजी हिन्दी कोश हिन्दी साहित्य को उनकी अनुपम देन है।

फादर बुल्के के हृदय में रामचरित मानस के प्रति अथाह सागर उमड़ता रहता था,जो आज भी हिन्दी साहित्यानुरागियों के लिए चरणामृत का काम कर रहा है।उसका पान कर आज भी लोग धन्य- धन्य हो रहे हैं।

उनके महान व्यक्तित्व और कृतित्व को पढ़ने के बाद ऐसा लगता है कि,जो संकल्प,अटूट, निष्ठा और निस्वार्थ समर्पण तुलसी दास जी के हृदय में राम के लिए थी,वही निष्ठा फादर बुल्के के हृदय में रामचरित मानस के लिए थी....

हम चाकर रघुवीर के, पटौ लिखो दरबार।
अब तुलसी का होहिगे, नर के मनसबदार।।

अर्थात,अगर चाकरी हीं करनी है,तो रघुनाथ की करनी है,किसी और की नहीं।ठीक यही स्थिति फादर बुल्के के साथ थी।उन्हें भी समस्त मानवता की सेवा राम चरित मानस के माध्यम से जीवनपर्यंत करनी थी।इसलिए वे धर्म के संकरे चारदीवारी से बाहर निकल, परहित सरिस धर्म नहीं भाईको अपनाया जो रामचरित मानस का बीज मंत्र है।वो ये मान कर चले कि परमार्थ रामचरित मानस के बिना नहीं किया जा सकता,बात भी सही है..

## धूमधाम से मनाया गया रक्षा बंधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** । गुरुवार को भाई बहन के अटूट बंधन के प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर बहने अपने भाईयों को रक्षा सूत्र बांधकर लंबी आयु की कामना की और भाई भी अपनी बहन की रक्षा के लिए संकल्प लिया।

## ट्रैफिक एसपी ने तीन ट्रैफिक पुलिसकर्मी को किया सस्पेंड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमॉ को यह जानकारी मिली थी कि उर्दू लाइब्रेरी के नजदीक वूल हाउस पोस्ट के पास आने जाने वाले माल वाहक वाहनों से पैसे की वसूली होती है,इसकी कुछ इनपुट भी उन्हें उपलब्ध कराया गया।इसके बाद एएसआई शशि केरकेट्टा, हवलदार संतोष कुमार सिंह और मो.असलम परवेज से लिखित स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। वहीं इन स्थानों पर दूसरे पुलिस कर्मियों को योगदान देने से संबंधित आदेश जारी किया करने की बात कही गई है। बुधवार को रांची की उर्दू लाइब्रेरी और वूल हाउस पोस्ट में तैनात तीन ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का रिश्वत लेने के मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है।



## एचइसी के 1623 ठेका कर्मी एक सितंबर से हो जाएंगे बेरोजगार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एचईसी के 1623 ठेका कर्मियों की नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है। सूत्रों की मानें तो एक सितंबर से ठेका कर्मियों का कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो जाएगा। जिस कंपनी के तहत ठेका कर्मी एचईसी में इनरोल हैं, उस कंपनी ने आगे काम लेने से इंकार कर दिया है। कंपनी की आर्थिक स्थिति को देखते हुई कोई नई कंपनी भी नहीं आ रही है। ऐसे में करीब 1623 ठेका कर्मी एक साथ बेरोजगार हो जाएंगे। एचईसी द्वारा 18 माह से ठेका कर्मियों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। पीएफ और ईएसआई के खाते में पैसा नहीं जमा किया जा रहा है। ठेका कर्मी चिकित्सा सुविधा से भी वंचित हो जाएंगे।एचईसी में अभी



कुल 2776 कर्मी कार्यरत हैं। इसमें 1153 स्थायी कर्मी हैं। इसमें अफसर की संख्या 500 है। 625 वर्कर और 625 सुपरवाइजर हैं। वहीं 1623 ठेका कर्मी हैं। ठेका कर्मियों ने नौकरी के संकट को देखते हुए मैनेजमेंट के आला अफसरों से बात करने और आगे की रणनीतिक तैयार करने का निर्णय लिया है।

## डुमरी उपचुनाव में ओवैसी के चुनावी सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे ओवैसी पर देशद्रोह का मुकदमा चले : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** आज सांसद कार्यालय में रांची के सांसद संजय से द्वारा एक प्रेस बात आयोजित की गई डुमरी उपचुनाव में ओवैसी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए इस पर सांसद संजय सेठ ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी कड़ी शब्दों में निंदा की है सांसद सेठ ने कहां ओवैसी की सभा में एक विशेष समुदाय के लोग झुंड बनाकर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा लगाते रहे और ओवैसी मूकदर्शक बने रहे ओवैसी संविधान की बात तो करते हैं परंतु संविधान को मानते नहीं हुए पूरे देश में सरिया कानून चलाना चाहते हैं ओवैसी ने क्यों नहीं उन लड़कों को गिरफ्तार कराया क्यों नहीं थाने में आपत्ति दर्ज कराई झारखंड की पुलिस क्या कर रही थी झारखंड की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं की और अभी तक किसी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई यह तुष्टीकरण की राजनीति नहीं चलेगी यह झारखंड में पहली घटना नहीं है झारखंड में ऐसे कई घटनाएं घट चुकी है मोहर्रम के जुलूस में भी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए सरकार ने क्यों एक्शन नहीं लिया सांसद सेठ ने कहा यह एक सोची समझी साजिश का हिस्सा हैसंथाल में जिस तरह बांग्लादेशियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है उसका यह परिणाम है चुनाव आयोग से मांग करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा ऐसे लोगों पर नजर रखे और फास्ट ट्रैक कोड बनाकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर देशद्रोह का मुकदमा चल ऐसे लोगों को भारत में रहने का अधिकार नहीं है जो पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाते हो रांची के अंदर भी कुछ दिन पूर्व एक साजिश के तहत दंगा कराया गया हनुमान मंदिर में हजारों उपद्रवियों द्वारा तोड़फोड़ की गई।

## अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद ने संस्कृत दिवस धूमधाम से मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आज अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में स्थानीय संस्कृत महाविद्यालय, किशोरगंज, रांची के सभागार में संस्कृत दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राम नारायण पंडित, विशिष्ट अतिथि संस्कृत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ0 शैलेश कुमार मिश्र, प्रसिद्ध समाजसेवी सह निवर्तमान वार्ड 26 के पार्षद अरूण कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं मां जानकी के चित्र पर माल्यार्पण कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शुभारंभ में सामूहिक रूप से जय जय भैरवी असुर भयाउनि , पशुपति भामिनी माया। तत्पशचात अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष अमरनाथ नाथ झा ने स्वागत भाषण दिये , जबकि सभी आगंतुकों का स्वागत सह मंच का संचालन अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद, झारखंड प्रदेश के महासचिव अजय झा ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सह विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा, बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष जयंत कुमार झा, कोशी सी0मि0मै0मंच के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार झा, डॉश सत्य प्रकाश मिश्र, राष्ट्रीय युवा मैथिली मंच के अध्यक्ष अवधेश कुमार ठाकुर, आशुतोष द्विवेदी ने संस्कृत भाषा को बोलने एवं भाषा बचाने पर विचार दिए।

विशिष्ट अतिथि संस्कृत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ0 शैलेश कुमार मिश्र ने झारखंड में संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना की बात कहे। समाजसेवी सह निवर्तमान वार्ड 26 के पार्षद अरूण कुमार झा ने मैट्रिक बोर्ड में संस्कृत विषय को अनिवार्य करने के लिए कहा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृत महाविद्यालय किशोरगंज, रांची के प्राचार्य डॉ0 राम नारायण पंडित ने प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर विधालय में संस्कृत विषय को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए जिससे प्रारम्भिक शिक्षा से ही संस्कृत भाषा पर छात्र - छात्रों की प्रति जागरूक होगी।

## वामदलों की घोषणा एचईसी बचाने का, संघर्ष तेज होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वामदलों ने रांची में अवस्थित प्रतिष्ठित उधोग भारी अभियंत्रण निगम (एचईसी) को बचाने के लिए आंदोलन को तेज किए जाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय आज माकपा राज्य कार्यालय में आयोजित वामदलों की संयुक्त बैठक में लिया गया।बैठक की अध्यक्षता हलधर महतो ने की। केंद्रीय भारी अभियंत्रण उधोग मंत्रालय के मंत्री द्वारा एचईसी के बारे में यह कहना कि केंद्र कोई सहायता नहीं करेगा बल्कि एचईसी को स्वयं पूंजी जुटाने का काम करना होगा। वामदलों ने केंद्रीय मंत्री के इस गैर जिम्मेदाराना बयान की कड़ी निंदा की है।एक तरफ मिशन चंद्रयान - 3 की सफल लांचिंग पर जिसमें एचईसी के मजदूरों और इंजीनियरों की भी एक बड़ी भूमिका है उन्हें बधाई देने के बजाय इसी केंद्रीय मंत्री ने नासमझी से भरा एक और बयान दे दिया कि चंद्रयान - 3 की लांचिंग में एचईसी की कोई भूमिका नही है।

ऐसे नासमझ केंद्रीय मंत्री से क्या उम्मीद रखी जा सकती है कि वो एचईसी के पुनरुद्धार के संबंध में कोई ठोस कदम उठाएंगे। वामदलों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि इस राष्ट्रीय धरोहर को बचाने के लिए वे आगे आएं।

बैठक में सीपीएम के प्रकाश विप्लव, समीर दास, प्रफुल्ल लिंडा, अमल आजाद, सीपीआई के महेंद्र पाठक, पी. के. पांडे, अजय सिंह, भाकपा माले के मनोज भक्त, विनोद आहरी, मासस के हलधर महतो , सुशांतो मुखर्जी के अलावा एटक के राज्य महासचिव अशोक यादव, हटिया कामगार युनियन के लालदेव सिंह, सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिंह शामिल थे।

### रक्षाबंधन पर्व अखंड जप व भावभरा युग गायन- संकीर्तन मनाए

**रांची :** श्रावण शुक्ल पूर्णिमा सह पावन रक्षाबंधन पर्व में शामिल साधक- शिष्यगण अपनी शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, मंडल इकाई और आनलाइन प्रतिनिधित्व में चौबीस घंटे का अखण्ड सामूहिक जप अनुष्ठान में शामिल हुए।मंडल प्रतिनिधित्व में भाई-बहनों ने एक दूसरे को शक्तिस्वरूपा बहिनों और देवतुल्य भाईयों के रूप में उद्बोधन कर 31अगस्त 2023 गुरुवार को श्रावण शुक्ल पूर्णिमा सह पावन रक्षाबंधन पर्व सोल्लास मनाए। आनलाइन पूरबी प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पिछले कई वर्षों से चल रही हम सबकी मासिक साधना का विशेष पर्व है ।

## छह वर्षीय कायरा ने बेजुबान जानवरों को रक्षा सूत्र बांध कर पेश की मिसाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बेजुबानों जानवर के साथ क्रूरता की ख़बरें आए दिन सुनते और पढ़ते हैं जो हमें विचलित करता है।कई लोग बेजुबानों जानवरों को पत्थर, लाठी, रॉड से मारते है ,तो कोई लोग कुत्ते घर के सामने न बैठें इसलिए गर्म पानी से उन्हें चोटिल कर देते हैं । कई बार इन जानवरों की जान तेज़ रफ़्तार से दौड़ती गाड़ियों की चलते चली जाती है ,या तो कई चोटिल होकर सड़कों पर ही पड़े रह जाते हैं । ऐसा नहीं है कि संविधान में इनके लिए जगह



नहीं है बल्कि इसके बारे में लोगों को जानकारी नहीं है । इसके बावजूद बेजुबान जानवरों के साथ क्रूरता की घटनाएँ कम नहीं हो रही है ,ऐसे समय में झारखंड राँची की रहने वाली छह वर्षीय कायरा मिश्रा रक्षा बंधन के दिन समाज के लिए मिसाल पेश कर लोगों को ऐसा करने के लिए प्रेरित की।

राँची के संत माइकल स्कूल में दूसरी कक्षा की छात्रा है कायरा मिश्रा,जिन्होने रक्षा बंधन में अपने भाइयों को तो रक्षा सूत्र बाँधा ही साथ ही साथ अपने पालतू जानवर और बाहर के आवारा जानवरों को भी रक्षा सूत्र बाँधा ,कायरा का जानवरों के प्रति यह प्यार ,अपने परिवार वालों से मिला है । कायरा मिश्रा के घर में यह सब जानवर रैस्क्यूड है ,जो पहले बहुत ही बुरी स्थिति लाए गए थे पर आज इन सबका एक परिवार है।

## रिसालदार बाबा दरगाह चुनाव तीन सितंबर को, पहचान पत्र वितरण शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** करीब 12 सालों बाद तीन वर्षीय रिसालदार बाबा दरगाह कमेटी का चुनाव तीन सितंबर को होने जा रहा है। इस बार कमेटी में 16 पदों के लिए कुल 39 उम्मीदवारों को 138 मतदाताओं के द्वारा चुना जायेगा। इस चुनाव में दो टीमें टीम खिदमत और टीम कुतुब मैदान में अपने अपने एजेंडे लेकर 138 मतदाताओं को विश्वास दिलाने में जुटे हुए हैं।

**टीम खिदमत:**अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अयूब गद्दी, सचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन , उपाध्यक्ष बिलाल अहमद , सह सचिव जुल्फिकार उर्फ भुट्टो , सह सचिव मोहम्मद सदीक , कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन राज, कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अनीश गद्दी, आफताब आलम, अब्दुल खालिक ,एजाज गद्दी ,मोहम्मद नज्जू, शम्मी अख्तर, समसूल होदा,मोहम्मद रिजवान उर्फ राजा आदि शामिल हैं।

**टीम कुतुब:**अध्यक्ष पद के उमीदवार सोहेल अख्तर गब्बर, महासचिव मोहम्मद फारूक, जाकिर हुसैन उपाध्यक्ष, हाजी मुख्तार उपाध्यक्ष, कफील गद्दी कोषाध्यक्ष, शोएब



अंसारी उपसचिव, अली अहमद उप सचिव, कार्यकारिणी के उम्मीदवारों में आसिफ नईम, मोहम्मद गुलाम ख्वाजा, शाहिद आलम, साजिद उमर, मोहम्मद शहजाद बबलू, नसीम उल हक, महबूब हुसैन, शादाब अहमद, मोहम्मद फारूक मौजूद थे।

**कौन है रिजवान:** डोरंडा क्षेत्र स्थित मणिटोला निवासी मरहूम मुजफ्फर हुसैन व मां महरुमा आयशा खातून के सुपुत्र रिजवान हुसैन उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं। इसकी पत्नी जमीला खातून रांची नगर निगम के वार्ड संख्या 49 की निवर्तमान पार्षद हैं।रिजवान पीड़ितों और जरूरतमंदों की सेवा करना उनकी दिनचर्या में शुमार है। समाज सेवा के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। रिजवान हुसैन की प्रारंभिक शिक्षा डोरंडा स्थित सेठ सीताराम हाई स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की । सर्वधर्म समभाव के सिद्धांतों को आत्मसात कर रिजवान अपने कर्तव्य पथ पर सदैव अग्रसर हैं।मोहल्ले के कई विवादों को सुलझाने में भी रिजवान हुसैन की भूमिका सराहनीय रही है।

## टैक्स डिफॉल्टर और ओवरलोडेड वाहनों की जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची श्री प्रवीण प्रकाश द्वारा रांची जिला के विभिन्न क्षेत्रों में समय समय पर लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। आज दिनांक 30 अगस्त 2023 को रामपुर और टाटीसिल्वे क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना परमिट, प्रदूषण प्रमाण, बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, सवारी गाड़ी में क्षमता से अधिक यात्री बैठाने एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों की जाँच जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा की गई।

### 113 वाहनों की जांच, 10 वाहनों से वसूला गया 01 लाख 58 हजार 650 रुपये का जुर्माना

वाहन जांच के दौरान कुल 113 वाहनों की जाँच की गई। कार्यालय कर्मियों द्वारा बारी-बारी से सभी वाहनों के दस्तावेजों की जाँच की गई, जिसमें 10 वाहनों के कागजात सही नहीं पाए गए। कुल 10 वाहनों (मालवाहक वाहनों, दो पहिया ) से 1 लाख 58ह?ार 650 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### 03 वाहनों को किया गया जब्त

वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 03 वाहनों को थाने में सुरक्षार्थ रखा गया है।

### जारी रहेगी जांच, कागजात दुरुस्त रखें : डीटीओ

जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वाहनों की जाँच जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों/चालकों से अनुरोध किया है कि वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं एवं वाहन संबंधित सभी कागजात अद्यतन रखें।

## भारतीय वायु सेना द्वारा मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए भर्ती रैली आयोजित की जाएगी

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय वायु सेना के द्वारा अहर्ता पूर्ण करने वाले झारखण्ड के उम्मीदवारों के लिए 15 और 18 सितंबर 2023 को मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड के लिए एयरमैन भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना के बैरकपुर में स्थित भारतीय वायु सेना स्टेशन में आयोजित भर्ती रैली में शामिल हो सकते है।15 सितंबर से शुरू होने वाले पहले चक्र में, 26 दिसंबर 2002 और 26 दिसंबर 2006 के बीच जन्मे अविवाहित अभ्यर्थी,जिन्होंने 10+2 की परीक्षा भौतिकी,रसायन विज्ञान,जीव विज्ञान व अंग्रेजी विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण किया है वे शामिल हो सकते हैं।वहीं 18 सितंबर को होने वाले रैली के अंतिम चक्र में 26 दिसंबर 1999 और 26 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे अविवाहित अभ्यर्थी अथवा 26 दिसंबर 1999 से 26 दिसंबर 2002 के बीच जन्मे विवाहित अभ्यर्थी जिन्होंने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से फार्मेसी में डिप्लोमा या डिग्री न्यूनतम 50 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण किया है वे शामिल हो सकते हैं।इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग का समय सुबह के 6:00 से सुबह के 10:00 बजे तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार www.airmenselection.cdac.in पर जाकर जानकारी हासिल कर सकते है।

## ईआरएमयू की बैठक में नलहटी से गुमानी तक कार्यरत कर्मचारियों की समस्या पर विस्तार पूर्वक चर्चा

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा को मिली बड़ी सफलता।पाकुड़ में कार्यरत रेलवे कर्मियों को लेकर रेल प्रशासन चिकित्सा सुविधा करेगा सुनिश्चित। ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा के अध्यक्ष कामरेड अखिलेश चौबे एवं शाखा सचिव कामरेड संजय कुमार ओझा ने मंडल कार्यालय में 29 .8.23 से 30 .8 . 23 तक चलने वाली त्रैमासिक पीएनएम बैठक में भाग लिया।

शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ने बताया कि मंडल प्रबंधक हावड़ा संजीव कुमार सहित सभी वरिष्ठ मंडल अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में नलहटी से गुमानी तक कार्यरत अलग-अलग विभाग के कर्मचारियों की समस्या पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।पाकुड़ में विद्युत विभाग (सामान्य) में कर्मचारियों की कमी एवं गुमानी से नलहटी तक के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग में कर्मचारियों की कमी एवं उनके लिए रेनकोट, विंटर जैकेट,जूता आदि उपलब्ध करने हेतु,नलहटी छात्र,राजग्राम के पोर्टर की ड्यूटी को 12 घंटा से घटकर आठ घंटा करने, जॉब एनालिसिस करवाने के लिए,कोटल पोखर गेट नंबर 42/सी में कार्यरत गेटमैन की ड्यूटी को 12 घंटा से घटकर 8 घंटा करने हेतु,नलहटी यार्ड में पथ-वे एवं लाइट की व्यवस्था करवाने,नलहटी से गुमानी तक सभी इंजीनियरिंग गेट को स्पेशल क्लास में करते हुए उनकी ड्यूटी को 12 घंटा से घटकर 8 घंटा करने ,सभी गैंग में टूलबॉक्स एवं गैंगहॉट का निर्माण सहित अनेक विषयों पर चर्चा की गई।

सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों ने विषय की गंभीरता को स्वीकार करते हुए यथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया ।साथ ही यह भी कहा कि अगली बैठक से पहले हम कई समस्याओं का समाधान कर चुके होंगे।शाखा सचिव संजय कुमार ओझा ने बताया कि पाकुड़ शाखा सहित हमारे रेलवे कर्मचारियों के लिए काफी हर्ष का विषय है कि पाकुड़ में कम्युनिटी हॉल के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है,इसे लेकर 2.5 करोड रुपए का फंड भी आवंटित हो चुका है,इस चिरलंबित मांग का पूरा होना पाकुड़ शाखा की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

पाकुड़ शाखा द्वारा इस क्षेत्र के कर्मचारी हेतु चिकित्सा सुविधा बहाल करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था।इसमें भी बहुत बड़ी सफलता मिली हैद्यवर्तमान मंडल प्रबंधक, हावड़ा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी हावड़ा तथा मुख्य कार्मिक पदाधिकारी हावड़ा ने बताया कि पूर्व मंडल प्रबंधक हावड़ा मनीष जैन ने इस बाबत लगभग सारी प्रक्रिया पूरी कर दी है ।

यथाशीघ्र पाकुड़ में या तो रेलवे अस्पताल का निर्माण होगा अथवा यूनियन द्वारा प्रस्तावित किसी निजी अस्पताल को संबंध करने पर शीघ्र निर्णय लेकर समाधान कर दिया जाएगा द्य ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा स्थानीय स्तर की समस्या का समाधान स्थानीय पदाधिकारी के संज्ञान में लाकर एवं बड़ी समस्या को उच्चतम स्तर पर लाकर समाधान करने का सार्थक प्रयास लगातार कर रही है द्य पाकुड़ एवं राजग्राम में कार्यरत शटिंग स्टाफ हेतु सेंटिंग भट्ट दिए जाने हेतु किया जाने वाला प्रस्ताव कुछ तकनीकी करण से सफल नहीं हो पा रहा है।इसे लेकर आसनसोल एवं धनबाद मंडल से नियमावली मंगाकर जल्द समाधान किया जाएगा ।

## हिरणपुर में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन

**हिरणपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। शुभ घड़ी में बहनें अपने भाइयों के माथे पर चंदन, तिलक लगाकर आरती उतारी और फिर कलाई में राखी बांध कर दीर्घायु की कामना की। इसके बदले में भाईयों ने बहनों को आजीवन सुरक्षा का वचन दिया।क्षेत्र में हर्षोल्लास माहौल में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।बाजारों में जगह-जगह सजी राखी एवं मिठाई की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। रक्षाबंधन के अवसर भाइयों ने नगदी, वस्त्र, आभूषण इत्यादि उपहार देकर बहन की रक्षा का संकल्प लिया। वहीं पुरोहितों और पुजारियों के द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हे बच्चियां एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्राओं ने हिरणपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि एवं अन्य पुलिस कर्मियों व पत्रकार के कलाई पर राखी बांधकर दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। मौके पर प्राचार्य बापिन दास, छोटन दत्ता, संजय साहा, टुंपा दास, अंकित साहा आदि मौजूद थे।

## लिट्टीपाड़ा की छात्राओं ने पुलिस जवानों को बांधी राखी, कहा भैया आपकी बहना हमेशा साथ है

**लिट्टीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाई-बहन का प्यार का पर्व रक्षाबंधन प्रखंड सहित ग्रामीण इलाकों में पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।रक्षाबंधन को लेकर बहनें अपने भाइयों की कलाई में राखी बंधने के लिए सुबह से ही तैयारी में जुट गई थी।अहले सुबह स्नान कर बहन ने भाई की कलाई में राखी बांध जिंदगी भर रक्षा करने का वचन लिया। वही भाइयों ने भी अपने बहनों को उपहार दिया। रक्षाबंधन के अवसर पर सनराइज अकादमी पब्लिक स्कूल लिट्टीपाड़ा की छात्राओं ने थाना पहुंचकर कर पुलिस कर्मियों एवं अधिकारियों को राखी बांधी। छात्रों ने बताया कि पुलिसकर्मी 24 घंटे ड्यूटी में तैनात रहते है। ड्यूटी के दौरान वे अपने घर परिवार से काफी दूर रह रहे है। इसी को लेकर हमलोगों द्वारा हमारे साथ साथ समाज के रक्षक पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों को राखी बांधी गई।हम बहना भाईयों का हमेशा साथ हैं और आगे भी साथ रहेंगे। इससे पूर्व थाना प्रभारी अरुणिमा बागे ने स्कूली छात्राओं से परिचय प्राप्त किया। थाना प्रभारी ने सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने को कहा। मौके पर हरेराम यादव, संजय ठाकुर उपस्थित थे.

# रक्षाबंधन त्यौहार की समाप्ति के साथ ही आम्रेश्वर धाम में पवित्र श्रावणी के कार्यक्रम का समापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आम्रेश्वर धाम के श्रावणी मेले में आज दर्शनार्थियों सहित अन्य लोगों की भारी भीड़ उमड़ पडी। झारखंड का मिनी बाबा धाम के रुप में प्रसिद्ध आम्रेश्वर धाम,खूंटी में रक्षाबंधन का त्यौहार की समाप्ति के साथ ही पवित्र श्रावणी के कार्यक्रमों का समापन हो गया। प्रबंधन समिति के अनुसार श्रावण मास के अंतिम दिवस को आम्रेश्वर धाम के श्रावणी मेले में महिला-पुरुषों श्रद्धालुओं सहित 2,00000 (दो लाख) से अधिक लोग श्रावणी मेले में पहुंचे। इसमें भोले शंकर पर जलाभिषेक करने वालों की संख्या लगभग 15,000 थी। मेला 01 सितम्बर तक रहेगा। दो महीने से चल रहे श्रावणी मेले के मद्देनजर जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में आम्रेश्वर धाम सहित मेला परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधा, विधि व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। धाम परिसर में पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। पुलिस पिकेट बनाया गया था। साथ ही दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। तैनात पुलिस बल के महिला-पुरुष के जवान और प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य श्रावणी मेले के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के क्रम में लागातार सक्रिय रहे। धाम परिसर में संभावित घटना पर नजर रखने के लिए कई सीसी टीवी कैमरे लगे थे। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, खूंटी द्वारा प्रत्येक रविवार व सोमवार को एलईडी वैन के माध्यम से भोले नाथ का श्रृंगार पूजा एवं शिव भक्तों द्वारा जलाभिषेक का एलईडी वैन के माध्यम से लाइव प्रदर्शन किया जाता रहा। साथ ही धाम परिसर में प्रतिदिन लोगों को प्रभावशाली रूप से सरकारी योजनाओं एवं जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी दी जाती रही। 4 जुलाई से प्रारंभ श्रावणी मेले में प्रसाद, फूल-माला सहित अन्य सभी तरह की दुकानें सजी हैं। मेले में खूंटी, रांची सहित अन्य जिले के अलावा बिहार से दुकानदार आये हैं। मेला 01 सितम्बर तक रहेगा। रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था- अंगराबाड़ी में दो माह तक चलने वाले श्रावणी में विद्युत विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनई नदी से लेकर धाम परिसर व इसके आसपास विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं पर्याप्त लाईट की व्यवस्था गई थी। शाम होते ही धाम परिसर रंग-बिरंगी विद्युत बल्बों की सजावट से जगमगा उठती है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा आम्रेश्वर घाम परिसर में तमाम आवश्यक व्यवस्था की गई। मेले में लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कई सीसी टीवी कैमरे लगाये गए थे।

## सांसद व डीसी ने छह सौ बच्चों के बीच सोलर लैंप का किया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अमड़ापाड़ा :** अंचल क्षेत्र के आलूबेड़ा फुटबॉल मैदान पर गुरुवार को जिला प्रशासन एवं बीजीआर माइनिंग के सहयोग से सीएसआर के तहत पीवीटीजी के बच्चों के बीच सोलर लैम्प का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा, उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बर्णवाल शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान प्रमुख जुहीप्रिया मरांडी, मुखिया सरिता मरांडी ने सांसद, डीसी, बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी सहित अन्य अतिथियों के कलाई पर राखी बांधा। पचुवाड़ा नार्थ कोल ब्लॉक अंतर्गत संचालित कोयला कंपनी बीजीआर के द्वारा सीएसआर के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सजनीपाड़ा व पाडेरकोला, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खांडोकाटा, प्रा वि. प्रखंड कॉलोनी, प्रा वि .बाँधकोई, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पहाड़िया आवासीय विद्यालय डूमरचिर, पहाड़िया आवासीय विद्यालय कुंजबोना के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच सोलर लैम्प का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद विजय हांसदा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर में बिजली जिला प्रशासन और कोल कंपनी के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। बच्चे अंधेरे में ना पढ़ाई करें इसको लेकर कंपनी के द्वारा सोलर लैंप का वितरण माइनिंग क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों के बच्चों के बीच किया गया है। बच्चे सोलर लाइट से पढ़ाई कर अपना भविष्य उज्जवल बनाएं। उपायुक्त ने स्कूली बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि मेहनत कर आप अपने पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य का नाम रौशन करें। उपायुक्त ने कहा कि सुविधाएं कम या ज्यादा हो सकती हैं लेकिन मेहनत में कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोयला के माइनिंग के रॉयल्टी से डीएमएफटी का फंड आता है।

# दो एकड़ भूमि में लगे वृक्षारोपण योजना की 214 पेड़ों को काट डाला

**अबुल काशिम@प्रभात मंत्र**

पाकुड़। मनरेगा के वृक्षारोपण योजना में असामाजिक तत्वों की नजर पड़ गई है। गांव में हरियाली लाने की सरकार के उद्देश्य को नाकाम करने की कोशिश की जा रही है। सदर प्रखंड अंतर्गत रामचंद्रपुर पंचायत में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। पंचायत के राधानगर मौजा स्थित बागवानी की दो योजना में लगे फलदार और छायादार पेड़ों को रात के अंधेरे में काट दिया गया। दोनों योजना को मिलाकर 214 पेड़ लगे थे। असामाजिक तत्वों की इस हरकत से हर कोई हैरान हैं। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि इस तरह की हरकत कैसे कर सकते हैं। आखिर असामाजिक तत्वों को पर्यावरण संरक्षण के लिए चल रही सरकारी योजना से क्या दुश्मनी हो सकती है। मिली जानकारी के मुताबिक रामचंद्रपुर पंचायत के राधानगर मौजा स्थित साहेब शेख एवं रेहान शेख के एक-एक एकड़ (कुल दो एकड़) भूमि में वृक्षारोपण की योजना चल रही है। जिसमें फलदार और छायादार पेड़ लगाए गए थे। पेड़ धीरे-धीरे बड़ी हो रही थी। लाभुक दिन-रात देख-रेख में लगे थे। लेकिन बुधवार को पता चला कि सारे पेड़ काट दिए गए हैं। यह खबर मिलते ही लाभुकों के पैर तले से जमीन खिसक गई। लाभुक अपने योजना स्थल पर पहुंचे। वहां का नजारा देखकर निराश हो गए।

दोनों को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि इस तरह की हरकत कौन कर सकता है। इधर पेड़ों के काटने की चर्चाओं ने गांव में जोर पकड़ लिया है। अब पंचायत में संचालित वृक्षारोपण की अन्य योजनाओं को लेकर भी लाभुकों की चिंताएं बढ़ गई है।



प्रशासन को ऐसे मामलों में कार्रवाई करने की जरूरत है। असामाजिक तत्वों की पहचान कर पर्यावरण से खिलवाड़ करने वालों को सबक सिखाना जरूरी है। यहीं लोग सरकार और प्रशासन के उद्देश्यों को नाकाम करने का प्रयास करते है। इधर मामले की जानकारी मिलते ही कनीय अभियंता सुमन कुमार और पंचायत सचिव (वतन कुमार) योजना स्थल पर पहुंचे। दोनों योजना का जायजा लिया। अभियंता और पंचायत सचिव ने हैरानी जताई।

### रसोई गैस की कीमतों में कटौती से गरीब व मध्यम वर्ग को मिलेगी राहत : हिसाबी राय

**पाकुड़ :** भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने रक्षाबंधन उपहार के रूप में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती और सब्सिडी के फैसले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। हिसाबी राय ने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। देश के 33 करोड़ एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर की कीमतों में 200 रुपए की कमी की गई है। एक गैस सिलेंडर 1100 की जगह अब 900 रुपए में मिलेंगे।उज्वला योजना के लाभार्थियों को मार्च 2023 में प्रदान की गई 200 रुपए की सब्सिडी के अलावा यह 200 रुपए की राहत मिलेगी।

## टेट सफल 300 सहायक अध्यापक 7 सितंबर को रांची आमरण अनशन में होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** प्रखंड के गढ़बाड़ी स्थित बीआरसी परिसर में गुरुवार को टेट सफल सहायक अध्यापकों की बैठक जिला सचिव मो0 कलीमुद्दीन की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत 22 अगस्त 2023 से राज भवन रांची के समक्ष चल रहे आमरण अनशन में भाग लेने के लिए आगामी 7 सितंबर 2023 को पाकुड़ जिले से करीब 300 टेट सफल सहायक अध्यापक रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में यह बात कही गई कि हम टेट सफल सहायक अध्यापकों की एक ही मांग है कि सिर्फ और सिर्फ वेतनमान मिलना चाहिए। जब तक वेतनमान नहीं मिल जाता है। तब तक यह आमरण अनशन जारी रहेगा। 10 दिनों के अंदर अगर सरकार वेतनमान नहीं देती है तो टेट सफल सहायक अध्यापक और ज्यादा उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में जिला सचिव मो. कलीमुद्दीन के अलावे चुन्नु साहा, मनोज प्रमाणिक, अरुण मंडल, विनोद साहा, संजीव साहा, गौरी साहा, इंद्रजीत मंडल, रास बिहारी दास, जहांगीर, फिरदौसी बेगम, दुवराज मरांडी, फाल्गुनी सिंह तथा जिला से आए ओम भारती, आदय आरसी, अबू ताहिर उपस्थित थे।



## एबीवीपी की कार्यकर्ताओं ने पुलिस जवानों एवं अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधकर मनाया रक्षाबंधन का पर्व

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकुड़ की कार्यकर्ताओं ने जिले के नगर थाना में तैनात जवानों एवं अधिकारियों के साथ रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया। कार्यकर्ताओं ने नगर थाना में तैनात जवानों एवं पाकुड़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं डीएसपी हेडक्कार्टर महोदय को भी रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घ आयु की कामना की । कार्यकर्ताओं ने जवानों को रक्षा सूत्र बांधते हुए बताया कि पुलिस के जवान सदैव आम नागरिकों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। उनकी सक्रियता के कारण नगर वासी भयमुक्त होकर जीवन यापन करते हैं। विद्यार्थी परिषद की छात्रा कार्यकर्ताओं ने रक्षा सूत्र बांधकर देश एवं राज्य की सुरक्षा में लगे सभी जवानों के मंगल जीवन, दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय संयोजक बम भोला उपाध्याय ने रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर सभी को ढेर शुभकामनाएँ ज्ञापित करते हुए कहा कि धागों के माध्यम से कलाइयों पर संबंधों का विश्वास बाँधने वाली समस्त बहनों और उनके भाईयों के बीच का स्नेह सदैव असंदिग्ध एवं आजीवन प्रगाढ़ रहने की कामना अभाविप करती है। इस अवसर पर रानी साहा , मनीषा कुमारी,नीलम कुमारी, शुभांगी गुप्ता,निशा कुमारी,नगर मंत्री प्रदीप मिश्रा, कालेज मंत्री दुलाल चंद्र दास, सानू दास एवं आनंद भंडारी उपस्थित रहे।



## टीवी कलाकार श्रीनाथ को बहनों ने बांधी कलाई में राखी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महेशपुर :** प्रखंड क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम के रिश्तों का त्यौहार रक्षाबंधन दो दिन मनाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी लेने पुरोहित ललित तिवारी ने बताया कि भद्रा नक्षत्र होने के कारण इस वर्ष रक्षाबंधन त्यौहार दो दिन मनाया जाएगा। इसी कड़ी में बुधवार को पाकुड़ में जाने माने टीवी कलाकार श्रीनाथ गोस्वामी की कलाई में उसकी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधा। रक्षा सूत्र बांधने के बाद श्रीनाथ गोस्वामी ने अपने बहनों को उपहार दिया। साथ ही हर मुसीबत से उसकी रक्षा करने का वचन दिया।

# भाईयों की कलाई पर बहनों ने बांधा रक्षासूत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** भाई-बहनों का पवित्र रिश्ता और अटूट विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। शहर और ग्रामीण इलाकों में रक्षाबंधन की धूम रही। हर तरफ खुशियां ही खुशियां थी। रक्षाबंधन की गीतों से माहौल खुशनुमा हो गया। इस पवित्र पर्व के दिन बहनों ने अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके लंबी उम्र की कामना की। भाईयों से बहनों ने जीवन भर रक्षा करने का वचन भी मांगा। भाईयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया। शहर में जहां रक्षाबंधन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं ग्रामीण इलाकों में भी रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। वहीं बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर राखी बांधी, तो भाईयों ने इस पर्व पर उनकी रक्षा और सहयोग के वचन के साथ उपहार भी दिया। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्यारी सी नन्हीं बहनों से टेटू एवं फैशन वाली राखियां अपनी नन्हीं कलाई पर बंधवाई और खूब मिठाई खाकर त्योहार का आनंद उठाया। उल्लेखनीय है कि पौराणिक काल से ही रक्षा बंधन त्योहार की परंपरा निरंतर चली आ रही है। मान्यता है कि देवराज इंद्र ने रक्षा सूत्र के सहारे ही असुरों को पराजित किया था। इसी रक्षा सूत्र से भाई बहनों के पवित्र रिश्तें का प्रतीक रक्षाबंधन शहर और ग्रामीण इलाकों में अपार उत्साह और विश्वास के साथ मनाया गया। भाई-बहनों के प्यार का प्रतीक रक्षाबंधन त्योहार पर बाजारों में भी भीड़ रही। राखी विक्रेताओं के साथ ही मिठाई की दुकानों और गिफ्ट शॉप से लेकर ज्वेलर्स और रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानों पर भी जमकर खरीदारी की गई।



## बीडीओ ने कस्तूरबा की छात्राओं के साथ मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** भाई-बहन के पवित्र प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार की खुशियों में शामिल होने से अधिकारी भी खुद को नहीं रोक पाए। प्रखंड विकास पदाधिकारी शफीक आलम कस्तूरबा की छात्राओं के साथ रक्षाबंधन की खुशियां बांटते देखे गए। उन्होंने शहर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचकर छात्राओं के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। कस्तूरबा की शिक्षिका और छात्राओं ने उन्हें राखी बांधी और लंबी उम्र की कामना करते हुए तिलक लगाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी शफीक आलम ने छात्राओं को आशीर्वचन दिया। इस पवित्र मौके पर छात्राओं ने मनमोहक रंगोलियां बनाई थी। विद्यालय परिसर में बनाई गई रंगोली प्रखंड विकास पदाधिकारी शफीक आलम को काफी पसंद आया और उन्होंने छात्राओं की प्रशंसा की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने रक्षाबंधन त्यौहार पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को अटूट बनाता है। भाई के लिए बहनें लंबी उम्र की कामना करती हैं। वहीं बहनों को भाईयों की ओर से ताउम्र रक्षा करने का वचन देता हैं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र अवसर पर मैं तमाम बहनों की रक्षा और खुशहाली की कामना करता हूं। जिले वासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देता हूं।



## रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने बांधी भाईयों की कलाईयों पर राखी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी में गुरुवार को भाई बहन के अटूट बंधन का त्योहार रक्षाबंधन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.इस वर्ष रक्षाबंधन का त्यौहार भद्रा के कारण दो तिथियां में बट गया ऐसे में कुछ लोगों ने 30 अगस्त की रात में भी त्यौहार मनाया वही अधिकतर लोगों ने 31 अगस्त को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया. बहनों ने भाईयों के माथे पर कुमकुम का टीका लगाया व उनकी कलाईयों पर राखी बांधकर भाईयों से अपनी रक्षा का वचन लिया.वहीं भाईयों ने बहनों को उपहार दिए.



## कांग्रेसी नेता अंसार खान को चित्रलेखा सिंह ने बांधी राखी, खान ने बहन को दिया आशीर्वाद

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेसी नेता अंसार खान को गोलमुरी न्यू केबल टाउन की रहने वाली उनके मुंह बोली बहन चित्रलेखा सिंह ने राखी बांधकर आशीर्वाद लिया। यह पहला मौका नहीं था जबकि अंसार खान अपनी बहन से राखी बनवाने आए थे, यह तीसरा मौका है। इस पवित्र रक्षाबंधन त्यौहार के संबंध में अंसार खान ने कहा कि बहन की सुरक्षा की जिम्मेदारी हर भाई को निभानी पड़ती है। इसमें धर्म जात और मजहब आड़े नहीं आते। अंसार खान ने कहा भाई और बहन चाहे हिंदू हो चाहे मुस्लिम हो चाहे सीख चाहे इसाई हो सभी धर्म के लोगों को आपस में बहन समझना चाहिए।



## साकची थाना परिसर शौचालय का हुआ उद्घाटन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवारक को साकची थाना परिसर स्थित सीसीआर बैरेक के पास जवानो हेतु सिक्स सीटर पक्का शौचालय का सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ,ट्रैफिक डीएसपी अनिमेष गुप्ता, प्रभात ठाकुर एवं अन्य लोग उपस्थित थे। सिक्स सीटर पक्का शौचालय में तीन स्नान घर और तीन शौचलय का निर्माण किया गया है जो पुलिस जवानों को समर्पित किया गया।

## विहिप के 59वें स्थापना दिवस पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा यज्ञ का शुभारंभ



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद के 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी की ओर से गम्हरिया लाल बिल्डिंग के समीप स्थित जगरधात्री मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का गुरुवार को श्रावणी पूर्णिमा के दिन शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रथम दिन प्रातःकाल में गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं समेत विहिप कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर कथावाचक के रूप में वृंदावन के प्रसिद्ध आचार्य अनुपानन्द जी महाराज को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष राजू चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन संध्या चार बजे से रात्रि आठ बजे तक आचार्य द्वारा प्रवचन दिया जाएगा। इसके आयोजन में विहिप धर्म प्रचारक भगवान सिंह, अजय मिश्रा, मिथिलेश महतो, संजय चौधरी, शीतल प्रसाद, उमाकांत महतो समेत सभी कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

## टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम का आयोजन



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत भवन कुकडु में टीबी मुक्त कार्यक्रम के तहत एलटीबीआई राजेंद्र प्रसाद वर्मा द्वारा एक जागरूक कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में टीबी के बारे में विस्तार से बताया गया। सरकार द्वारा हर क्षय रोगियों को दी जाने वाले आर्थिक एवम् दवाईयां की सुविधा का भी जानकारी दिए गए। मौके पर कुकडू पंचायत के मुखिया राधिका सिंह मुंडा, उपमुखिया मनोज कुमार, एसटीसी मीरा वाला देवी, एनटीईपी लक्ष्मण चंद्र साव, सीएचओ नितिन मिंज,डीपीओ फैजुल रहमान पीरामल भारती, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर हाराधन महतो,कुकडु पंचायत के वार्ड सदस्य, कुकडु पंचायत के सहिया साथी तथा ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

## केरा रांसीपत्ता में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित, डोमरा एफसी टीम बने विजेता



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर प्रखंड के केरा रांसीपत्ता में हर साल की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर जेजीविएस क्लब रांसीपत्ता के सौजन्य से दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके समापन समारोह में मुख्य अतिथि पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय सिंह गागराई थे। फाइनल मुकाबला डोमरा एफसी और यंग सोल्जर के बीच खेला गया। निर्धारित समय मे डोमरा एफसी टीम एक गोल दाग कर विजेता बना। इस अवसर पर कमेटी के संरक्षक -गोमेया गागराई, अध्यक्ष -गंगाराम गागराई, सचिव -दामु बांकिरा, कोषाध्यक्ष-कुंवर सिंह केराई, सदस्य -राजा बांकिरा,मुकुन बानरा, संतोष बोदरा,कोपितन बोदरा,बबलु मुखी,कुंवर सिंह बोदरा,लक्ष्मण सिजुई,विरसिंह गागराई,सेयु सामड,रासाय सामड,दामु गागराई समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड स्टेट बार काउंसिल चेयरमैन को वकीलों ने पत्र लिख पूछा चुनाव पर रोक क्यों?

## सुनील भौमिक व सुधीर पप्पू के नेतृत्व में चला हस्ताक्षर अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के वकीलों ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष को पत्र लिखकर पूछा है कि चुनाव क्यों रोक कर रखा गया है। किन कारणों से चुनाव नहीं कराया जा सकता है। जमशेदपुर बार एसोसिएशन के तकरीबन दो सौ से ज्यादा सदस्यों का संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र झारखंड राज्य बार काउंसिल के चेयरमैन को लिखा है और इसकी प्रतिलिपि तदर्थ समिति के अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय और जिला उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को सौंपी गई है। रेगुलर प्रैक्टिशनर वकीलों की ओर से बताया गया है कि जमशेदपुर में वकीलों द्वारा निर्वाचित कमेटी स्थायी रुप से कार्य करती रहती है परंतु पिछले चार साल से कमेटी अस्तित्व में नहीं है और चुनाव भी रुका हुआ है। यहां वकीलों को दिन प्रतिदिन कई प्रकार की अवस्था एवं परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है। वेलफेयर ट्रस्ट से मिलने वाला डेथ मेंबर्स फैमिली असिस्टेंस, अधिवक्ता के पहचान पत्र, फर्जी सदस्यों की बढ़ती संख्या, संस्था का आय व्यय जैसी समस्याएं गिनी जा सकती हैं। इन सारी समस्याओं को आम सभा के माध्यम से कार्य करने के समक्ष रखा जाता है जिससे समाधान का आसान रास्ता निकले। लेकिन जमशेदपुर बार में यह सारी व्यवस्थाएं बंद पड़ी हुई है। अधिवक्ता सुनील कुमार भौमिक एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाकर अधिवक्ताओं की भावनाओं परेशानियों से चेयरमैन को अवगत कराया गया है। अब यह देखना है कि चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत कब और कैसे की जाती है।

## बहनों ने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर की लंबी उम्र की कामना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** भाई-बहनों के रिश्ते का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन को लेकर गुरुवार की सुबह से ही पटमदा क्षेत्र के विभिन्न घरों में उत्सव मनाया गया। मौके पर बहनों ने अपने भाईयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांध उनके लम्बी आयु व स्वास्थ्य शरीर की कामना की तो भाईयों ने बहन की रक्षा का संकल्प लिया। बहनें विभिन्न परिधानों में सजकर भाईयों की आरती उतार कलाईयों पर राखी बांध मिठाइयां खिलाई तो बदले में भाईयों ने बहन को नकदी व



उपहार भेंट किया। बाजारों में बुधवार से ही राखी की खरीदारी को लेकर दुकानों में भीड़ देखी गई और गुरुवार की सुबह से मिठाई की दुकानों में खूब बिक्री हुई।

## मुसाबनी में आजाद समाज पार्टी अधिकार सम्मेलन आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** गुरुवार को मुसाबनी के भदिया में आज़ाद समाज पार्टी (का.) ज़िला टीम के द्वारा आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी, दलित, पिछड़े और मुसलमानो उपस्थित हुए। प्रोग्राम में मुख्य रूप से आज़ाद समाज पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी, भीम आर्मी के प्रदेश उपाद्यक्ष आकाश मुखी, आज़ाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तारिणी सेन मांझी, भीम आर्मी पश्चिम सिंहभीम के जिला अध्यक्ष बिपलव तांती, नईम खान, शकील खान, मुहम्मद गुलाम आदि उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए आकाश मुखी ने कहा कि झारखंड में आदिवासियों, दलितो, मुसलमानो और पिछड़ों पर अत्याचार जस की तस है, हेमन्त सरकार ने 4 साल गुजर जाने की बाद भी जनता के हित में कुछ नही किया। काशिफ़ रज़ा सिद्दीकी ने कहा कि सरकार कहने को तो सेक्युलर है पर सेकुलरिज्म इनके बर्ताव में दिखता नही, प्रदेश के दलित आदिवासी, पिछड़े, मुसलमान और आज भी यहां शिक्षा, रोज़गार और सुरक्षा से वंचित है। भाजपा का डर दिखा कर मुसलमानो से वोट लेने वाली कांग्रेस - झामुमो की सरकार,मॉब लीनचिग पर मौन क्यों है।

## हरित क्रांत, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल इकोनॉमी व टेक्नोलॉजी ट्रांसफॉर्मेशन होगा जी 20 का फोकस एरिया : पूर्व राजदूत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उच्च शिक्षा संस्थानों में सितंबर 2023 तक जी-20 थीम पर आधारित विशेष कार्यक्रम आयोजित की जा रही है. इसी कड़ी में बुधवार की देर शाम एक्सएलआरआइ में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय व रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज के सहयोग से जी 20 कनेक्ट का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्विट्जरलैंड, लिकटेंस्टीन, तुर्की



और मिस्र में भारत के पूर्व राजदूत संजय भट्टाचार्य मौजूद थे. उन्होंने बताया कि जी 20 शिखर सम्मेलन 2023 की थीम - वसुदेव कुटुम्बकम- एक विश्व, एक परिवार तय किया गया है. भारत के पूर्व राजदूत संजय भट्टाचार्य ने जी20 के गठन, इसकी अध्यक्षता में भारत की प्राथमिकताओं और इस वैश्विक संवाद में युवाओं की भूमिका के बारे में कहानी साझा की. इससे पूर्व एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने एक्सएलआरआइ के 75 वर्षो के गौरवपूर्ण इतिहास को साझा किया. भट्टाचार्य ने बताया कि ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी20) में 19 देश है। जी20 सदस्य देशों में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत , वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की लगभग दो-तिहाई आबादी है. श्री भट्टाचार्य ने बताया कि अब भारत एक ग्लोबल लीडर बनने की राह पर है. भट्टाचार्य ने कहा कि जी20 का फोकर एरिया में ग्रीन डेवलपमेंट, क्लाइमेट फिनांस, इन्क्लूसिव ग्रोथ, डिजिटल इकोनॉमी, पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही नारी सशक्तिकरण है.

## नेटवर्क की समस्या से परेशान हैं लच्छीपुर पंचायत के ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड अंतर्गत लच्छीपुर पंचायत के लच्छीपुर, नहचीबेड़ा, मुकरुडीह व चाड़रिकल गांव में मोबाइल का नेटवर्क सही तरीके से काम नहीं करने की वजह से ग्रामीण काफी परेशान हैं। इस संबंध में चारों गांव के लोगों ने बुधवार को लच्छीपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में बैठक करते हुए इस मुद्दे पर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करने का निर्णय लिया। लच्छीपुर निवासी गौरांगो महतो ने बताया कि पिछले करीब 6 माह से यह समस्या है। इसके कारण



इंटरनेट की बात तो दूर घर के अंदर से फोन पर बातचीत भी नहीं हो पाती है। उन्होंने बताया कि नजदीकी एयरटेल टावर बिरखाम और महुलबना गांव में जबकि जिओ का टावर जोड़सा गांव में हैं और इन दिनों रेंज काफी घटा देने की वजह से उनलोग परेशान हैं। बताते हैं कि पिछले दिनों अंचल कार्यालय से बीएसएनएल का टावर लगाने के लिए मुकरुडीह गांव में जमीन चिन्हित किया गया है जो पंचायत की अंतिम सीमा पर स्थित है अगर वहां पर टावर लगता है तो पूरे पंचायत के लोगों को फायदा नहीं मिलेगा। इसलिए उनलोग चाहते हैं कि टावर लच्छीपुर गांव में ही कहीं लगे। बैठक में मुख्य रूप से गौरांगो महतो, अजय महतो, श्वेत कमल महतो, जगदीश महतो, अनिल महतो, रामजीवन महतो व नित्यानंद महतो आदि मौजूद थे।

## नौ जुलाई से प्रारंभ है राष्ट्रीय लोक अदालत का प्री कोंसिलेशन सिटिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** राष्ट्रीय लोक अदालत का प्री कांसिलेशन सिटिंग 09 जुलाई 2023 से प्रारंभ है जिसमें अब तक सैकड़ो वादों का निष्पादन किया जा चुका है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने आम जनों से अपील की है कि आगामी 09 दिसंबर तक चलने वाले इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निपटारा कर लाभ उठाएं। अब तक 88 वाद रेफर किये जा चुके हैं तथा 34 वादों में मध्यस्तथा सफल हुआ है। 09 सितंबर शनिवार प्रातः 11:00 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होना निश्चित है।

## रघुवर दास सैकड़ों बहनों से बंधवाई राखी, पूर्व सीएम ने नारी शक्ति के सम्मान का किया आह्वान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह का पावन त्यौहार रक्षाबंधन गुरुवार को शहर में पूरे श्रद्धाभाव से मनाया गया। रक्षाबंधन पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने जमशेदपुर के एग्रिको स्थित आवास पर अपनी बहनों एवं शहर के विभिन्न क्षेत्र की सैकड़ों बहनों से राखी बंधवाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उनके आवास पर आए साकची, गोलमुरी, भालूबासा एवं मानगो क्षेत्र की सैकड़ों मुस्लिम बहनों ने पूर्व सीएम रघुवर दास की कलाई पर राखी बांधी। इस दौरान बहनों ने उनके माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और मुंह मीठा कर उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। पूर्व सीएम रघुवर दास ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किया और उनकी रक्षा का संकल्प लेकर सभी के स्वस्थ और खुशहाल जीवन की कामना की। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सैकड़ों महिलाओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को राखी बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड प्रदेश की सभी बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

## सुखराम उरांव ने छऊ नृत्यकला केंद्र के पूर्व निदेशक तपन कुमार को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** झारखंड गौरव एवं संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित राजकीय छऊ नृत्यकला केंद्र के पूर्व निदेशक तपन कुमार पटनायक ने आज चक्रधरपुर के विधायक सह छऊ कलाकार सुखराम उरांव से मुलाकात की। इस दौरान छऊ नृत्य कला के विकास हेतु विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बता दें कि कृषि विश्वविद्यालय रांची के द्वारा सी पी राधा कृष्णन के कर कमलों से गुरु तपन कुमार पटनायक को छऊ के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया गया था। चक्रधरपुर के विधायक ने गुरु तपन कुमार पटनायक के छऊ के प्रति समर्पण एवं उनकी निष्ठा की प्रशंसा की।

## छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी, लंबी उम्र की कामना की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** रक्षाबंधन के अवसर पर गुरुवार को सिलफोड़ी पंचायत स्थित जलवे देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की शिक्षिकाओं व छात्राओं ने चक्रधरपुर थाना पहुंचकर पुलिस अधिकारियों व जवानों को राखी बांधी। इस मौके पर मौजूद चक्रधरपुर के थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के स्नेह का त्योहार है। ग्रामीण क्षेत्र से स्कूल की शिक्षिकाओं व छात्राओं के थाना पहुंचने पर उन्हों खुशी जताई। कहा कि चक्रधरपुर पुलिस



लोगों की सुरक्षा में सदैव तत्पर है। वहीं प्रधानाचार्य रमेश चंद्र महतो ने कहा कि पर्व-त्योहार के समय में भी पुलिस के जवान अपने घरों से दूर रहकर हमें सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।

## टाटा स्टील ने एम टेक इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आईआईटी धनबाद के साथ किया एमओयू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ने एक फ्लैगशिप एम टेक इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू करने के लिए आज आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए प्रोफेसर जे.के. पटनायक, कार्यवाहक निदेशक, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, प्रोफेसर धीरज कुमार, उप निदेशक, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, प्रोफेसर सागर पाल, डीन (अनुसंधान एवं विकास), आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, अत्रेयी सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, एचआरएम, टाटा स्टील और



देबाशीष भट्टाचार्जी, वाईस प्रेसिडेंट, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च एंड डेवेलपमेंट, टाटा स्टील उपस्थित थे। आईआईटी (आईएसएम) धनबाद से प्रौद्योगिकी क्षेत्र में शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने और उन्हें टाटा स्टील में 6-12 महीने की इंटर्नशिप की पेशकश करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान अत्रेयी सान्याल ने कहा हम आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के छात्रों के लिए इस फ्लैगशिप एम टेक इंटर्नशिप कार्यक्रम को लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम एम टेक छात्रों के लिए अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी में मूल्यवान अनुभव प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर है, साथ ही टाटा स्टील को शीर्ष प्रतिभाओं तक पहुंच प्रदान करता है।

## बालिगुमा में विधायक सरयू राय ने किया बाबा भोले शंकर मंदिर निर्माण का भूमि पूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बालिगुमा बागान एरिया में श्री श्री सार्वजनिक शिव मंदिर निर्माण समिति के प्रांगण में भगवान भोले शंकर और बजरंगबली का मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित रहे। विधायक ने मंदिर समिति एवं बस्ती वासी से मुलाकात किया एवं उनके द्वारा सहयोग का आश्वासन दिया गया। बालिगुमा भव्य मंदिर बनेगा जिसमें बाबा भोले शंकर और बजरंगबली की मूर्ति स्थापित की जाएगी. भूमि पूजन



कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद राय मानगो अध्यक्ष, वीरेन महतो, जितेंद्र सिंह, राजेश सिंह, डी के मिश्रा के साथ-साथ मंदिर समिति के अध्यक्ष नंदू प्रसाद, उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष एसएस राय आदि थे।

## कांड्रा, गम्हरिया समेत सम्पूर्ण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा, गम्हरिया समेत सम्पूर्ण क्षेत्र में गुरुवार को भाई-बहन के असीम प्रेम, विश्वास और अटूट रिश्ते का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन खुशी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और फिर उनकी कलाई पर राखी बांधी। साथ ही, मिठाई खिला कर बहनों ने अपने भाई की लंबी उम्र के लिए



भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान भाइयों ने भी बहनों को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। पूरे क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व को लेकर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए गए थे। बच्चों में भी इस दौरान काफी उत्साह देखा गया। नए-नए कपड़ों में बच्चों की कलाई तरह-तरह की राखियों से सजी रही। सुबह से ही मिठाई एवं गिफ्ट की दुकान तथा कपड़ों की दुकानों में काफी भीड़ देखी गई। गुरुवार को भाई-बहन के असीम प्रेम, विश्वास और अटूट रिश्ते का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन खुशी एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और फिर उनकी कलाई पर राखी बांधी। साथ ही, मिठाई खिला कर बहनों ने अपने भाई की लंबी उम्र के लिए भगवान से प्रार्थना की। इस दौरान भाइयों ने भी बहनों को विभिन्न प्रकार के उपहार प्रदान कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। पूरे क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

## संपादकीय

# ये विश्व चैंपियन लाडले

**हरियाणा** का छोकरा नीरज चोपड़ा अब विश्व चैम्पियन बन गया है। उसने 'भाला फेंक' खेल की विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है और अपने अंतिम स्वप्न को साकार किया है। नीरज की भाला फेंकने वाली बाजू को ही 'स्वर्णिम' कहा जाने लगा है, क्योंकि अब वह ओलंपिक चैम्पियन के साथ-साथ विश्व चैम्पियन भी है। 'डायमंड लीग' का अंतरराष्ट्रीय ताज भी उसके माथे सजा है। 25 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने साबित कर दिया है कि वह 'भाला फेंक' का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है। नीरज की झोली में एशियन गेम्स, राष्ट्रमंडल खेल, अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप के भी स्वर्ण पदक चमक बिखेर रहे हैं। यकीनन मां भारती को अपने लाडले पर गर्व है, वह देश का गौरव है, हमारी आन, बान, शान का प्रतीक है। नीरज ने वैश्विक मुकाबले में, दूसरे ही प्रयास में, 88.17 मीटर दूर भाला फेंक कर तय कर लिया कि खेल का आसमान उसके नाम दर्ज हो गया है। फिर उसने आंखें मूंद कर एक हुंकार भरी और तालियां बजाने लगा। फिर पूरा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। हालांकि भारत और नीरज के खेल के दीवाने आज भी प्रतीक्षारत हैं कि उसका भाला कब 90 मीटर के पार जाएगा? यह लक्ष्य भी बहुत दूर नहीं है। नीरज चोपड़ा एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, जिसने एथलेटिक्स में ओलंपिक और विश्व चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया है। वैसे पीवी सिंधु बैडमिंटन की विश्व चैम्पियन बन चुकी हैं, लेकिन वह ओलंपिक चैम्पियन नहीं रहीं। मुक्केबाजी में निकहत जरीन, अपने भार-वर्ग में, लगातार दो बार विश्व चैम्पियन बनी हैं। अब भी वर्ल्ड चैम्पियन हैं। कुश्ती में अंतिम पंघाल ने भी, अपने भार-वर्ग में, लगातार दो बार विश्व खिताब जीता है। अब भी विश्व विजयी हैं। आज शतरंज के 18 वर्षीय प्रज्ञानानंद का उल्लेख भी बेहद जरूरी है, क्योंकि वह फिडे विश्व कप में, दुनिया के चैम्पियन खिलाड़ियों को मात देकर, फाइनल में पहुंचे थे। वहां विश्व चैम्पियन एवं नंबर वन खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से टाईब्रेकर में मात खा गए। वह विश्व उपविजेता हैं। अर्थात भविष्य के विश्व चैम्पियन हैं। शतरंज के पांच बार विश्व चैम्पियन रहे विश्वनाथन आनन्द की इस नई पौध के खेल पर पुराने दिग्गज चैम्पियन खिलाड़ी भी गदगद और हैरान हैं। इस पौध में गुकेश और अर्जुन आदि ग्रैंडमास्टरों के नाम भी शामिल हैं। हम भी हैरान और स्तब्ध हैं कि छोटी-सी किशोर आयु में ही इन खिलाडियों ने शतरंज का पेचीदा खेल कैसे सीख लिया और उसमें महारत हासिल की कि ग्रैंडमास्टर का दर्जा भी प्राप्त कर लिया और विश्व कप में खेलने की पात्रता हासिल की! ये तमाम चैम्पियन खिलाड़ी ऐसे खेलों के हैं, जो खेल ज्यादा प्रचलित नहीं हैं। क्रिकेट की तरह आम आदमी इन खेलों के प्रति उन्मादी और आसक्त नहीं है। इन खेलों में ज्यादा पैसा भी नहीं है और प्रायोजक भी बहुत कम हैं। दरअसल ये खिलाड़ी जन्मजात प्रतिभाएं हैं। उन्हें तराशा गया है। उनमें ग्रहण-शक्ति कमाल की है। बौद्धिक ताकत और क्षमता भी प्रबल है। बेशक भारत और राज्य सरकारें इनकी खूब आर्थिक और अन्य मदद करती हैं, लेकिन ये खिलाड़ी लंबे अंतराल तक विदेश में रहते हैं और अपने खेल को धार देते रहते हैं। ये खिलाड़ी अपनी जिम्मेदारी भी समझते हैं, नतीजतन आज वे विश्व चैम्पियन हैं। नीरज चोपड़ा ने 'भाला फेंक' खेल को ऐसी प्रतिष्ठा और आसक्ति प्रदान की है, नतीजतन किशोर जेना और डीपी मनु के तौर पर उनकी नई पीढ़ी, विरासत आकार ग्रहण कर रही है। जेना और मनु ने विश्व चैम्पियनशिप में 84 मीटर से दूर भाला फेंका और क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे। दरअसल देश में खेल और खिलाडियों की शक्ल बदल रही है, लिहाजा पेरिस ओलंपिक, 2024 में बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षाएं की जा सकती हैं। बैडमिंटन में प्रणय और लक्ष्य ऐसे खिलाड़ी उभरे हैं, जिन्होंने विश्व नंबर वन, टू और अन्य शीर्ष खिलाडियों को पराजित कर वैश्विक खिताब जीते हैं। अलबत्ता उन्हें विश्व चैम्पियन बनते देखने की प्रतीक्षा अब भी है। कई खेलों के खिलाड़ी ओलंपिक के लिए अपना स्थान जीत चुके हैं। वे विश्व या ओलंपिक चैम्पियन बन सकते हैं। बहरहाल खेल के इन लाडलों को सलाम और समर्थन के साथ-साथ देश का स्नेह भी प्राप्त है। वे विश्वविजयी बनें। हम खेलों में धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे हैं। एक समय वह भी जल्द आएगा जब हम विकसित देशों के मुकाबले में खड़े होंगे।

'डायमंड लीग' का अंतरराष्ट्रीय ताज भी उसके माथे सजा है। 25 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने साबित कर दिया है कि वह 'भाला फेंक' का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है। नीरज की झोली में एशियन गेम्स, राष्ट्रमंडल खेल, अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप के भी स्वर्ण पदक चमक बिखेर रहे हैं। यकीनन मां भारती को अपने लाडले पर गर्व है, वह देश का गौरव है, हमारी आन, बान, शान का प्रतीक है। नीरज ने वैश्विक मुकाबले में, दूसरे ही प्रयास में, 88.17 मीटर दूर भाला फेंक कर तय कर लिया कि खेल का आसमान उसके नाम दर्ज हो गया है। फिर उसने आंखें मूंद कर एक हुंकार भरी और तालियां बजाने लगा। फिर पूरा स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। हालांकि भारत और नीरज के खेल के दीवाने आज भी प्रतीक्षारत हैं कि उसका भाला कब 90 मीटर के पार जाएगा? यह लक्ष्य भी बहुत दूर नहीं है। नीरज चोपड़ा एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, जिसने एथलेटिक्स में ओलंपिक और विश्व चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया है।

## कुछ अलग

# गलती स्वीकार करें

**तबाही** के बाद सुधार की समीक्षा का अर्थ यह नहीं कि आलोचना के कक्ष में बैठकर सियासत की जाए या सोशल मीडिया के ज्ञान में नागरिक समाज अपनी प्राथमिकताएं गिनने लगे। सर्वप्रथम हिमाचल में वित्तीय कटौतियों के लिए सर्वानुमति बनानी पड़ेगी और इसके लिए प्रतिपक्ष को अपना हालिया रवैया बदलना पड़ेगा, जबकि सत्ता को भी सहमति के वातावरण में कुछ ऐसे कदम लेने पड़ेंगे, जो सामान्यता इतने सरल नहीं होते। सबसे अहम व प्राथमिक कार्य सडक़ों की बहाली है और सेब आर्थिकी को पटरी पर लाने की मशक्कत में राज्य के संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल यही होगा। जाहिर तौर पर इस दौरान नए सरकारी भवनों व ऐसी तमाम परियोजनाओं को कुछ समय तक रोकना होगा ताकि सबसे पहले तबाही के जख्म मिटाए जा सकें। यह तबाही एक तरह से हमारे पतन की निशानी है तथा सियासी प्राथमिकताओं की खुशफहमी भी। इस दौरान प्रगति के कई साल अगर बर्बाद हुए, तो यह जांचने-परखने का समय है। ऐसा नहीं है कि हर जगह सरकार असफल हुई, बल्कि इतना जरूर है कि हमने विध्वंस के रास्ते चुन लिए। मुश्किल व अनिवार्य विकल्प चुनने के बजाय अतीत के सही रास्ते भी छोड़ दिए। हमारे भीतर आचार-व्यवहार व अतिक्रमणकारी स्वभाव का माफिया पैदा हो गया। जरूरत से ज्यादा इमारतें, जरूरत से ज्यादा सडक़ें और जरूरत से ज्यादा निजी वाहनों की खरीददारी ने हमारी प्राथमिकताओं को पागल बना दिया है। यह सारा विकास कहीं न कहीं पागलपन बना, इसलिए मौसम पगला गया। हिमाचल की त्रासदी का व्यापक अध्ययन लाजिमी हो जाता है ताकि भविष्य को अलग ढंग से देखा जाए। हमने बाजार, व्यापार, बस्तियां, पर्यटन और सरकारी प्रदर्शन को जिस हालात तक पहुंचा दिया है, उसके खतरे समझने होंगे। कुछ लोग यह समझने की गलती कर रहे हैं कि शिमला, कुल्लू व मंडी जिलों में ही गड़बड़ी हुई। ऐसा मानना गलत आकलन है, क्योंकि पूरे प्रदेश में दस हजार के करीब घर व अन्य भवन किसी न किसी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। अगर शिमला में इमारतों के ढहने की झड़ी लगी, तो कई गांवों का अस्तित्व मिट गया। ऐसे में राजधानी बदलने की बहस के बजाय यह सोचना होगा कि हमने शहरीकरण को किस हद तक नजरअंदाज किया। लगातार चार दशक तक टीसीपी कानून को अक्षम बनाए रखा, जबकि शहरी विकास योजनाओं से गांवों को बाहर करने की दौड़ में कई नेता लगे रहे। पाठकों को याद होगा कि हमने हमेशा पूरे हिमाचल में इस कानून को लागू करने की सिफारिश की ताकि गांव भी व्यवस्थित विकास की शर्तें पूरी करें। इसके लिए प्रदेश में एक दर्जन विकास प्राधिकरण के तहत ग्रामीण एवं शहरी विकास के बीच सामंजस्य तथा नागरिक सुविधाओं में इजाफा किया जा सके। प्रदेश के हर शहर में कम से कम चार खुले मैदान विकसित करके ऐसी आपदाओं के वक्त राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एक स्थायी समाधान उपलब्ध होगा। प्रदेश की खनन नीति का नया रोडमैप तैयार करना होगा और हर खड्ड, नदी व कूहल का तटीकरण तथा उसके जल बहाव को वार्षिक रूप से तैयार करना होगा। अब समय आ गया है जब बरसात से पहले पूरे प्रदेश के महकमों के अलावा स्थानीय निकायों को जल निकासी के सारे इंतजाम करने होंगे।

## भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिए

# ब्रिक्स के विस्तार से दुनिया में संतुलन बनेगा

ललित गर्ग

**ब्रिक्स** समिट दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में काफी सफल एवं निर्णायक रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है जिसमें अब छह देशों की सदस्यता देने पर सहमति बनी है, जिसमें सउदी अरब, यूएई, मिस्र, इथोपिया, अर्जेंटीना और ईरान शामिल हैं। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। फिलहाल दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी ब्रिक्स देशों में रहती है। एक क्वार्टर दुनिया की जीडीपी ब्रिक्स में है। इन्हीं सब वजहों से दुनिया के देशों को यह आकर्षित करता है और अभी फिलहाल 22 देशों ने इसका सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। भारत का मानना था कि समान सोच वाले देशों को साथ लेकर चला जा सकता है। आनेवाले समय में ब्रिक्स दुनिया की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने लगेगा। रूस और चीन की यह मंशा कही जा रही थी कि अमेरिका या पश्चिम को यह संदेश दिया जा सके कि पश्चिमी दुनिया को ब्रिक्स चुनौती देगा। निश्चित ही ब्रिक्स की ताकत से एक संतुलन स्थापित हो रहा है और पश्चिमी देशों के अहंकार एवं दुनिया पर शासन करने की मंशा पर पानी फिरा है। हमारा भविष्य सितारों पर नहीं, जमीन पर निर्भर है, वह हमारा दिलों में छिपा हुआ है, दूसरे शब्दों में कहें तो हमारा कल्याण अन्तरिक्ष की उड़ानों, युद्ध, आतंक एवं शस्त्रों में नहीं, पृथ्वी पर आपसी सहयोग, शांति, सह-जीवन एवं सद्भावना में निहित है। 'वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र इसलिये सारी दुनिया को भा रहा है। इसलिये बदलती हुई दुनिया में, बदलते हुए राजनैतिक हालात में सारे देश एक साथ जुड़ना चाहते हैं। अब ब्रिक्स देशों में छह नए देशों के शामिल हो जाने से ब्रिक्स देशों की वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी 26 प्रतिशत हो जाएगी। ब्रिक्स के विस्तार का उद्देश्य पश्चिमी देशों के प्रभुत्व वाली वैश्विक व्यवस्था में एक काउंटरवेट के रूप में उभरना है। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की




पेचीदगी कह लीजिए या खूबसूरती, इसमें कदम-कदम पर विडंबनाएं और विरोधाभास देखने को मिलते हैं। सोचिए, एक तरफ चीन से मुकाबले के लिए भारत और अमेरिका साथ आए हैं, तो दूसरी तरफ ब्रिक्स में चीन और भारत, उन पश्चिमी देशों के दबदबे के खिलाफ एकजुट हैं जिनका प्रतिनिधित्व अमेरिका करता है। ब्रिक्स (ब्राजील, भारत, चीन, रूस व दक्षिण अफ्रीका) का संगठन ऐसा सपना है जिसे भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी ने भारत के विदेश मन्त्री के तौर पर 2006 में देखा था। सितम्बर 2006 में संयुक्त राष्ट्र महासंघ की साधारण सभा में भाग लेने गये प्रणव दा ने तब इस सम्मेलन के समानान्तर बैठक करके भारत, रूस, चीन व ब्राजील का एक महागठबन्धन तैयार किया था जिसे शुरू 'ब्रिक' कहा गया। प्रणव दा बदलते विश्व शक्ति क्रम में उदीयमान आर्थिक शक्तियों की समुचित व जायज सहभागिता के प्रबल समर्थक थे और पुराने पड़ते राष्ट्रसंघ के आधारभूत ढांचे में रचनात्मक बदलाव भी चाहते थे। इसके साथ ही वह बहुधुरवीय विश्व के भी जबर्दस्त पक्षधर थे जिससे विश्व का सकल विकास न्यायसंगत एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो सके। अब इसमें इन्हीं महाद्वीपों के छह नये देश शामिल किये गये हैं। अब नरेन्द्र मोदी ने इसमें सराहनीय भूमिका निभाई है। उनके दूरगामी एवं सूझबूझ भरे सुझावों का ब्रिक्स देशों ने लोहा माना है। ब्रिक्स ने अपने गठन से लेकर अब तक जो तरक्की की है उसकी उपलब्धि इसके क्षेत्रों की वह आपसी समझदारी रही है जिसके तहत उन्होंने आपसी हितों की सुरक्षा करते हुए विश्व को नया शक्ति सन्तुलन चक्र देने का प्रयास किया है। जबकि रूस, यूक्रेन के बीच पिछले डेढ़ वर्ष से चल रहा वह युद्ध है जिसे पश्चिमी देशों के सामरिक संगठन 'नाटो' ने अनावश्यक रूप से पूरी विश्व अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बना दिया है। इस युद्ध के चलते पश्चिमी यूरोपीय देशों व अमेरिका ने रूस पर जिस तरह आर्थिक प्रतिबन्ध लगाये हैं उनसे दुनिया के देशों में आपसी कारोबारी भुगतान की नई समस्या ने जन्म लिया है जिसकी वजह से ये देश डालर के स्थान पर अपनी-अपनी मुद्राओं में भुगतान की व्यवस्था की सार्थकता को खोज रहे हैं। इसी वजह से ब्रिक्स सम्मेलन की समाप्ति पर दक्षिण अफ्रीका के मेजबान राष्ट्रपति श्री सिरिल रामाफोसा ने घोषणा की कि सम्मेलन में इस बात पर सहमति बनी है कि संगठन के देशों के विदेश मन्त्री व उनके केन्द्रीय बैंकों के गवर्नरों की एक बैठक बुलाकर यह विचार किया जाये कि क्या कारोबारी भुगतान के लिए देश अपनी- अपनी मुद्रा का प्रयोग कर सकते हैं? ऐसी वित्तीय प्रणाली विकसित होने से दुनिया में जिस नये वित्तीय ढांचे का निर्माण होगा उससे इन देशों की अर्थव्यवस्थाएं सीधे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगी जिसके असर से 'डालर' की ताकत को भी झटका लगेगा। ब्रिक्स का विस्तार होने के बाद दुनिया के दूसरे देशों के लोगों को भी विश्व विकास में अपनी हिस्सेदारी के प्रति ज्यादा विश्वास पैदा होगा और यकीन बनेगी कि दुनिया केवल पश्चिमी यूरोप व अमेरिका के बताये गये सिद्धान्तों पर ही नहीं चलेगी बल्कि इसके संचालन में उनकी भूमिका भी उल्लेखनीय होगी क्योंकि विभिन्न आय व मानव स्रोतों पर उनका भी हक है। भारत पहले ही साफ कर चुका था कि वह ब्रिक्स के विस्तार के खिलाफ नहीं है। अन्य मुद्दों की तरह इस मामले में भी उसका रुख किसी खास देश या लॉबी के आग्रह या शंका आशंका से नहीं बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों से निर्देशित हो रहा था। ध्यान रहे, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम वैश्विक संगठनों और मंचों के विस्तार और उनमें समय के मुताबिक सुधार की वकालत करता रहा है। ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस अजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। ब्रिक्स के विस्तार की घोषणा ऐसे समय में हुई है जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की बातचीत लंबे समय से अटकी हुई है। ब्रिक्स के सदस्य देश चाहते हैं कि यूएनएससी में स्थायी सदस्यता के लिए और अधिक सीटें हों, ताकि पश्चिमी देशों के प्रभुत्व को कम किया जा सके। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स के विस्तार का स्वागत किया है और कहा कि इससे यह संदेश भी जाएगा कि सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को बदलते समय और परिस्थितियों के अनुकूल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि नए सदस्यों के शामिल होने से ब्रिक्स मजबूत हो जाएगा और हमारी साझा कोशिशों को भी बढ़ावा मिलेगा। ब्रिक्स संगठन में भारत का वर्चस्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता एवं कूटनीति से बढ़ा है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स के विस्तार में भारत के रणनीतिक साझीदारों को भी जगह मिले। तो, आनेवाले समय में भारत शायद इंडोनेशिया, वियतनाम और बांगलादेश जैसे देशों की सदस्यता के लिए सिफारिश करे और उनको भी लेकर आए। इसलिए, अगर चीन यह सोच रहा है कि ब्रिक्स के प्लेटफॉर्म को वह अपने मन-मुताबिक इस्तेमाल कर सकेगा, तो वह शायद गलत समझ रहा है।

चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। फिलहाल दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी ब्रिक्स देशों में रहती है। एक क्वार्टर दुनिया की जीडीपी ब्रिक्स में है। इन्हीं सब वजहों से दुनिया के देशों को यह आकर्षित करता है और अभी फिलहाल 22 देशों ने इसका सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है।

# चंद्रविजय का ऐतिहासिक व गौरवशाली पल

**दुनिया** में लोगों ने चांद को अपनी-अपनी कल्पना तथा अपनी नजर से देखा है। कभी मां ने बेटे को चंदा कहकर पुकारा है। कभी चंदा मामा कह कर अपने लला को दिखाया है। कभी अपने लाडले के खेलने के लिए चांद लाने की बात कही है। कभी प्यार भरी थपकी देकर चंदा मामा के आने का दिलासा देकर सुलाया है। कभी सुहागिनों ने बदली में छुपे हुए चांद को अपने पति की शक्ल में निहारा है। प्रेम में रत प्रेमियों ने प्रेमिकाओं को चांद के साथ सितारे तोडने की बात कही है। ये चांद वैज्ञानिकों के लिए एक ग्रह है। यही चन्द्रमा ज्योतिषियों के लिए गणनाओं का विषय है। यह चांद वैज्ञानिकों, दार्शनिकों, कवियों तथा शायरों के लिए भी अलग-अलग अभिव्यक्ति का कारण है। चांद की चांदनी, रोशनी तथा शीतलता की चर्चा भी हमारी बातचीत में अक्सर होती रहती है। प्रत्येक कृष्ण पक्ष तथा शुक्ल पक्ष की घटती-बढ़ती कलाओं में चंद्रमा की हर स्थिति को देखा जाता है। इस्लाम में चांद देखने पर ही इमाम ईद की घोषणा करते हैं। पूर्णिमा का चन्द्रमा, दूज का चांद, तीज का चांद, चौदहवीं का चांद, ईद का चांद, करवा चौथ का चांद तथा कलंकिनी चौथ का चांद भी सारी दुनिया में चर्चित रहता है। चांद को देख कर कभी व्रत रखे जाते हैं, कभी तोड़े जाते हैं, कभी आदमी के शायराना अंदाज ने चांद को कभी महबूब और महबूबा के रौशन चेहरे की तरह देखा है, कभी चांद के अंगड़ाइयां लेने की कल्पना की है। वैज्ञानिकों ने बताया कि चांद सौर परिवार का एक खगोलीय पिंड है। यह सब होने के बाद वर्षों पहले नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा को जानने की जिज्ञासा में पहली बार उसकी सतह पर पांव रखा था। भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक राकेश शर्मा ने चांद पर जाकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा' बताया था। चांद पर पानी तथा वायुमंडल के अभाव में अभी तक जीवन नहीं बसाया जा सकता है। आज पूरी दुनिया में चंद्रमा पर शोध और खोज कार्य चल रहे हैं। अभी कुछ समय पूर्व इसरो यानी इंटरनैशनल स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन ने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 लांचिंग की। चांद पर जीवन की संभावनाओं का पता लगाने के उद्देश्य से शोध के लिए अनेकों यान भेजे जा चुके हैं। कई बार चन्द्रमा की उबड़-खाबड़ धरती तथा उस पर पानी होने के चित्र प्राप्त हुए हैं, लेकिन अभी भी अनगिनत रहस्य लेकर यह चांद सबके लिए जिज्ञासा तथा उत्सुकता का विषय बन चुका है। आलमगीर खान का एक शे'र याद आ रहा है, 'अच्छी सूरत भी क्या बुरी शय है, जिसने डाली बुरी नजर डाली'। इनसान की फितरत तो देखिए, जहां भी कोमल, शीतल, सुन्दर तथा आकर्षक वस्तु मिलती है उसे पाने की चेष्टा करता है। आजकल आदमी शान्त चांद से शरारत कर उसकी जमीन पर घुसपैठ कर रहा है, किसी में हिम्मत हो तो सूरज की ओर देखने की गुस्ताखी तो करे? मनुष्य की इस कल्पना के आगे जाकर इसरो के वैज्ञानिकों ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य एल-1 मिशन प्रक्षेपित करने की तैयारी शुरू कर दी है। सूर्य का अध्ययन करने वाली यह पहली अंतरिक्ष आधारित भारतीय वेधशाला होगी। मिशन चंद्रयान की बड़ी सफलता के कुछ घण्टों के बाद ही भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख ने इसे सितम्बर माह में सतीश धवन स्पेस सेंटर से छोडने की घोषणा की। सूर्य का अध्ययन करने वाला यह भारतीय मिशन होगा। इस मिशन में अंतरिक्ष यान को लग्रांज बिन्दु-1 के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में रखा जाएगा जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर है। आजकल चांद पर भी जमीन के सौदे हो रहे हैं। कई अमीर घरानों के लोग जमीन खरीद कर अपनी बेटी, पत्नी या किसी खास अपने सगे को उपहार के रूप में भेंट कर रहे हैं। यह हैरत भरी खरीददारी का शौक हिमाचल प्रदेश में भी पहुंच चुका है। अभी हमीरपुर तथा नादौन के दो लोगों ने चांद पर जमीन की रजिस्ट्री तक बनवा ली है। इससे पूर्व भी विख्यात अभिनेता शाहरुख खान तथा सुशांत सिंह राजपूत ने भी चन्द्रमा पर जमीन खरीदी है। यह सुनकर किसी साधारण तथा गरीब आदमी ने जब हैरानी से पूछा, 'सुना है चांद पर लोग जमीन खरीद रहे हैं, कितनी कीमत होगी?' तो जवाब मिला, 'कीमत कोई ज्यादा नहीं, बस आने-जाने का ही खर्चा होगा'। हालांकि इंटरनेशनल आऊटर स्पेस ट्रीटी 1967 के कानून के अनुसार कोई भी व्यक्ति तथा देश किसी ग्रह तथा चन्द्रमा पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकता। चांद पर जमीन खरीदना तथा बेचना गैर कानूनी है। बावजूद इसके लूना सोसायटी इंटरनेशनल तथा इंटरनेशनल लूनार जैसी कम्पनियां चांद पर जमीन बेचने का दावा करती हैं। लूनर रजिस्ट्री कॉम के अनुसार चांद पर एक एकड़ जमीन की कीमत 37.50 अमरीकी डॉलर यानी लगभग 3112 रुपए है। कम कीमत होने के कारण लोग अपनी भावनाओं तथा अपने प्रियजन के प्रति प्रेम प्रदर्शित करने के लिए इस रजिस्ट्री के बारे में अधिक नहीं सोचते, हालांकि यह महज कागज का एक टुकड़ा खरीदने की ही कीमत होती है। बहरहाल, अनन्त काल से मनुष्य की कल्पनाओं को साकार करते हुए भारतवर्ष ने 23 अगस्त 2023 को शाम 6 बजकर चार मिनट पर अपने तीसरे प्रयास में चंद्रयान -3 दक्षिणी ध्रुव पर उतार कर दुनिया में इतिहास रच दिया। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सुरक्षित एवं सॉफ्ट लैंडिंग करवाने वाला भारत मून मिशन चंद्रयान-3 दुनिया का पहला देश बन चुका है।

प्रत्येक कृष्ण पक्ष तथा शुक्ल पक्ष की घटती-बढ़ती कलाओं में चंद्रमा की हर स्थिति को देखा जाता है। इस्लाम में चांद देखने पर ही इमाम ईद की घोषणा करते हैं। पूर्णिमा का चन्द्रमा, दूज का चांद, तीज का चांद, चौदहवीं का चांद, ईद का चांद, करवा चौथ का चांद तथा कलंकिनी चौथ का चांद भी सारी दुनिया में चर्चित रहता है। चांद को देख कर कभी व्रत रखे जाते हैं, कभी तोड़े जाते हैं, कभी आदमी के शायराना अंदाज ने चांद को कभी महबूब और महबूबा के रौशन चेहरे की तरह देखा है, कभी चांद के अंगड़ाइयां लेने की कल्पना की है। वैज्ञानिकों ने बताया कि चांद सौर परिवार का एक खगोलीय पिंड है। यह सब होने के बाद वर्षों पहले नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा को जानने की जिज्ञासा में पहली बार उसकी सतह पर पांव रखा था।

## देश दुनीया से

# एनपीए का अर्थशास्त्र और राजनीति

**कुछ** वर्ष पहले भारतीय बैंक भारी संकट में थे और उनका एनपीए (यानी वे उधार जिसकी अदायगी संदिग्ध थी) प्रतिशत चरम पर था, जिससे इन बैंकों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया था। विपक्षी दल लगातार सरकार पर अमीर लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए लाखों करोड़ रुपये के कर्ज माफ करने का आरोप लगाते रहे हैं। सरकार का दावा है कि अधिकांश एनपीए ऋण पिछली यूपीए सरकार के कार्यकाल के दौरान दिए गए थे और इन ऋणों के वितरण से पहले इस बात की जांच नहीं की गई थी कि कर्जदारों के पास इन ऋणों को चुकाने की क्षमता है या नहीं? एनपीए के खतरे ने बैंकों के वित्तीय स्वास्थ्य को प्रभावित किया। बैंकों की साख भी घट गई और वे अस्तित्व के संकट से जूझ रहे थे। लेकिन अब सरकार के प्रयासों की बदौलत आज न सिर्फ बैंकों का एनपीए घटकर 3.9 फीसदी पर आ गया है, बल्कि अब बैंक मुनाफा भी कमाने लगे हैं। अब इन बैंकों ने अपनी सेहत सुधारने के बाद सरकार को लाभांश देना भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इन बैंकों के शेयरों का बाजार मूल्य भी काफी बढ़ गया है। अब समय पीछे मुडक़र देखने और समझने का है कि क्या गलती हुई और कहां?

**एनपीए के निहितार्थ :** बैंकों के डूबे कर्ज के कारण बैंकों की ऋण देने की क्षमता में भारी कमी आई। ऐसे में बैंक पात्र कर्जदारों को भी कर्ज नहीं दे पा रहे थे। इससे देश के विकास में बड़ी बाधा उत्पन्न होने लगी। बैंकों को इन एनपीए ऋणों के लिए भारी प्रावधान करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप उनकी लाभप्रदता में भारी गिरावट आई। बैंकों की वित्तीय सेहत बिगडने से अर्थव्यवस्था में मांग और निवेश दोनों पर बुरा असर पड़ा। न सिर्फ बैंकों की सेहत बल्कि अर्थव्यवस्था की सेहत भी खराब हो गई और देश बड़े संकट में पहुंच गया। मौजूदा केंद्र सरकार और विपक्षी दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप को देखते हुए यह विश्लेषण जरूरी है कि बैंकों के एनपीए के लिए असल में जिम्मेदार कौन है? यह सवाल राजनीति का नहीं है, इस सवाल का जवाब इसलिए भी जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसा संकट दोबारा न दोहराया जाए।

**एनपीए समस्या की उत्पत्ति :** आंकड़ों से पता चलता है कि एनपीए मार्च 2018 में चरम पर थे, जब सकल एनपीए 11.2 प्रतिशत दर्ज किया गया था। मार्च 2014 में सकल एनपीए 3.8 प्रतिशत था। इसके बाद, मार्च 2015 में सकल एनपीए बढक़र 4.3 प्रतिशत, मार्च 2016 में 7.5 प्रतिशत और मार्च 2017 में 9.3 प्रतिशत हो गये। मार्च 2018 के बाद सकल और शुद्ध एनपीए दोनों में गिरावट का रुझान दिखा। यह समझना होगा कि किसी भी ऋण को एनपीए तब माना जाता है जब ऐसे ऋण पर मूलधन और ब्याज 90 दिनों तक नहीं चुकाया जाता है। किसी भी ऋण के वितरण के बाद वह तुरंत एनपीए नहीं बन जाता है। इसके एनपीए बनने में एक अंतराल है, इसलिए यदि मार्च 2018 में सकल एनपीए अधिकतम थे, तो इसका मतलब है कि जो ऋण एनपीए बन गए हैं, वे कई साल पहले वितरित किए गए थे। यहां यह समझना जरूरी है कि जो उधार एनपीए हो गए हैं, वे किस अवधि में दिए गए थे। इसके साथ ही यह भी समझना उचित होगा कि जिस अवधि में ये ऋण दिये गये थे, क्या बैंकों ने अत्यधिक ऋण दिये थे? आंकड़े बताते हैं कि साल 2004 में बैंकों का कुल बकाया कर्ज 71.76 लाख करोड़ रुपये था, जो मार्च 2014 तक बढक़र 628.21 लाख करोड़ रुपये हो गया, यानी करीब 9 गुना बढ़ोतरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के अगले 9 साल देखें तो मार्च 2023 तक बैंकों का कुल उधार 1419.80 लाख करोड़ रुपये तक ही पहुंच पाया, यानी सिर्फ 2.26 गुना बढ़ोतरी।

बैंकों को इन एपनीए ऋ णों के लिए भारी प्रावधान करना पड़ा, जिसके प रिणामस्वरूप उनकी लाभप्रदता में भारी गिरावट आई। बैंकों की वित्तीय सेहत बिगडने से अर्थव्यवस्था में मांग और निवेश दोनों पर बुरा असर पड़ा। न सिर्फ बैंकों की सेहत बल्कि अर्थव्यवस्था की सेहत भी खराब हो गई और देश बड़े संकट में पहुंच गया। मौजूदा केंद्र सरकार और पिवक्षी दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप को देखते हुए यह विश्लेषण जरूरी है कि बैंकों के एपनीए के लिए असल में जिम्मेदार कौन है? यह सवाल राजनीति का नहीं है, इस सवाल का जवाब इसलिए भी जरूरी है ताकि भविष्य में ऐसा संकट दोबारा न दोहराया जाए।

## दृष्टिकोण

# नंग बड़े परमेश्वर से

**न** जाने आजकल मुझे क्या हो गया है? पिछले कुछ दिनों से जब से मैंने सदन की कार्यवाही और ख़बरिया चैनलों को नियमित देखना आरम्भ किया है, मैं रात के आखिरी पहर में आने वाले सपनों में अपने आपको निर्वस्त्र पाता हूं। बात बिस्तर तक होती तो ठीक था। मैं सपनों में अक्सर इसी हालत में देश भ्रमण पर निकल जाता हूं। दादी कहती थीं कि सुबह के सपने सच्चे होते हैं। एक कहावत है 'नंग बड़े परमेश्वर से।' पर पता नहीं इस घोर कलियुग में भी क्यों लोग नंगों को देखते ही विपरीत दिशा में भागना शुरू कर देते हैं। हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजाति के फजऱ्ी प्रमाणपत्र पर सरकारी नौकरी हासिल करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने वाले युवाओं पर राज्य सरकार द्वारा ध्यान न दिए जाने से नाराज़ होकर जब उन्होंने निर्वस्त्र होकर भागना शुरू किया तो पुलिस उन्हें पकडने के लिए उनके पीछे भागने लगी। मुझे लगा कि विरोधस्वरूप निर्वस्त्र भागने वाले युवाओं को पकडने के लिए सालों पहले शर्मो-हया तजने वाली पुलिस का व्यवहार उचित नहीं। एक नंगा दूसरे नंगे को पकडने के लिए उसके पीछे कैसे दौड़ सकता है। वह भी तब जब पुलिस धर्म और मर्यादा के वस्त्र तजने वालों को पकडने की बजाय उन्हें संरक्षण प्रदान कर रही हो। फिर सोचा पुलिस भारतीय दंड संहिता और संविधान के मद्देनजऱ काम करती है। शायद उसी की किसी धारा या अधिनियम के तहत व्यवस्था होगी। नहीं तो जो संस्था सत्ता के तलवे चाटते हुए ख़ुद निर्वस्त्र हो चुकी हो, वह दूसरे निर्वस्त्र के पीछे उसे पकडने के लिए कैसे भाग सकती है। इधर, पता नहीं क्यों दिन में दस बार डिज़ायनर ड्रैस बदलने वाले परिधानमंत्री मुझे शुरू से ही निर्वस्त्र नजऱ आते थे। पहले-पहल लगता था कि यह मेरा मति भ्रम है। मैं इलाज के लिए मनोवैज्ञानिक के पास जाने का मन बना रहा था। लेकिन संकोच था कि उसे कैसे बताऊंगा कि मैं सपनों में अपने आपको नंगा पाता हूं। ग़ालिब चचा ज़मीर को लेकर कहे गए शे'र में आईने पर पड़ी धूल को साफ करने की बात करते हैं। मुझे ध्यान नहीं आता कि उन्होंने कभी अपने उरियां (निर्वस्त्र) होने की बात की हो। पर हाल ही में जब परिधानमंत्री को संसद की सीढिय़ों पर तीन महीने से गृह युद्ध की आग में झुलस रहे मणिपुर में बलात्कार पीड़ितों की नग्न परेड की घटना पर ख़बरिया चैनलों पर कन्नी काट बयान देते हुए सुना तो मेरा शक यक़ीन में बदल गया। सावन महीने की डबल बधाई देते हुए परिधानमंत्री ने जब केवल एक बार ही मणिपुर का नाम लिया तो लगा कि दिन में दस बार कपड़े बदलने के बावजूद कोई नंग लोकतंत्र के मन्दिर से बड़ा हो गया है। उसी दिन पैरोल पर छूटे नामसिद्ध संत काम लहीम और बलात्कारों के आरोपी भाजपा सांसद तथा नंगई के अग्र ध्वजवाहक खरदूषण को जमानत मिलने पर लगा कि अब समाज में भयमुक्त होकर नंगई की जा सकती है। आर्यावर्त ने बरसों के सतत अभ्यास से 'करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान। रसरी आवत-जात ते सिल पर परत निशान।।' को चरितार्थ करते हुए नंगई के मामले में विश्वगुरु का ताज पहन लिया है। मुझे पूरा यक़ीन है कि अब मैं अकेला नहीं। परिधानमंत्री के सैट किए नैरेटिव पर जैसे ही उनके मंत्रियों, सांसदो, अंधभक्तों और गोदी मीडिया को थूक चाटते या थूक कर चाटते देखता हूं, मन मुदित हो उठता है। आईना साबुत रहे या उसके सौ टुकड़े हो जाएं, मैं कहीं भी अकेला नजऱ नहीं आऊंगा। पर नंगों की दिन पर दिन बढ़ती भीड़ में अपने आप को बनाए रखना टेढ़ी खीर है। प्रतियोगिता गला काट है। इस प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिए हर शाम नौ बजे ख़बरिया चैनलों में आयोजित होने वाली मुर्गों की लड़ाई (प्राईम टाईम) में सत्ताई और विपक्षी प्रवक्ताओं के अलावा जब कथित बुद्धिजीवियों को भाग लेते देखता हूं तो लगता है कि अब राष्ट्र को निर्वस्त्र घोषित करने का समय आ चुका है।

अवैध ईट भट्ठा के खिलाफ खनन टास्क फोर्स ने की कार्रवाई

# मनिका के पल्हैया में अवैध रूप से संचालित मिला चंलत चिमनी ईट भट्ठा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला खनन टास्क फोर्स के द्वारा अवैध ईट भटटा संचालन को लेकर जिले के मनिका थाना अंतर्गत पल्हैया ग्राम में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान पल्हैया ग्राम में अवैध रूप से चंलत चिमनी ईट भटटा संचालित पाया, ईट भटटा में लगभग 10 हजार पक्का ईट एवं 5 लाख कच्चा ईट को जप्त करते हुए ईट भटटा को ध्वस्त किया एवं चिमनी ईट भटटा मालिक, भूमि मालिक समेत अवैध ईट भटटा संचालन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी। गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई इस सम्बन्ध में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि मनिका थाना के पल्हैया गांव में अवैध रूप से ईट भटटा संचालित किया जा रहा है, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक राजेश हांसदा, सअनि मनोज कुमार दुबे एवं पुलिस बल के द्वारा बुधवार को छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान ईट भटटा में 10 हजार पक्का ईट एवं 5 लाख कच्चा ईट पाया गया। स्थानीय ग्रामीणों से पुछताछ में बताया गया कि ईट भटटा का संचालन लल्लू यादव, पिता स्व शेढू यादव ग्राम पल्हैया द्वारा संचालित किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस जवानों के द्वारा संचालित ईट भटटा को ध्वस्त कर दिया गया एवं ईट भटटा संचालक लल्लू यादव, रैयत समेत संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ मनिका थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।

# स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर बाइक सवार घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर और लाभर के बीच तीखे मोड़ पर स्कॉर्पियो (जेएच 0 3ए डी 5481) और बाइक की टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक के परखच्चे उड़ गए और स्कॉर्पियो का टायर फट गया। जहां तत्काल सूचना मिलते ही छिपादोहर थानाप्रभारी अभिषेक कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर उक्त स्कॉर्पियो को जब्त किया। वहीं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की पहल पर गंभीर रूप से घायल चुंगरु नावाडीह निवासी अरविंद कुमार व अनिल कुमार को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरवाडीह भेजा गया। जहां डॉक्टर अनुपम एक्का और राजेश चन्द्रा की देखरेख में प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया।

## निः शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण हेतु सीसीएल ने किया आवेदन आमंत्रित

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में संचालित सीसीएल के आम्रपाली-चंद्रगुप्त व मगध-संघमित्रा कोल परियोजना प्रबंधन ने बुधवार को विस्थापित -प्रभावित क्षेत्रों के बेरोजगारों से कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया है। बताया गया कि परियोजना प्रबंधन द्वारा अपने- अपने क्षेत्र के इच्छुक कुल 20-20 बेरोजगारों को सीएसआर मद से सीएनसी आपरेटर तथा मैकेनिक टेक्निशियन के लिए रांची के टाटीसिलवे स्थित केंद्र में निः शुल्क आवासीय प्रशिक्षण कराएगी। जहां सीसीएल प्रबंधन द्वारा प्रशिक्षण केन्द्र को एक वर्ष के ट्रेनिंग कराने के एवज में प्रति कैंडिडेट औसतन ढाई लाख रुपए का भुगतान किये जायेंगे। आगे बताया गया कि कुशलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बेरोजगारों को पात्रतानुसार रोजगार से जोड़ा जाएगा। वहीं सीएसआर विभाग में उपलब्ध फार्म पहले आओ, पहले पाओ के तर्ज पर वितरित किए जाएंगे, जिसके लिए इच्छुक बेरोजगारों से शीघ्रताशीघ्र लाभ उठाने की अपील की गई है।

## जदयू जिला कार्यकारिणी की बैठक 3 को

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जदयू जिला कार्यकारिणी की बैठक आगामी 3 सितम्बर को जदयू जिला कार्यालय में आहूत की गई है। बैठक में भाग लेने के लिए पार्टी के सभी प्रखंड अध्यक्ष समेत कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने को कहा गया है। यह जानकारी जिलाध्यक्ष निजामुद्दीन कुरैशी ने दी।

## समय अवधि समाप्त होने के पश्चात कोयला ले जा रहे टेलर जप्त

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर चलाये गए अभिया में समय अवधी समाप्त होने के बाद मध्य प्रदेश सिंगरौली से उड़ीसा कोयला ले जा रहे टेलर को पकड़ा गया एवं जिला खनन पदाधिकारी जांचोपरांत अवैध कोयला ले जाने वाले टेलर चालक, मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की एवं अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया। 26 अगस्त तक ही था ई-परिवहन चलान की वैधता वाहन चेकिंग अभियान में टेलर निबंधन संख्या यूपी 64 टी-9584 पर लोड कर 31.1 टन कोयला ले जाया जा रहा था,जब चालक राज जायसवाल से कागजात की मांग की गयी तो उपलंबध कागजात मध्य प्रदेश सिंगरौली से उड़ीसा कोयला ले जाया जा रहा था। जिस पर थाना प्रभारी के द्वारा कागजात जांच के लिए जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया। जिस पर जिला खनन पदाधिकारी ने उपलबंध ई-परिवहन चलान की जांच खनि शाखा सिंगरौली भेज करवाया,जांच के बाद पाया गया कि टेलर की ई-चलान की वैधता 26 अगस्त 9:55 सुबह तक ही थी। जिसके बाद जिला खनन आनंद कुमार के द्वारा नामजद टेलर चालक, मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।

## तुकबेरा एनएच 98 मुख्य मार्ग के टेड़वा मोड़ पर मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराया, युवक गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तुकबेरा एनएच 98 मुख्य मार्ग के टेड़वा मोड़ के समीप पड़वा बाजार से लौट रहा तेज रफतार से मोटरसाइकिल सवार करचा निवासी कोदू मांझी के पुत्र सतेन्दर पासवान सड़क के किनारे डिवाइडर से टकराया जहां युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टकराने के बाद युवक को माथा फट गया जिसकी सूचना नावा बाजार थाना पुलिस अवर निरीक्षक नंदकिशोर दास को दिया गया सूचना पाकर नावा बाजार पुलिसअवरनिरीक्षक सहित पुलिस बल पहुंचकर घायल युवक को मेदनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# चैनपुर के बंदुआ में मना विश्व संस्कृत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ गांव में गुरुवार को विश्व संस्कृत दिवस मनाया गया। इस अवसर मां मंगला गौरी मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की तस्वीर पर पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बतौर मुख्य अतिथि डॉ अजय मिश्रा ने कहा कि संस्कृत सनातन संस्कृति का आधार है। यह सभी भाषाओं की जननी है।हमें इसकी गौरव बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा नीति में संस्कृत उपेक्षित हो गई है। सरकार संस्कृत शिक्षा पर ध्यान नहीं दे रही है। इसके लिए सभी को आगे आना होगा। भाजपा के मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय ने कहा कि संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है। विश्व की सभी सभ्यता व संस्कृति का आधार संस्कृत ही है। सरकार की गलत नीतियों के कारण संस्कृत उपेक्षित हो गई है। हमें इसका गौरव वापस दिलाना होगा। मुखिया दीनानाथ मांझी ने कहा कि वर्तमान में संस्कृत सिर्फ कर्मकांड की भाषा बनकर रह गई है। संस्कृत शिक्षण संस्थान निरंतर घट रहे हैं। हमें अपने परिवार की एक-एक बच्चे को संस्कृत पाठशाला भेजना चाहिए।मुखिया अरविंद तिवारी ने कहा कि संस्कृत शब्द से ही संस्कृति का उदय हुआ बाद में सनातन संस्कार आदि शब्द जुड़ते गए। इसका संरक्षण व संवर्धन आवश्यक है। इसके पूर्व वेद मंत्रो के बीच विद्यादायिनी मां सरस्वती की तस्वीर पर पूजा अर्चना की गई। मां की आरती उतारी गई। साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अजय मिश्रा व संचालन अरविंद तिवारी ने किया। मौके पर जगदीश सिंह, रामचरित्र सिंह, राणा प्रताप चंद्रवंशी, अरुण सिंह, रितिक कुमार पांडेय, उमेश प्रजापति आदि मौजूद थे।

# पुलिस ने 17 पुड़िया हेरोइन के साथ युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिषमा रमेशन के आदेश पर शहर थाना की पुलिस ने संध्या गस्ती के दौरान शहर थाना क्षेत्र के कांदू मोहल्ला से 17 पुड़िया हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि 30 अगस्त को संध्या गश्ती के दौरान पुलिस अवर निरीक्षक महाबीर एक्का को शहर थाना टी0ओ0पी0 2 अंतर्गत कान्दु मुहल्ला रामनगर में जितेन्द्र कुमार गुप्ता के द्वारा नशीला पदार्थ बेचने की सूचना प्राप्त हुयी थी जिस सूचना को वरीय पदाधिकारी को देते हुए प्राप्त निर्देष के आलोक में टीओपी0 2 के पदाधिकारी एवं टाइगर के जवान के साथ जितेन्द्र कुमार गुप्ता के घर के पास पहुंचे थे कि पुलिस के आने की आहट पर पक्का मकान से निकलकर एक व्यक्ति को भागने के प्रयास करते छापामारी दल के पुलिस पदाधिकारी तथा आरक्षी द्वारा रोका गया जिसके पश्चात उसके पास मादक पदार्थ रखने की सूचना पुलिस को होने की पुख्ता जानकारी होने की बात बताते हुए उसे एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत तलाशी करवाने का पूरा अधिकार होने से संबंधित जानकारी देते हुए नोटिस दिया गया। नोटिस दिए जाने के पश्चात उस व्यक्ति से प्राप्त अनुमति के आलोक में श्री ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, मेदिनीनगर द्वारा विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी लेने पर उक्त व्यक्ति के पास अवैध हेरोइन जैसा नशीला पदार्थ का कागज में लपेटकर रखा पुड़िया कुल वजन 5.18 ग्राम बरामद किया गया। पकड़ाये व्यक्ति को गिरफतार कर माननीय न्यायलय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक महावीर एक्का,टीओपी 2 के चार्ज में सुधीर कुमार सिंह, हवलदार जसमुद्दीन खान,आरक्षी 692 सूर्यनाथ सिंह, आ0 1701 मुकेश कुमार सिंह, आ0 665 उपेन्द्र कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

# एक दिवसीय इंटरफेस मीटिंग का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा प्रखण्ड स्तरीय एक दिवसीय इंटरफ़ेस मीटिंग का आयोजन किया गया। आयोजन में 12 गांव के 35 लोग शामिल हुए ।जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, उप मुखिया एवं किशोरिया शामिल थे। जिसमें समुदाय स्तर और पंचायत स्तर व स्कूलों में लड़कियों एवं उनकी समस्याओं की समस्या पर चर्चा किया गया। मौके पर संस्था सचिव मौसमी बाखला ने कहा कि हम लोग अलग-अलग योजनाओं से किशोरियों को जोड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन कभी-कभी कुछ किशोरियां लाभ से वंचित रह जाती है। आज हम सभी लोग यहां पर बैठे हैं, तो यह ध्यान देने की जरूरत है, की जो किशोरियां योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जा रही है। उन्हें चिन्हित कर लाभ लेने में सहयोग कर पाए कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता प्रतिमा कुमारी, रानी कुमारी, सुचिता कुमारी, अनीता देवी, कविता देवी, मनीषा कुमारी के अलावे साक्षी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

अज्ञात वाहन के धक्के से 25 वर्षीय युवक की मौत

# जिला परिषद संग्राम सिंह ने अपने देखरेख में मृतक का करवाया पोस्टमार्टम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र के बिसफुट्टा पुल के नजदीक बैजनाथ आश्रम के पास बुधवार की रात बाइक दुर्घटना में एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम मझौली निवासी स्वर्गीय राम जबित सिंह के पुत्र हरेंद्र कुमार सिंह बुधवार की रात लगभग 8~00 बजे अपने घर से बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर डिज्नीलैंड मेला देखने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में बैजनाथ आश्रम के पास अज्ञात वाहन से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें हरेंद्र सिंह बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। वही दुर्घटना की खबर सुनकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और हरेंद्र सिंह के शव को लेकर घर चले गए। इसके बाद मृतक के परिजन व स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की सूचना पाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह को दी गई। जानकारी मिलते ही जिला परिषद संग्राम सिंह परिजनों को समझा बूझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया और परिजनों को कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम करवाने की सलाह दिया। वही मौके पर उपस्थित जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि मृतक के परिजन काफी गरीब परिवार से आते हैं,उनके परिवार को सरकारी मुआवजा दिलाया जायेगा। बताते चले की संग्राम सिंह जिला परिषद चुनाव जीतने के बाद भी लगातार अपने क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच व्यावहारिक संबंध बनाए हुए है।वह अपने क्षेत्र के जनता की किसी भी छोटी बड़ी समस्या में दिन हो या रात तन मन धन से खड़े रहते हैं। उन्होंने मृतक के परिजनों को अपने स्तर से सहयोग देने का आश्वासन दिया है।गुरुवार को उन्होंने अपने देखरेख में हरेंद्र सिंह का पोस्टमार्टम करवाया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद से पुलिस भी सड़क दुर्घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में बृहस्पतिवार को रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर लंबी आयु की कामना की।वहीं भाईयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर हमेशा साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर भी जारी रहा।लोगो ने घर के बुढे- बुजुर्गो का पैर छुकर आशिर्वाद लिया।गुरुवार की सुबह से ही अधिकांश बहनों ने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनों के साथ खुशियां मनाई सुबह से शुरू हुआ रक्षाबंधन का त्यौहार रात तक चलता रहा। रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा एक्साइटेड बच्चे रहे सुबह से ही भाई-बहन इसे लेकर हालचाल करते नजर आए। इसके अलावा मिलने वाले उपहारों का इंतजार बच्चों को रहा। साथ ही मनपसंद के पकवान और घूमने जाने का मौका भी बच्चों के लिए रोमांच भरा था रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा खुश बच्चे ही नजर आए। ईश्वर पूजन के बाद भाई को तिलक मिष्ठान पूजन नारियल रुमाल के साथ बहन ने राखी बांधी। इस मौके पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भाई और बहन के इस विशेष त्योहार को लेकर अधिकांश घरों में बहनों ने बुधवार की रात में प्लानिंग कर ली थी जिससे सुबह होने की त्योहार की धूम घरों में नजर आने लगी।मेदिनीनगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाई-बहन का पावन पर्व रक्षा बंधन धूमधाम से मनाया गया। राखी पूर्णिमा को लेकर सुबह से सभी भक्त स्नान कर मंदिरों में पूजा-अर्चना किया। बहन अपने भाईयों की कलाई में रक्षा सुत बांध कर जन्म-जन्म तक सुख-दुरव में साथ निभाने का वचन भाईयों से लिया। रक्षा सुत बांधने के बाद बहन अपने भाई को मिठाई खिलाया।शहर से लेकर देहात तक मिठाई की दुकानें सज गईं थीं। बहनों ने मिठाई और राखी की दुकान पर खरीदारी जमकर की। सुबह बाइक से बहनें भाई के घर गईं। कहीं-कहीं भाइयों ने बहनों के घर जाकर राखी बंधवाया। पूरे दिन रक्षा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों में भी रक्षाबंधन का उल्लास देखने को मिला। भाइयों ने बहनों की लंबी उम्र के लिए दुआ मांगी।

वंचित दलित बहनों से सांसद प्रतिनिधि ने बंधाया राखी

# जिनके भाई न हो, उन बहनों की मायूसी को कौन माप सकता है : ईश्वर दयाल पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** बरसात के सूखे मौसम में जिस तरह कृषको के भोले चेहरे पर उदासी की पूरी वर्णमाला अंकित हो जाती है, उसी तरह उन बहनों की मायूसी को कौन माप सकता, जिनके भाई नहीं हो। टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने रक्षाबंधन के त्योहार में अपने क्षेत्र में वंचित दलित बहनों के हाथों राखी बंधवा कर मानवता की मिशाल कायम किया। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने ग्राम सिसई के गांझू टोला के नीलम कुमारी, सीमा कुमारी, वीना कुमारी, देवंती कुमारी व अन्य बहनों से राखी बंधाया जिनके कोई अपने भाई नहीं हैं। दस वंचित दलित बहनों से सांसद प्रतिनिधि ने राखी बंधवाया और उन बहनों को उपहार देकर उनके भाई बहन के बीच के स्नेह प्यार को उत्साहित करते हुए खुशियां बांटने का काम किया तथा समाज में संदेश दिया कि यह रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के दिव्य प्रेम का है। यह रक्षाकवच द्वारा राष्ट्र की भगिनी शक्ति यदि एक ओर अपने भ्राताओं पर शुभकामनाओं और आशीर्वादों की अमृत वर्षा करती है, तो दूसरी ओर सबल भातृगण अपने राष्ट्र के अबला समुदाय के अभयदान के लिए कृत संकल्प हो जाते हैं। इस रक्षाबंधन त्योहार के अनूठे समय में सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय भी साथ में थे इन्होंने भी इस अवसर पर खुशियां बांटने में सहभागी बनें। सभी बहनें इस अनूठे स्नेह प्यार को पाकर खुश हुए।

# हाईवा ट्रक एसोएशियन का बड़ा एलान ट्रांसपोर्टर बकाया रुपयों का करे भुगतान

➲ बाहरी गाडी नहीं चलेगी, नहीं तो होगी चक्का जाम : अध्यक्ष

➲ ट्रांसपोर्टर अविलंब बकाया रुपया वापस करें नहीं तो ट्रांसपोर्टिंग करेंगे बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के हाईवा एसोएशियन मालिकों की बैठक किसान भवन परिसर में की गयी। बैठक में ट्रांसपोर्टरों द्वारा बकाया भाड़ा किराया पर विस्तृत चर्चा करते हुए ट्रांसपोर्टरों से रूपये वसूली करने को लेकर रणनीति तैयार की गयी। जहां वैसे ट्रांसपोर्टर मोनू सिंह, कुमार शुभम सिंह, सुधांशु रंजन, उर्फ़ छोटू सिंह, सुरेश यादव, अबरार मियाँ मिस्त्रौल, मो फारूक मिस्त्रौल द्वारा हम लोगों का बकाया रुपया करोड़ों में रखे हुए हैं। जिसके कारण कितने हाईवा, ट्रक मालिक ट्रक बेच कर कंगाल हो गए कितने को फाइनेंशर द्वारा वाहन को खींच लिया गया। वहीं ट्रांसपोर्टरों ने कम्पनी से हम लोगों का रुपया उठा कर अपना ऐश मौज कर रहें हैं और हम लोग रुपया लगा कर तथा महीनों कोयला ढुलाई कर कंगाली हालत में खुदकुशी करने के कगार पर हैं। यदि ट्रांसपोर्टरों द्वारा हम लोगों को बकाया रुपया एक सप्ताह के अंदर नहीं दिया जाता है तो हम लोगों इन ट्रांसपोर्टरों का कोयला वाहन को सिमरिया चौक से परिचालन किसी हालत पर नहीं होने देंगे। अब हम लोग और बर्दास्त नहीं करेंगे। वहीं आगे कहा कि बाहरी गाड़ियों को यहां परिचालन नहीं होने देंगे चुकी झारखण्ड के गाड़ियों को उड़ीसा या अन्य राज्यों में काम करने पर प्रतिबंध किया जाता है साथ हीं बाजबरन फाइन काटा जाता है। वैसे में हम लोग भी बाहरी गाड़ियों जैसे बिहार, बंगाल, उड़ीसा,पंजाब के ट्रक या हाइवा को किसी हाल में चलने नहीं देंगे। यदि कोई ट्रांसपोर्टर बाजबरन कोयला लेकर यहां से ले जाने का कोशिश करेगा तो हम लोग यहां से जाने नहीं देंगे।

## श्रावण पूर्णिमा पर कैरो के उत्तका शिव मन्दिर में 24 घन्टे का अखंड हरिकीर्तन का हुआ आयोजन



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड के उतका शिव मंदिर में सावन पूर्णिमा के अवसर पर 30 अगस्त बुधवार को 24 घण्टे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे। हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे संकीर्तन किया गया। इस आयोजन में आस-पास कैरो, खंडा, गजनी, नरौली के अलावा रांची जिले के गणेशपुर, हुरहरी, बेयासी, गोके, सिसई,शिलागाई के कीर्तन मंडली शामिल हुए। हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण से गुंजायमान रहा उतका गाँव। इस अवसर पर भण्डारा का भी आयोजन किया गया। आयोजन में विपिन सिंह, कुणाल सिंह, नागेंद्र सोनी, अशोक सोनी, रंजन कुमार, अमन पांडेय, सोमरा उरांव, आदित्य यादव, संग्राम यादव, प्रकाश सिंह, मुरारी साहू, संग्राम यादव के सहयोग अनुष्ठान सम्पन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### मदरसा तहफूजे इस्लाम में चार शिक्षक पदो पर हुई लिखित परीक्षा, 9 परीक्षार्थी हुए शामिल

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही धनबाद रोड स्थित मदरसा तहफूजे इस्लाम में चार शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु झारखंड अधिविद् परिषद रांची के द्वारा गुरुवार को लिखित परीक्षा ली गई। इसमें आलिम का एक पद,



मौलवी का एक पद, हाफिज का एक पद एवं मैट्रिक के एक पद शामिल है। आलिम के एक पद के लिए 12 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इसमें जैक द्वारा नियुक्त एक्सपर्ट अब्दुल कुदुस के देख रेख में परीक्षा ली गई। इस पद के लिए 11 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिया। वही मौलवी के एक पद के लिए 09 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इसमें परीक्षा केंद्र पर 02 ही परीक्षार्थी उपस्थित हुए। जबकि परीक्षा करवाने के लिए चार परीक्षार्थियों की शामिल होना अनिवार्य होता है। इस कारण इस पद की परीक्षा नही ली गई। परीक्षा स्थगित की गई। इसके लिए बतौर एक्सपर्ट विष्णुगढ़ नवादा के मो जुबेर आलम को नियुक्त किया गया था। वहीं हाफिज के एक पद के लिए चार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। सभी ने परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा के लिए बतौर एक्सपर्ट केरेडारी के मो अजहर अल्ताफ को लगाया गया। मैट्रिक शिक्षक के एक पद के लिए 10 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था। सभी परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र पर पहुंचे थे। लेकिन इस परीक्षा के लिए बनाए गए एक्सपर्ट डॉ एसजेड हक उर्दू विभाग परीक्षा केंद्र पर नही पहुंचे। जिसके कारण सभी 10 अभ्यर्थियों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। अभ्यर्थियों को वापस लौटने पर उनमें काफी नाराजगी दिखी। मैट्रिक पद की परीक्षा को स्थगित कर दी गई। मदरसा प्रबंधन समिति के सचिव सेराज अली ने बताया की लिखित परीक्षा 80 अंक रखा गया था। 20 अंक के लिए साक्षात्कार लिया गया। इसकी रिपोर्ट जैक को दिया गया। जैक के माध्यम से परिणाम प्रकाशित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष दानिश आलम, सचिव सेराज अली, हेड मौलवी मुफ्ती सरफराज अहमद, शोएब अख्तर, शिक्षक प्रतिनिधि सहबाज आलम, विधायक शिक्षक प्रतिनिधि गाजो यादव, स्वास्थ्य प्रतिनिधि रिजवान अली आदि लोग ने योगदान दिया।

### श्रावण के पुर्णिमा के शुभ अवसर पर बेलादोहर में अखंड हरि कृतन का हुआ शुभारंभ

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के ग्राम बेलादोहर बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में 24 घंटे का आयोजित अखण्ड हरि कृतन का हुआ शुभारंभ।जिसमे मुख्य रूप अपने



गाँव बेलादोहर में जीप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अखंड हरि कृतन से वातावरण शुद्ध होते है,नकारात्मक ऊर्जा का नाश,और सकारात्मक शक्तियों का विकास होता है।मन को शांति मिलती है,और आध्यात्मिक चेतना जागृत होते है। आस पास के ग्रामीण के लोग भी अखंड हरि कृतन में शामिल हुए। मौके पर में जिबलाल यादव,केदार यादव,राजू राणा,दिनेश यादव,रामु यादव,नरेश यादव,मनोज यादव,विकाश यादव,सुजीत यादव, राजदेव यादव,बाबूलाल पासवान, श्यामदेव यादव,बिमलेश रविदास,महेन्द्र राणा,राजू राणा, अर्जून यादव,राजेश यादव सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

### समस्या निदान बीएसएफ कैम्प शिविर का अयोजन आज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केएसबनयाल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेल हजारीबाग की पहल पर सभी केन्द्रीय पुलिस बल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों, अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारी और अन्य कर्मचारियों को सेवानिवृति उपरांत मिलने वाली पेंशन व अन्य पावना, सुविधाओं की प्राप्ति में समस्या के समाधान हेतु आज 11ः00 बजे मेरू कैम्प के परिवार कल्याण केन्द्र में एक मीटिंग सह शिविर का आयोजन किया गया है। बीएसएफ महानिरीक्षक की ओर से सेवानिवृत अधिकारियों, जवानों, कर्मियो से अपील की है कि उपरोक्त कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा उपस्थित होकर आप अपनी समस्यायें व सुझाव जैसे कि पेन्शन, कैंटीन सुविधा, हॉस्पिटल से संबंधित सुविधाएँ आदि को उपरोक्त कार्यक्रम उपस्थित हो कर सक्षम अधिकारी के समक्ष रखे ताकि अवलोकन एवं निष्पादन किया जा सके।

### हजारीबाग की बहनें सशक्त बनें, इसके लिए उठा रहा हूं हर कदम : जयंत सिन्हा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने महिलाओं व छात्राओं के साथ में राखी का पावन त्यौहार मनाया। उन्होंने कहा कि हज़ारीबाग लोकसभा की मेरी बहनें सशक्त, आत्मनिर्भर व स्वाबलंबी बनें, मेरा यही प्रयास है। मुझे अपनी बहनों से राखी बंधवाकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। सांसद हज़ारीबाग स्थित आर्ष कन्या गुरुकुल पहुंचने पर गुरुकुल की छात्राओं ने उन्हें राखी बाँधी। गुरुकुल के प्राचार्यो और छात्राओं ने अपने सांसद से गुरुकुल की मरम्मत समेत अन्य विकास कार्यों का आग्रह किया है। इस पर तत्काल संज्ञान लेकर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हम सांसद मद समेत अन्य माध्यमों से यह सभी कार्य जल्द पूरा करवाएंगे।

### वेंडिंग जोन के लिए उपायुक्त को दिया आवेदन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कचहरी रोड में अपनी दुकान लगानेवाले फुटपाथ दुकानदारों को नगर निगम के द्वारा हटा दिया गया है।इस बाबत दुकानदारों ने एक आवेदन उपायुक्त को दिया है जिसमे उनकी आजीविका के लिए वेंडिंग जोन के निर्माण की गुजारिश की गई है।उनका कहना है कि केन्द्र सरकार एवं उच्चतम न्यायालय के 2014 अधिनियम के तहत गरीब फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पहले बसाना होगा। लेकिन कचहरी रोड पर वकीलों के द्वारा पार्किंग स्थल में अपना होर्डिंग लगाया हुआ है। उन लोग पर कोई अतिक्रमण लागू नहीं किया जाना ऐसा प्रतीत होता है कि नियम कानून सिर्फ हम गरीबो के लिए हीं है।

### हजारीबाग साई परिवार ने दिखाई दरियादिली

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साई परिवार ने एक बार फिर ऐसी दरियादिली दिखाई । एक कैंसर पीड़ित मासूम बच्चे के इलाज में आर्थिक मदद पहुंचाया गया। ज्ञात हो की हजारीबाग शहर के नूरा निवासी मुकेश शर्मा और कौशल्या देवी के 6 वर्षीय मासूम आयुष शर्मा जो कि लिवर कैंसर से ग्रसित हैं और फिलहाल उनका इलाज मायो हॉस्पिटल, नागपुर में चल रहा है। साई परिवार के सदस्यों ने कैंसर पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए 26,100 रुपए का नगद राशि सौंपा। पीड़ित बच्चे के परिवार के पास बैंक खाता नहीं होने की स्थिति में साई परिवार के सदस्यों ने नागपुर में रहने वाले साई परिवार के सदस्य धनंजय कुमार के द्वारा यह नगद राशि पीड़ित परिवार तक पहुंचवाया ।

## हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा माताओं बहनों को दिया गया रक्षाबंधन का तोहफा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर माताएं एवं बहनों के लिए निःशुल्क ई रिक्शा का परिचालन शुरू किया गया। ई रिक्शा के माध्यम से माताएं बहने शहर के किसी भी कोने में अपने भाई को रक्षा सूत्र बांधने के लिए जा सके इसी दृष्टिकोण से हजारीबाग यूथ विंग ने ई रिक्शा परिचालन को निशुल्क रखा। यह सुविधा एकदिवसीय थी। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि ईश्वर के बाद माताएं एवं बहनों को पूजा जाता है। आप सबों का आशीर्वाद सदैव हजारीबाग यूथ विंग पर बनी रहे। हजारीबाग यूथ विंग सेवा के कार्यों के लिए हमेशा तत्पर है।

अध्यक्ष लखन खंडेलवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग सेवा के माध्यम से कुछ कर सके यह सौभाग्य की बात होगी, सेवा ही धर्म के निमित्त कार्य हमेशा होते रहेगा।

## पतरातू मेरी माटी मेरा देश फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर प्रखंड पतरातू कार्यालय के परिसर में मेरी माटी मेरा देश मिट्टी को नमन वीरों को चंदन कार्यक्रम के तहत फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई।कार्यक्रम शुरू होने से पहले अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे पंचायत समिति सदस्य ज्योति गुप्ता सांसद प्रतिनिधि सुखदेव प्रसाद प्रधान सहायक चितरंजन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया तथा जागरूकता रथ केंद्र सरकार की 9 साल पूरी होने के 9 साल के सरकार की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की चल रही योजनाओं के बारे में विशेष जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक करेगी।

## बड़कागांव थाना परिसर में रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महिला समाज तथा एकल अभियान की ओर से बड़कागांव थाना परिसर में रक्षा बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपने घरों से दूर जनता की सेवा और सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों और जवानों को महिलाओं ने राखी बांधी।

महिलाओं ने बड़कागांव सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, एस आई रितेश कुमार राव के अलावा उपस्थित पुलिस जवानों को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। रक्षाबंधन कार्यक्रम में मौके पर मुख्य रूप से मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, बासमती कुमारी, सुषमा राणा, सेवन्ती कुमारी, संगीता कुमारी, आचार्य गीता कुमारी, धानो कुमारी, ज्योति कुमारी, सुचित्रा राणा सहित पुलिस जवान उपस्थित थे।

## ईद मिलादुन्नबी के मौके पर क्विज का होगा अयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मिल्लत इस्लामिया मरकज, बरकाकाना क्षेत्र की बैठक एदारा ए शरिया, रामगढ़, अंसाराबाद दुर्गी के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 24 सितंबर 2023 को ईद मिलादुन्नबी के मौके पर मदरसा अहले सुन्नत नुरुल इसलाम, अंसाराबाद दुर्गी, नया नगर बरकाकाना में इस्लामिक ज्ञान पर आधारित क्विज आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए इस्लामिक ज्ञान पर आधारित तीन सौ प्रश्नोत्तर निहित ÷इस्लामी मालूमात÷ नामक पुस्तिका तैयार की गई। आज की बैठक के दौरान सरपरस्त हाजी मुहम्मद खलील, सदर हाजी ताहिर हुसैन और इलाके के उलमा के कर कमलों से इस पुस्तिका का विमोचन किया गया। प्रोफेसर शाहनवाज खान द्वारा पुस्तिका का संपादन किया गया जिसे मजलिस उलेमा झारखंड के निदेशक मौलाना अबू हुरैरा मिसबाही द्वारा संशोधित किया गया। एदारा ए शरिया, रामगढ़ के मुफ्ती अब्दुल कुदुस मिसबाही के पर्यवेक्षन में कार्य संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष हाजी ताहिर हुसैन ने कहा कि मरकज के द्वारा शिक्षा जागरूकता के लिए क्षेत्र में एक वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मैं मरकज के सभी सदस्यों के साथ मरकज के सचिव प्रो. शाहनवाज खान का विशेष रूप से आभारी हूं, जिनकी बुद्धिमत्ता, कड़ी मेहनत और प्रयासों से यह पुस्तिका आप तक पहुंच रही है। संचालन करते हुए सचिव प्रो. शाहनवाज खान ने कहा कि इस्लाम में ज्ञान का बहुत महत्व है। ज्ञान प्रकाश और मार्गदर्शन है जबकि अज्ञानता अंधकार और निराशा है। इस्लाम ने हमें ज्ञान प्राप्त करने का आदेश दिया है, कुरान और हदीस में ज्ञान का बहुत महत्व और लाभ वर्णित है। उनमें ज्ञान की उत्कृष्टता और ज्ञानी की उच्च स्थिति का उल्लेख किया गया है। बैठक में हाजी मो खलील, हजरत कारी इस्तियाक रिज़वी, कारी मुहम्मद मज़हर हुसैन रिज़वी, कारी गुलाम जाबिर हुसैन फ़ारूक़ी, मौलाना रियाज़ अहमद हनफ़ी, मौलाना गुलाम जिलानी, नसीर अहमद, मोहम्मद सहमत अली, गुलाम रब्बानी, तफजल अंसारी आदि मौजूद थे।

## बड़कागांव प्रखंड में भाई बहनों का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सावन पूर्णिमा के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड में भाई बहनों के प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन काफी धूमधाम के साथ मनाई गई। एक दिन पूर्व बुधवार को रक्षाबंधन को लेकर सामग्रियों की खरीदारी पूरी कर ली गई थी। गुरुवार को अहले सुबह से ही लोग रक्षाबंधन को लेकर तैयारी में जुट गए थे। लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा पाठ किया। बहनों ने भाइयों के कलाइयों में राखी बांधकर व आरती उतार कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान भाइयों ने अपने बहनों को इच्छा अनुसार पैसे और उपहार दिए। बड़कागांव प्रखंड के बड़कागांव, बादम, हरली, विश्रामपुर, गोसाई बलिया, नापोखुर्द ,सांढ ,सीकरी ,चंदौल अंबाजीत, मोहगाई कला, कांडतरी, सोनपुरा, जुगरा, चेपाकला, डाड़ीकला, आदर्श गुरु चट्टी, के अलावा प्रखंड के सभी 84 गांव में रक्षाबंधन मनाई गई।

## बरही में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार, भाइयों ने लिया रक्षा का संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बहन-भाई के प्यार का प्रतिक रक्षा बंधन त्योहार की उत्सव धूम धाम से मनाया गया। बहनों ने भाईयों के कलाई पर राखी बांधी, वहीं भाइयों ने बहनों की सुरक्षा का प्रण लिया। भाई बहन का अनोखे पवित्र रिश्ते का यह त्यौहार सभी जगह धूम रही। हिन्दु धर्म में किसी भी कार्य के लिए शास्त्रों में उसका शुभ समय निर्धारित होता है। बताया जाता है कि इस वर्ष रक्षाबंधन बुधवार को रात 09 बजकर 03



मिनट के बाद एवं गुरुवार को सुबह 07 बजकर 7 मिनट से पहले राखी बांधने पर लोगों ने विश्वास रखा। यानी रक्षा बंधन बरही में भी बुधवार व गुरुवार को मनाया गया। बरही बाजार में त्यौहार को लेकर खासी रौनक रही। जगह-जगह राखी दुकान व मिठाई की दुकानें सजी रही। राखी हाउस, गिफ्ट हाउस के दुकानों से लेकर बरही के मद्धेशिया स्वीट्स, मधुलिका स्वीट्स, तथास्तु मद्धेशिया नेक्स्ट स्वीट्स, रसराज स्वीट्स, विनय होटल आदि होटलों द्वारा मिठाई के लगे स्टॉलों में अपार भीड़ रही। जगह जगह रक्षा बंधन से संबंधित गीत बज रहे थे जो और भी मन को आनंदित कर रही थी। छोटे छोटे नन्हें-मुन्ने भैया बहनों में भी काफी हर्ष कायम रहा।

## नीति आयोग के केंद्रीय एडिशनल मिशन डायरेक्टर शेखर आनंद पहुंचे पतरातू के बिरहोर कोलोनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** नीति आयोग के केंद्रीय एडिशनल मिशन डायरेक्टर आनंद शेखर और जिला नियोजन पदाधिकारी राजेश कुमार प्रखंड पतरातू के पंचायत कोतो बिरहोर कॉलोनी पहुंचे। जहां पर शेखर आनंद ने बिरहोर कॉलोनी में जमीन में बैठी कम कर रही महिलाओं के पास जाकर जमीन में बैठकर बात की। इतने बड़े अधिकारियों को जमीन में बैठे देख लोग आश्चर्य चकित हो गए उसके बाद लोगों ने तुरंत कुर्सी मंगाई। उसके बाद बिरहोर परिवार की महिला पुरुष एवं बच्चों से घंटो बातचीत की बातचीत के क्रम में शेखर आनंद ने उनके शिक्षा स्वास्थ्य और जीवन यापन में आने वाले कठिनाइयों के बारे में विस्तार पूर्वक जाना। तथा उपस्थित बिरहोर परिवारों से कैसे उनके जीवन में सुधार लाया जाए उसके बारे में भी लोगों से उपाय मांगे। तथा शेखर आनंद ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक करते हुए कहा की सरकार आपके बेहतर जीवन हेतु कई योजनाएं ला रही है जिसमें एक विश्वकर्मा योजना है। और विश्वकर्म योजना में बिरहोर के परिवार को ट्रेनिंग देकर लोन देकर अच्छे जीवन यापन करने हेतु प्रेरित कर रही है। इसलिए उपस्थित विरोहर परिवार के सदस्यों से शिक्षा और रोजगार से जुड़ने में हेतु आग्रह किया। बातचीत के बाद शेखर आनंद ने पूरे बिरहोर कॉलोनी का मुआयना किया और उपस्थित पंचायत सेवक सरजू महतो और जेएसपीएल महिला समूह कोऑर्डिनेटर को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बताते चले पतरातू प्रखंड के पंचायत कोतो में कई वर्षों से बिरोहर परिवार जीवन यापन कर रहे हैं जो अब विलुप्त के कगार पर है किसी समय पंचायत कोतो के बिरोहार कॉलोनी में 18 परिवारों का सदस्य रहता था जो धीरे-धीरे घट के अब 12 परिवार ही रह गये है। जिसमें दो से तीन ही शिक्षित शिक्षा प्राप्त कर पाए।मौके पर बिरहोर परिवारों को शेखर आनंद ने बताया कि सरकार बिरोहर परिवार को बचाने हेतु कई कदम उठा रहे हैं। बातचीत के क्रम में शेखर आनंद ने बताया कि सारी जानकारी जुटाना के बाद केंद्र को रिपोर्ट की जाएगी और बिरहोर परिवारों को जेएसएलपीएस समूह से जोड़कर अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की कोशिश करेगी। मौके पर पालू मुखिया पानो देवी,कोतो पंचायत के उप मुखिया उमा कुमारी,पूर्व मुखिया गंगाधर महतो,पंचायत सेवक सरजू महतो,नरेश महतो,प्रधान सहायक चितरंजन कुमार और काफी संख्या में बिरोहर परिवार के सदस्य के साथ ग्रामीण उपस्थित उपास्थि रहे।

## विष्णुगढ़ के अचलजामु में आईसीटी टीचर ट्रेनिंग फेज टू का प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत अचलजामो राजकीयकृत मध्य विद्यालय में दस दिवसीय आईसीटी टीचर ट्रेनिंग फेज टू का आरंभ हुआ। जिसमे इस ट्रेनिंग का मास्टर ट्रेनर अक्षय कुमार, अचलजामो राजकीयकृत मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश यादव, आईसीटी इंस्ट्रक्टर कंप्यूटर ऑपरेटर अनुज प्रसाद शामिल हैं। इस ट्रेनिंग में छह विद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण के लिए चुने गए हैं, जिसमे अचलजामो,सिरेय,करगालों, सारूकुदर,नागी,गाल्होबार से शिक्षकों में अरुण कुमार गोस्वामी, संजय कुमार, अशोक कुमार, टिको महतो, यशोदा देवी, संजू देवी, दुलारचंद महतो, सुरेश यादव, अयूब अंसारी, रोहित महतो, हेमंती देवी आईसीटी इंस्ट्रक्टर शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षक अरुण कुमार गोस्वामी ने बताया कि यह ट्रेनिंग दस दिवसीय जो सात सितंबर तक शिक्षकों का ट्रेनिंग दिया जा रहा है।आगे बताया कि प्रत्येक विद्यालय में दस से बारह लैपटॉप उपलब्ध कराया गया है।वही इस ट्रेनिंग का मुख्य लक्ष्य है कि शिक्षकों को आधुनिक तकनीक के साथ बच्चों को शिक्षण कार्य पूर्ण करवाना लक्ष्य है।

## भारत जोड़ो अभियान का जनसंपर्क जत्था रामगढ़ से गुजरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारत जोड़ो अभियान का जनसंपर्क जत्था आज 31 अगस्त 2023 को रामगढ़ से गुजरा। यह जत्था डुमरी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर निकला है। इसी क्रम में भारत जोड़ो अभियान की एक टीम रामगढ़ में जनसंपर्क के लिए रुकी। भारत जोड़ो अभियान की झारखंड राज्य शाखा का गठन भारत की और झारखंड की सांस्कृतिक विविधता सामाजिक ताना-बाना झारखंड के संघर्ष और झारखंड के नवनिर्माण के सवाल को लेकर राँची में विगत 12 अगस्त को हुआ था। रामगढ़ का दौरा करने वालों में झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता दयामणी बारला, गणेश रवि, आलोका कुजूर, अधिवक्ता मिन्हाज अखूतर शामिल थे। जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विस्तृत चर्चा हुई। गौरतलब है कि योगेन्द्र यादव और विजय महाजन भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हैं।

बसंत हेतमसरिया ने बताया कि भारत जोड़ो अभियान भविष्य में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रामगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बना रहा है। रामगढ़ में जत्थे का स्वागत बसंत हेतमसरिया, शिक्षाविद बलराम सिंह, पन्नालाल राम, लेखक सुशील स्वतंत्र आदि ने किया।

## मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा ने रक्षाबंधन पर सिख रेजीमेंट केंद्र के सैकड़ों सैनिक भाइयों को राखी बांधा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर स्थानीय सीख रेजीमेंट केंद्र में जाकर सैकड़ों सैनिक भाइयों को राखी रूपी रक्षा सूत्र बांधा गया। समिति की बहनों को आर्मी कैंप के अंदर रक्षा सूत्र बांधने के लिए आमंत्रित करने के लिए ब्रिगेडियर शैलेश सती को समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने शॉल उढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया तथा समिति की बहनों द्वारा स्वरचित एक कविता की प्रतिलिपि ब्रिगेडियर साहब को सौंपी , जिसे पाकर ब्रिगेडियर साहब अभीभूत हुए तथा समिति के कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा समिति की अध्यक्षा को उन्होंने वचन दिया समिति को किसी कार्य के लिए उनकी आवश्यकता होगी तो वह सदैव तत्पर रहेंगे। इस



अवसर पर समिति की बहनों द्वारा हमारे वीर जवानों को तिलक लगाकर रक्षा सूत्र बांधकर मिठाई के डब्बे प्रदान किए गए, समिति के इस कार्य की सैनिकों ने जमकर सराहना की तथा उन्होंने यह कहा कि आप लोगों की इस कार्य से हमें दूर बैठी अपनी बहनों की कमी पूरी हो गई और हमें यह एहसास हो रहा है कि हम अपने घर पर ही रक्षाबंधन का पर्व मना रहे हैं, इस अवसर पर उन्होंने समिति की बहनों के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था की। समिति की बहनों द्वारा सैनिकों की सलामती तथा दीर्घायु की कामना की गई। इस कार्य में अध्यक्ष निशा जैन के अलावा सचिव सिम्पल बरेलिया,प्रिया अग्रवाल,रिद्धि जैन, स्वाति अग्रवाल, नैना मेवाड़ ,पूनम गर्ग, राखी शर्मा , श्वेता बगड़िया,गरिमा अग्रवाल आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पिपरवार क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया भाई-बहन का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गुरूवार को भाई-बहन का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह बहनों ने सबसे पूर्व मंदिरों में जाकर विधिवत पूजा अर्चना की,जिसके बाद घर में अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की।वही भाइयों ने भी बहनों को उपहार प्रदान कर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया।मुहूर्त के अनुसार अधिकांश लोगों ने गुरूवार की सुबह राखी बंधवाया।भाई-बहन के इस अटूट त्यौहार में काफी उत्साह देखा किया।छोटे-छोटे बच्चों में रक्षाबंधन को लेकर काफी उत्साह देखा गया।पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा, राय, बहेरा, कल्याणपुर, बेंती, किचटो, बिलारी, कारो, चिरैयाटांड़, बुंडू , आदि थे ।

## भाजपा नेता ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के भाजपा नेता राजू गुप्ता ने रांची सांसद संजय सेठ से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से उन्होने रांची के कटहल मोड से सिमरिया चतरा तक फोरलेन सड़क लाईन को राय के रास्ते बनाने की मांग की गई।उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व यह सूचना मिली कि यह फौरलेन रांची से ठाकुरगांव, बुढ़मू, बमने होते हुए बचरा पंचवटी के रास्ते बनाने को लेकर मापी किया गया और इसका डीपीआर तैयार किया जा रहा है, जबकि पूर्व मे यह फौरलेन राय पंचायत के रास्ते बनाने की योजना थी।उन्होंने कहा कि राय पंचायत कोयलांचल क्षेत्र का सबसे पुराना गावं है,यहां के लोग आज भी धुल फांक रहे है,ऐसे मे फोरलेन बचरा के रास्ते निकाले जाने से यहां के लोगो मे निराशा है।

## कोयलांचल अरगड्डा- सिरका में रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा-सिरका, जीएम ऑफिस सहित गांव टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, चुंबा, हेसला, मनुवां, फुलसराय आदि इलाकों में गुरुवार को रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मना। बहनों ने भाइयों की कलाई पर रेशम की डोरी बांधकर दीर्घायु और निरोगी जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपने बहनों को उपहार भेंट कर रक्षाबंधन त्योहार को यादगार बनाया। बड़े ने छोटो को मनमोहक गिफ्ट दिया। जबकि छोटों ने अपने बड़ों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। त्योहार को लेकर क्षेत्र में चहल-पहल रही। फल, फूल मिष्ठान और जनरल स्टोर में भीड़ दिखाई पड़ी।

## छात्राओं ने झारखण्ड पुलिस के जवानों को राखी बांधकर आशीर्वाद लिया

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रानी कर्मवती के समय से 21वीं सदी तक, महान भारतीय परंपरा के अनुपम उदाहरण के रूप में, गिद्दी थाना हजारीबाग झारखण्ड में उपस्थित होकर, गौतम कुमार के प्रतिनिधित्व में, थाना प्रभारी, सुधीर प्रसाद साह के अनुमति सापेक्ष में, रजित कुमार पाण्डेय, चन्दन उरांव ,अन्यकेत सिंह, हृदयानन्द मांगी, आनन्द कु. पाठक, मुकेश कुमार सिंह, मो. हकीम, मो. सरफुद्दीन अंसारी, अनिल कुमार सिंह, भाजु एक्का एवं स्टाफ, प्रयोग बेदिया को राखी बांधकर मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किए। उल्लेखनीय हैं, कि जो जवान काव्य करते हुए, बहनों से राखी बंधवाने अपने घर उपस्थित नहीं हो सके उनकी भावनाओं को मर्यादा देने के लिए प्रत्येक वर्ष गिद्दी के बहनों ने उनका रक्षाबंधन करती है। झारखण्ड पुलिस बल के लिए यह एक सम्मान प्रदान किया जाता है। सिटिजेन फोरम विद्यालय, गिद्दी की अन्तरा सिंह, कश्मीरा, पीठ, अंजली कुमारी, नन्दिनी, समाकुमारी, निधि, सिद्धि कुमारी, रीति, दिया, प्रिया, अनामिका ने, शिक्षिकानिशिका की प्रतिनिधित्व में, जिला स्काउटस गाईडस के उपाध्यक्ष एवं प्राचार्य उदयशंकर भट्टाचार्य की अगुवाई में रक्षाबंधन की पावन पर्व उत्तरदायित्व का पालन किए।

## विधायक ने आरागड़ा में किया 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने आरागड़ा में 100 केवी का ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने बताया की पहले 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था। लोड अधिक होने के कारण 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया था। जिसके बाद से लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। इसकी सूचना विधायक को दी गई। विधायक ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग से वार्ता करवाकर ट्रांसफार्मर लगवाया। जिससे ग्रामीणों में खुशी देखी गई। मौके पर अध्यक्ष अब्दुल मनान वरसी, विधायक प्रतिनिधि अंचल बरही बीरेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रखण्ड बरही मो वारिस, राजू राणा विधायक प्रतिनिधि विधुत विभाग, बरही मो रिजवान अली विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग बरही , मो असलम विधायक प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग बरही , मनोज रविदास मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि, मो हबीब, मो सरताज पंचायत अध्यक्ष धनवार, मो मुख्तार ,मो समीम, रजिया खातून, सुल्ताना खातून, हलिमन खातून ,गुलाम मुस्तफा, मो ताहिर ,डॉ मो जाहिर सहित कई लोग मौजूद थे।

## अरगड्डा महाप्रबंधक ने पहला कड़ाही मशाला लेकर दुर्गा मंडप का ढ़लाई कार्य किया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगडा महाप्रबंधक कार्यालय के समीप नव निर्मित दुर्गा मंडप का ढ़लाई कार्य जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने सावन पूर्णिमा के अवसर पर पहला कड़ाही मशाला पूजा अर्चना कर ढ़लाई कार्य में मशाला देकर गुरुवार को नव निर्मित दुर्गा मंडप का कार्य शुभारंभ किया गया। मौके पर मौजूद पूजा कमेटी सचिव सुखदेव सिंह ने कहा कि नव दुर्गा मंडप कमेटी के सदस्यों की ओर बनाया जा रहा हैं। अरगडा महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया है कि पूजा पूर्व मंडप का सुन्दरीकरण सीसीएल के तरफ से करवाया जाएगा । साथ ही सचिव ने क्षेत्र के भक्त जनों से तन मन धन से सहयोग करने की अपील की है । वहीं महाप्रबंधक ने दुर्गा मंडप बेहतर ढंग से सुन्दरीकरण और अन्य कार्य पूजा पूर्व करवाया जाएगा । मौके पर पूजा कमेटी अध्यक्ष जीएम सुधांशु कुमार पांडे , सचिव सुखदेव सिंह , सहसचिव चरण , कोषाध्यक्ष धमेन्द्र कुमार , सह कोषाध्यक्ष इंद्रजीत , कमेटी के सदस्यों में सुभाष राजभर , देवकांत सिंह , दुर्गेश सिंह , उपस्थित लोगो में कमरूदीन खान , मनोज गोप , सुरेन्द्र रजक , अनील सिंह , महमूद , गणेंश मुन्डा आदि उपस्थित थे ।

## रक्षाबंधन के अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** हज़ारीबाग जिला अन्तर्गत्त बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के बरकट्ठा प्रखंड़, पंचायत बरकनगांगो, ग्राम छुतहरी कटिया में विवेकानंद क्लब छुतहरी कटिया के तत्वाधान में रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर आयोजीत फुटबॉल टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर व फुटबॉल को कीक मारकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने किया.उद्घाटन मैच यादव स्पोर्टिंग क्लब,लोकिया(बरकट्ठा) बनाम जयहिंद क्लब कुशाहन(जयनगर) के बीच खेला गया। जिसने खेल के दौरान परिणाम नहीं निकलने पर पेनाल्टी शूटआउट से जय हिंद क्लब कुशाहन की टीम 5-3 से जीत दर्ज की। इस अवसर पर उदघाटन कर्ता पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि इस तरह के खेल का आयोजन से युवाओं में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। वहीं खासकर फुटबॉल मैच खेलने से रक्त संतुलन बना रहता है जो कि स्वाथ्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने विवेकानंद क्लब के सम्मानित सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किये।मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सरयू प्रसाद, पंसस मनोज यादव, बीरेंद्र यादव, प्रदीप यादव, राजेन्द्र यादव, सबीर अंसारी, गंगाधर महतो, संतोष यादव, अमित कुमार, आशीष यादव, किशोर यादव, विनय यादव, प्रेमशंकर पासवान, चंदन यादव, चंद्रदेव रजक, पप्पू यादव, राहुल यादव सहित भारी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## डोर राखी की : सदर विधायक ने क्षेत्र की बहनों संग मनाया रक्षाबंधन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने रक्षाबंधन का त्यौहार गुरुवार को पारंपरिक तरीके से अपनी क्षेत्र की बहनों संग मनाया । तत्पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ने भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने विधायक मनीष जायसवाल के कलाई में रक्षासूत्र रूपी राखी बांधकर स्नेह और आशिर्वाद प्रदान किया। विधायक मनीष जायसवाल ने क्षेत्र की समस्त बहनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी और जिन बहनों ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधा उनके प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र की बहनों के आशीर्वाद स्नेह और प्यार से अभिभूत और नतमस्तक हूं।

## डीजल चोरों ने सीसीएल पेट्रोलियम वाहन पर किया पथराव, शीशा हुआ क्षतिग्रस्त

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के खुली खदान सिरका कोलयरी में बीते बुधवार रात्रि करीब साढे 12:30 बजे अज्ञात 10-12 डीजल चोरों के पथराव के कारण सीसीएल पेट्रोलियम गश्ती दल बोलेरो का आगे का शीशा छतिग्रस्त हो गया। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली हैं। सुरक्षा विभाग की सूचना पर रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची तब तक डीजल चोरों का दल फरार हो चुंका था। इस संबंध में सुरक्षा प्रभारी देवनाथ महतो ने बताया कि खुली खदान एलएनटी मशीन 300 से डीजल चोरी के फिराक में 10 से 12 अज्ञात चोरों का दल बीते रात्रि में धावा बोला। यहां तैनात सीसीएल गार्ड बासुदेव और होमगार्ड अमित कुमार बेदिया ने मोर्चा संभाला। सुरक्षा गार्ड्स की सूचना पर सीसीएल गश्ती सुरक्षा प्रहरी भुवनेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल करने के दौरान अपने को घिरता देख डीजल चोरों ने पेट्रोलिंग गाड़ी पर पथराव कर दिया।

## बुधबाजार भुईयां टोला के सीसीएल कर्मी की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत पुलिस जांच में जुटी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र गिद्दी के जीएम ऑफिस बुधबाजार भुईयां टोला निवासी सह सीसीएल कर्मी क्षेत्रीय अरगड्डा एकाउंट ऑफिस में कार्यरत राहुल भुईयां उम्र लगभग 25 वर्ष की संदेहास्पद स्थिति में मौत का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि मृतक राहुल सुबह अपने घर में काफी देर तक शो कर नहीं उठा। अचेत अवस्था में पड़े रहने पर परिजनों और आस-पास के लोगों ने सीसीएल अस्पताल नईसराय ले गए। जहां डॉक्टर ने जांच कर घंटो पहले मृत्यु हो जाने के बारे में बताया। सूचना मिलने के बाद रामगढ़ पुलिस जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में कर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा। जानकारी के मुताबिक मृतक सीसीएल कर्मी राहुल भुईयां बीते बुधवार यज्ञ पूजा भंडारा में शामिल होने के बाद घर लौटा था। उसकी माता चरकी देवी अपनी बेटी के यहां गई हुई थी। जबकि पिता स्वर्गीय जयलाल भुईयां की मृत्यु के पश्चात बीते करीब 6 वर्ष पहले सीसीएल कर्मी के रूप में नौकरी लगी थी।

# चुटूपालू घाटी में सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक व खलासी की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़-रांची फोरलेन के चुटूपालू घाटी में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक व खलासी की मौत हो गई। जबकि, ट्रेलर का चालक व खलासी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर 1.30 बजे छत्तीसगढ़ से गुड़ लाद कर ट्रक सीजी 07 सीए- 8432 रामगढ़ कृषि उत्पादन बाजार समिति जा रही थी। इस बीच ट्रक अनियंत्रित होकर घाटी के गंडके मोड़ के पास पहाड़ पर चढ़कर गड्ढे में जा गिरा। दुर्घटना में ट्रक का परखच्चा उड़ गया, और ड्राइवर खलासी केबिन में दब गए। सूचना पर रामगढ़ थाना की एएसआई मालती कुमारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर ट्रक में दबे ड्राइवर व खलासी को बाहर के लिए रेस्क्यू की। पुलिस ने घंटो मशक्कत के बाद चालक व खलासी ट्रक से बाहर निकाल कर सदर अस्पताल ले गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। दुर्घटना की सूचना ट्रक मालिक को दी गई है। इधर, पुलिस सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में शवों का पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने में जुट गई।दूसरी और चुटूपालू घाटी में ही सुबह ट्रेलर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें, ट्रेलर चालक व खलासी घायल हो गए।

## भाई बहन के पवित्र रिश्ते व अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन त्योहार धूमधाम से हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र में धागों का त्यौहार रक्षाबंधन मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों के कलाई पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र का कामना किया नन्हे मुन्ने बच्चों जुआ वर्ग बायो वृद्ध महिला पुरुषों ने भी भाई-बहन की पवित्र रिश्ता को रक्षा सूत्र बांधकर खुशियां जताई वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर एक दूसरे को दीर्घायु होने की कामना किया रक्षाबंधन त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और पवित्र रिश्ता आस्था का पर्व है जिसे युग युग से हिंदू धर्मावलंबियों के द्वारा के द्वारा मनाते आ रहे जिसे लोग आज बड़े ही धूमधाम से निरंतर मनाने का काम करते आ रहे हैं सुबह से ही बहनों द्वारा राखी अपने घरों में पहुंच कर भाइयों को राखी बांध अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध आरती उतारी एवं मिठाई खिलाकर ,तिलक लगाये तथा उन्हें बधाई दी रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर काफी चहल पहल रहा राखियां खूब विकी मिठाई भी खूब बाइक और इस मौके पर सांडी चितरपुर, कुंदरु कलां, बरलोंग, छतर मांडू ,मार्गमर्चा,मायल,बडकी पोना,लारी,सुकरी गड़ा,सोसो उसरा,सिकनी,जामसिह,कोरचेरजरप्पा उत्तरी सेवई दक्षिणी सेवई प्रोजेक्ट,ढुठूआ,दुलमी, आदि दर्जनों गांव में भाइयों ने बहनों सुख समृद्धि और शांति के लिए आशीर्वाद भी

## वात्सल्य धाम के बच्चों के बीच त्योहार मनाकर मंगलकामना की गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के छत्तर मांडू स्थित है वात्सल्यधाम के बच्चों के बीच रक्षा बंधन का त्योहार मनाकर खुशियां बांटने का प्रयास किया गया है। गोला के वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र और व्यवसायी धनंजय ओझा के परिवार के सदस्यों ने राखी का त्योहार वात्सल्य धाम के उन बच्चों के बीच मनाया, जो अपने अभिभावकों से बिछड़ कर अपनी जिंदगी संवार रहे हैं। यहां परिवार के सदस्यों ने बच्चों को राखी बांधकर उनके भविष्य की मंगलकामना की। सभी बच्चों को तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी गई और कलाईयों में राखी बाँधी गई। उनकी लंबी उम्र और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। मिठाई, टॉफियां बांटकर खुशियां मनाई गई। इस दौरान मौजूद मनोज मिश्र ने बताया कि हम अपने पूरे परिवार के साथ दो वर्षो से वात्सल्यधाम में बच्चों के साथ जन्मदिन और राखी का त्योहार मना रहे हैं। कहा गया कि त्योहारों में हम अपने बच्चों की खुशियां अपने परिवार के बीच मनाते हैं, परन्तु परिवार से बिछड़ कर रह रहे बच्चों की खुशी को लौटाने के प्रयास में हम इन बच्चों के बीच त्योहार मनाते हैं। जिससे कुछ पल बच्चे खुश रहे। ऐसा करने से हमारे बच्चों को प्रेरणा मिलती है और हमें बड़ा आंनद आता है।

## बहन-भाई के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समस्त गोला प्रखंड क्षेत्र में उत्साह पूर्वक, धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। ये पर्व बहन और भाई के प्रेम एवं पवित्र रिश्ते का प्रतीक माना जाता है। इस वर्ष रक्षाबंधन का त्यौहार 30 अगस्त और 31 अगस्त दोनों दिन मनाया जा रहा है। जो बहनें 30 अगस्त को भद्रा नक्षत्र के कारण रक्षाबंधन नहीं मना सकी वो 31अगस्त को भाई के कलाई में राखी बाँधी। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई के कलाई में राखी या रक्षासूत्र बाँधकर अपनी रक्षा का वचन अपने भाईयों से लेती है। राखी बँधवाने की कुछ खास विधियों पर अवश्य ध्यान रखनी चाहिए वास्तुशास्त्र के मुताबिक रक्षाबंधन के दिन भाई को भूलवश भी उत्तर-पश्चिम दिशा में बैठाकर राखी नहीं बाँधनी चाहिए। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार राखी बाँधते समय बहनों का चेहरा दक्षिण-पश्चिम की ओर होना चाहिए तथा भाईयों का उत्तर-पूर्व होना चाहिए।

## रीड-ए-थॉन रूम टू रीड इंडिया द्वारा सामूहिक पठन के लिए शुरू की गई पहल ने कीर्तिमान बनाया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रूम टू रीड इंडिया ने अपने इंडिया गेट्स रीडिंग फ्लैगशिप रीडिंग अभियान के तहत 1 सितंबर, 2023 को सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक रीड-ए-थॉन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । रूम टू रीड इंडिया ने रीड-ए-थॉन 2023 कार्यक्रम के माध्यम से एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का महत्वाकांक्षी प्रयास किया है, जिसमें इस संस्थान ने व्यक्तिगत रूप बैठकर पढ़ने की व्यवस्था वाले परिवेश में रिकॉर्ड संख्या में प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा है। इस आयोजन के तहत देश भर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिभागियों के पढ़ने के लिए व्यवस्था की गई है, जिनमें 11 राज्य शामिल हैं जहाँ यह संगठन सक्रिय रूप से कार्यरत है। रूम टू रीड इंडिया ने पिछले साल कीर्तिमान स्थापित करने के अत्यंत सफल प्रयास में 170,000 से अधिक भागीदारों, यानी बच्चों, माता पिता, समुदाय, सरकारी निकायों, दानदाताओं और अन्य समर्थकों को एकजुट किया था।

## नवोदय विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्राओं ने उपायुक्त को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर बांधी राखी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** नवोदय विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्राओं ने उपायुक्त लोकेश मिश्रा को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर राखी बांधी। उपायुक्त आवास पहुंचकर छात्राओं ने राखी बांधी एवं उपायुक्त ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने छात्राओं से सीधी बात कर उन्हें बेहतर शिक्षा की दिशा में अग्रसर करने की बात कही। उन्होंने उन्हें मैट्रिक परीक्षा की तैयारी को लेकर टिप्स दिए। उपायुक्त ने कहा कि छात्राओं को एकाग्र होकर तैयारी करनी होगी। सभी छात्राएं अपनी क्षमता को बढ़ाएं एवं रूटीन बनाकर सुचारू रूप से पढ़ाई करें। छात्राओं ने उपायुक्त से ब्रूस की तैयारी को लेकर कुछ प्रश्न पूछें।उपायुक्त ने बताया कि किस प्रकार अपने लक्ष्य निर्धारण करते हुए पढ़ाई करें। छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि सुविधाओं के अभाव में भी बिना किसी भय के हम सफल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए तैयारी करनी है।

## सिल्ली मुरी में धुमधाम के साथ मनाया गया रक्षाबंधन त्योहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली/मुरी :** क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। रक्षा बंधन को लेकर बहनों में काफी उत्साह दिखा। सुबह से ही तैयार होकर भाईयों का इंतजार करते दिखी। जैसे ही भाई पहुंचे तो उनका उत्साह से स्वागत किया। बहनें थाल में तिलक, फूल, दूब, राखी व दीये के साथ मिठाई सजाकर आसन पर भाईयों को बिठाया। इसके बाद भाईयों को तिलक लगाकर पूजा की प्रक्रिया पूरी किया। साथ ही बहनों ने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु होने की कामना की। और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान भाईयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया। और उपहार देकर बहनों की खुशियों को दोगुना कर दिया। यह सिलसिला सुबह से देर शाम तक चलता रहा।

## गुम हुआ मोबाइल को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीय रेल थाना मुरी के प्रभारी जमादार मुंडा ने गुम हुआ मोबाइल फोन को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरी के पहाड़ी मुहल्ला निवासी मोहम्मद इस्तखार की पुत्री सानीया आफरीन उम्र 21वर्ष अपनी बहन के साथ 15 अगस्त को सुबह बरलंगा जाने के लिए मुरी रेलवे स्टेशन ट्रेन पकड़ने जा रही थी। इसी बीच उनका मोबाइल फोन कहीं गिर गया। तुरंत गुम होने की सुचना राजकीय रेल थाना मुरी को दिया गया। राजकीय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा ने उसकी लिखित सुचना पर तत्परीत कार्य करते हुए 15 दिनों के अंदर मोबाइल फोन को पलामू से बरामद कर लिया साथ ही बुधवार को सानीया आफरीन के परिजनों को थाना परिसर मे बुलाकर सही सलामत मोबाइल को सुपुर्द कर दिया गया।

## बस ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर पति की मौत पत्नी और बेटी की हालत गंभीर

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया कोवाड़ मुख्य पथ पर स्थित करमाटांड मोड के पास दोपहर रांची से गिरिडीह की ओर जा रही हेमकुंठ नामक एक यात्री बस ने एक मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले लिया जिसके कारण मोटरसाइकिल पर सवार पति चूरामन रजक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल पर सवार उसकी पत्नी एवं बच्ची गंभीर रूप से घायल हैं, आनन फानन में स्थानीय लोगों के द्वारा एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी भेज दिया, जहां डॉक्टरों ने घायलों के हालात को देखते हुवे धनबाद रेफर कर दिया। आपको बता दें कि मृतक चूरामन रजक अपनी पत्नी मंजू देवी एवं बच्ची के साथ भरकट्टा एक रिश्तेदार से मिल कर अपने घर वापस हजारीबाग लौट रहा था, तभी रांची से गिरिडीह लौट रही एक यात्री बस ने अपने चपेट में ले लिया। मृतक हजारीबाग के चालकुशा प्रखंड के परसाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते हीं बिरनी पुलिस सदलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच चुकी थी। इधर बिरनी पुलिस ने बस एवं मोटरसाइकिल को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई है।

## पहला कदम में दिव्यांग बच्चों ने मनाया संदेशयुक्त रक्षाबंधन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की स्कूल पहला कदम में गुरुवार को अलग ढंग से रक्षाबंधन मनाया गया। दिव्यांग बच्चो ने पेड़-पौधों को राखी बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। वहीं बच्चों का कहना है की पेड़ हमें खाना और ऑक्सीजन देते है। इसलिए उन्हें बचाना जरुरी है। साथ ही भाई बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक भारतीय परंपराओं का पर्व रक्षा बंधन धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के बीच यह त्योहार की खुशियां मनाने सरायढेला थाना के एएसआई अरविंद पांडेय तथा समाजसेवी सोहराब खान शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को भाई बहन को आपस मे जोड़ने वाले पर्व के सामाजिक महत्व के बारे में बताते हुए राखी के त्योहार की शुभकामनाएं दी। स्कूल की छात्राओं ने पेड़ के साथ सभी भाईयों तथा अरविंद पांडेय और सोहराब खान को भी राखी बांधी और मिठाई खिलाई। प्रेसिडेंट रेनू दुदानी तथा सचिव अनिता अग्रवाल ने बच्चों को बताया कि पर्यावरण कि रक्षा बहुत जरूरी है और उन्हें रक्षा सूत्र बांध कर एक नेक संदेश दिया। पहला कदम स्कूल की सदैव यह कोशिश रहती है कि हर त्यौहार बच्चे स्कूल में मनाए तथा उन्हें हर त्यौहार के महत्व के बारे में पता रहे।

## दो पड़ोसियों के बीच हुई मारपीट का मामला पहुंचा थाना

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के पाथरबंग्ला मुहल्ला में बुधवार की रात को दो पड़ोसियों के बीच हुई मारपीट के मामले को लेकर दोनों पक्षों ने गुरुवार को एक दुसरे पक्ष के विरुध पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग किया है। मारपीट में घायल राजू प्रसाद और उसकी पत्नी घायल हो गई है। घायल मीना देवी ने जोड़ापोखर थाना में मामला दर्ज कराई है जिसमें कहा कि पड़ोसी राहुल सिंह के घर में रोजाना की तरह कल रात में भी फूल साउंड में बजा बजा रहा था जिसे कम साउंड में बजाने की बात पति राजू प्रसाद द्वारा कहे जाने पर राहुल सिंह प्रिवअर्व्के आधा दर्जन सदस्यों के साथ लाठी डंडा रड से पिटाई करने लगे। शोर गुल सुनकर जब वह पति को बचाने के प्रयाश किया तो राहुल सिंह और उसका बहनोई रंजीत सिंह ने उनके साथ भी मारपीट करते हुए अर्धनग्न कर दिया। मारपीट में वे दोनों पति पत्नी को गंभीर चोटें पहुंची है। गंभीर रूप से घायल राजू को चासनाला अस्पताल में इलाज की जा रही है। दूसरी तरफ राहुल सिंह ने भी जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत कर पड़ोसी मीना देवी और राजू प्रसाद के खिलाफ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में वृद्धि

**हाजीपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 31.08.2023यात्रियों की सुविधा हेतु 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

1.09011 उधना-मालदा टाउन एक्सप्रेस उधना से 28.09.2023 तक प्रत्येक गुरूवार को चलेगी

2. 09012 मालदा टाउन-उधना स्पेषल मालदा टाउन से 01.10.2023 तक प्रत्येक रविवार को चलेगी ।

3.09525 ओखा-नाहरलुगान स्पेषल ओखा से 12.09.2023 तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी ।

4.09526 नाहरलुगान-ओखा स्पेषल नाहरलुगान से 16.09.2023 तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी ।

5.09417 अहमदाबाद-पटना स्पेषल अहमदाबाद से 04.09.2023 तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी ।

6.09418 पटना-अहमदाबाद स्पेषल पटना से 05.09.2023 तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी ।

7.09343 डा. अंबेदकरनगर-पटना स्पेषल डा. अंबेदकरनगर से 29.09.2023 तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी ।

8.09344 पटना-डा. अंबेदकरनगर स्पेषल पटना से 30.09.2023 तक प्रत्येक शनिवार को चलेगी ।

9.09033 उधना-बरौनी स्पेषल उधना से 27.09.2023 तक प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चलेगी ।

10.09034 बरौनी-उधना स्पेषल बरौनी से 29.09.2023 तक प्रत्येक बुधवार एवं षुक्रवार को चलेगी ।

इन स्पेशल ट्रेनों का समय, ठहराव और कोच संयोजन पूर्ववत् रहेगा ।

## रागिनी सिंह ने सत्येंद्र कुमार सिंह को जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता मजदूर संघ को त्याग कर आए हुए सत्येंद्र कुमार सिंह को जनता श्रमिक संघ में केन्द्रीय सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह ने अपने आवास सिंह मैंशन में सत्येंद्र कुमार सिंह को मनोनयन संबंधित पत्र दिया। सत्येंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र सिंह व उनकी टीम ने रागिनी सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित कर धन्यवाद दिया। वही दूसरी ओर इ.जे एरिया अंतर्गत भौंरा ग्रुप के क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया ज़हां संघ की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह के द्वारा कमेटी गठन का पत्र भौंरा ग्रुप के नवनियुक्त क्षेत्रीय सचिव शिवकुमार यादव व उनकी टीम को सौंप दिया।

# गिरिडीह पुलिस ने नक्सलियों के मंसूबे पर फेरा पानी, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

### नक्सलियों ने जमीन के नीचे छिपाकर रखे थे यह विस्फोटक, सर्च अभियान के दौरान हुआ बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** डुमरी में होने वाले उपचुनाव के दौरान उपद्रव मचाने की नक्सलियों के मंसूबे पर गिरिडीह पुलिस ने पानी फेर दिया। सर्च अभियान के दौरान गुरुवार सुबह पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना नक्सलियों द्वारा जमीन के नीचे छुपा कर रखे भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस ने घनघोर रूप से उग्रवाद प्रभावित पीरटांड़ प्रखण्ड के हरलाडीह इलाके में छापामारी कर विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है। नक्सलियों ने इन विस्फोटकों को जमीन के अंदर छिपा कर रखा था। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने इस दौरान भारी मात्रा में हाई एक्सप्लोसिव, कई कार्टून कोडेक्स वायर, जिलेटिन, डेटोनेर के साथ कई विस्फोटक



सामग्रियां जब्त कीं हैं।बता दें कि डुमरी उपचुनाव को लेकर गिरिडीह पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। शांतिपूर्ण महौल में चुनाव संपन्न कराने के साथ साथ नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चलाने को लेकर दो दिन पूर्व ही मधुबन के गेस्ट हाउस में सीआरपीएफ के आईजी, जैप के आईजी, डीआईजी समेत वरीय पुलिस पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। उस बैठक में लिए गये निर्णय के बाद पुलिस द्वारा उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सर्च अभियान शुरू किया गया था। इसी कड़ी में आज सुबह पुलिस की टीम को यह सफलता हाथ लगी। और, पुलिस ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकामयाब कर दिया। वहीं इलाके में अब भी नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान जारी है। जिसमे भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल हैं।

## वासेपुर में गंगा जमुनी तहजीब की दिखी मिसाल

### हिन्दू बहनों ने मुख्तार खान को बांधी राखी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मुस्लिम बाहुल क्षेत्र वासेपुर मे भाई बहन का पावन त्योहार रक्षाबंधन धूम धाम से मनाया गया। इस पवित्र मौके पर वासेपुर स्थित निशात नगर मे हिन्दू बहनों ने ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह वासेपुर के समाजसेवी मुख्तार खान को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। हिन्दू बहनों ने अपने मुस्लिम भाई मुख्तार खान की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते हुए गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।वहीं इस मौके पर



भावुक हुए मुख्तार भाई ने अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया और उन्हें आशीर्वाद एवं उपहार भी दिया। मुख्तार खान ने कहा कि रक्षा बंधन के दिन दर्जनों बहनों ने उन्हें राखी बांधी है जिससे वो काफी खुशी महसूस कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दू मुस्लिम सभी धर्म के लोग रक्षाबंधन के पर्व को मिल जुलकर मनाते हैं। ये भाई बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है।

## अवैध रूप से कोयला को इक्कठा कर रात को ट्रक से भेजा जाता हैं यूपी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बाघमारा :** लोयाबाद थाना क्षेत्र के लोयाबाद मदनडीह पेट्रोल पंप के सामने माड़ी गोदाम के बगल में बाउंड्री वॉल के अंदर दिन भर कोयला चोरों के द्वारा कोयला जमा किया जाता है। तत्पश्चात रात को ट्रक के माध्यम से यूपी के मंडियों में भेज दिया जाता है जिसका संचालन करता स्थानीय भी सिंह नामक सिंडिकेट है जो की भी लाला नमक के लिए काम कर रहा है आपको बता दें कि धनबाद एसएसपी के लाख मनाही के बावजूद भी स्थानीय स्तर पर सेटिंग करके



सिंडिकेट कई दिनों से प्रशासन की आंख में धूल झोंक कर प्रतिदिन कई ट्रक निकाल कर यूपी की मंडियो में भेज रहा है।

## साइकिल सवार डिवाइडर से टकराया घायल अवस्था में भेजा गया अस्पताल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**राजगंज :** मोटर साइकिल सवार करनी ओवर ब्रिज से 50 कदम पहले सर्विस रोड के साइड में डिवाइडर से टकराने पर अरलगरिया, पुटकी निवासी नरेश महतो को बहुत ही गंभीर चोट। आनन फानन में एन एच के एंबुलेंस मे आम पब्लिक और राजगंज पुलिस की सहायता से पी एम सी एच धनबाद भेजा दिया गया। साथ ही घर वाले से संपर्क कर घटना की जानकारी दे दी गई।

## डुमरी थाना में एआइएमआइएम पार्टी के प्रत्याशी व अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

### कार्यक्रम में भाषण के दौरान दर्शक दीर्घा में लगे थे पाकिस्तान ज़िंदाबाद के नारे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** डुमरी विधानसभा उपचुनाव के चुनावी सभा के दौरान बुधवार 30 अगस्त को आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुसिलमिन द्वारा आयोजित सभा में एआइएमआइएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के भाषण के दौरान दर्शक दीर्घा से पाकिस्तान ज़िंदाबाद के नारे लगने की बात सामने आई है। उक्त के संबंध में वीडियो अवलोकन दल के द्वारा



भाषण के दौरान रिकॉर्ड वीडियो के अवलोकनोपरांत ये पाया गया कि यह कृत्य आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है एवम सांप्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने का प्रयास है।इसके संदर्भ में संबंधित उड़नदस्ता दल, डुमरी के द्वारा डुमरी थाना में अब्दुल मोबिन रिजवी, प्रत्याशी, एआइएमआइएम पार्टी, मुजफ्फर हसन नूरानी एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## सरस्वती विद्या मंदिर भुली में सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सरस्वती विद्या मंदिर भूली में सम्मान सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विद्या भारती द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय संस्कृति बोध परियोजना, अंग्रेजी प्रश्नमंच एवं विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य शिवबालक प्रसाद सिंह एवम आचार्यो के द्वारा मेडल एवम मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।विभाग स्तरीय प्रतियोगिता जो कि स.वि.मं दुग्धा में 27 अगस्त को आयोजित हुआ।

## लालमणि वृद्धाश्रम और ओल्ड एज होम में बुजुर्गों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को सहयोगी नगर सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम और लोहार बरवा टुंडी रोड आसान डाबर स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आश्रय ले रहे बुजुर्गों ने महिला बुजुर्गो ने राखियाँ बंधवाकर रक्षाबंधन पर्व मनाया और खुशियां मनाते फोटो भी खिंचवाए। आश्रम में 15 साल से आश्रय ले रहे सगे भाई बहन रेखा और नारायण ने बताया कि पिछले 15 वर्षो से लगातार दोनों भाई-बहन इसी आश्रम में खुशीपूर्वक रक्षाबंधन पर मनाते आ रहे हैं। इस आश्रम में निस्वार्थ प्यार और सेवा है। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं आश्रम में आने वाले समस्त सेवाकर्ता



बेटा- बेटी की तरह माता-पिता की तरह सम्मान और सेवा कर हम सब का ख्याल रखते हैं और अब हमें कहीं जाना नहीं,लालमणि आश्रम में ही हमारा आश्रम है, घर है और स्वर्ग है। हालांकि बुजुर्गो को सुबह से ही बीते रक्षाबंधन के अतीत पल याद आने लगे थे और उनकी आंखें भी आश्रम की गेट की तरफ अपनों का इंतजार करती रही, अपनों से अलग रहने की टिस उनके चेहरे पर झलकती रही। इन्हीं संवेदनाओं को लेकर आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने हर्ष वर्ष की भांति रक्षाबंधन मनाने की तैयारी की कर ली थी। वृद्ध पुरुषों को वृद्ध महिलाओं ने माथे पर आरती उतारकर, तिलक लगाकर, राखियां बांधकर मिठाई

## मंडल रेलवे अस्पताल में दंत चिकित्सा उपकरणों का लोकार्पण तथा संयुक्त निरीक्षण किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद मंडल रेलवे अस्पताल में दंत चिकित्सा के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था मंडल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई है। अब रेलकर्मियों और उनके आश्रितों को दांत संबंधित विभिन्न समस्याओं के उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सकों के पास नहीं जाना होगा। मंडल प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए आवश्यक उपकरणों के माध्यम से दांतों का एक्स रे, आर सी टी, रिमूवल, आदि की सुविधा की व्यवस्था सहज ही मिल सकेगी। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा मंडल रेल प्रबंधक के साथ होने वाली पी एन एम बैठक में रेलकर्मियों और उनके आश्रितों के लिए दंत समस्याओं के समाधान के लिए मंडल रेलवे अस्पताल धनबाद में आवश्यक उपकरणों को उपलब्ध कराने की मांग रखी गई थी। इस मांग पर रेलवे प्रशासन द्वारा पहल करते हुए इन आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की गई है। गुरुवार को धनबाद के अपर मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार तथा ईसीआरकेयू के अपर



महामंत्री सह पी एन एम ईंचार्ज मो ज़्याऊद्दीन द्वारा इन उपकरणों को रेलकर्मियों को उपयोग करने के लिए लोकार्पण किया गया।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डी एल चौरसिया तथा ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री ओमप्रकाश तथा केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा भी उपस्थित रहे। मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक ने ईसीआरकेयू प्रतिनिधियों के साथ अस्पताल के चिकित्सक कक्षों, लैब, वार्ड तथा अन्य विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

## डीसी ने एसएनएमएमसीएच का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के डीसी वरुण रंजन ने गुरुवार को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज में बन रहे सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में बन रहे आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर व इमरजेंसी सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और हर पहलुओं पर डॉक्टर से बात की। वहीं अस्पताल में हो रहे निर्माण कार्यो को लेकर ठेकेदारों से इसका जायजा लिया और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। वहीं इस निरीक्षण के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ ज्योति रंजन के कार्यालय में बैठक कर डॉक्टरो से वस्तु स्थिति का जायजा लिया और



समस्याओं से अवगत हुए। वही उपायुक्त ने हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। बैठक करने के बाद डीसी ने इमरजेंसी और वार्ड का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बताया कि सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल का निरीक्षण किया गया है और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। बहुत जल्द सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद मरीज को बेहतर इलाज का लाभ मिलेगा। वहीं उन्होंने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों की कमी ना हो इसके लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

## युवा नेता जयराम महतो के आगमन को लेकर युवाओं में भारी उत्साह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी हाई स्कूल मैदान में आगामी 3 सितंबर को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति टुंडी के बैनर तले बदलाव संकल्प महासभा की तैयारी इन दिनों जोरों पर हैं इस महासभा में टाइगर जयराम महतो द्वारा एक जनसभा को संबोधित करना बताया जाता हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी की धरती पर युवा टाइगर जयराम महतो का यह पहला दौरा है टुंडी की जनता को स्थानीय नीति सह नियोजन नीति जैसे जन समस्याओं को लेकर एक विशाल बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 60/40 नाय चलतो जैसे कई मुद्दों पर उपस्थित जनसमूहों को बतलाया जाएगा । टुंडी प्रभारी कनक गुप्ता ने टुंडी में बदलाव संकल्प महासभा के पूर्व संध्या पर कल 3ः00 बजे प्रेस वार्ता का आयोजन किया है जहां महासभा की विशेषता के बारे में विस्तार से बतलाया जाएगा एवं महासभा की रूपरेखा की तैयारी को लेकर चर्चाएं की जाएगी इन बातों




को लेकर फोकस किया जाना है। गुप्ता ने इस महासभा में युवाओं का महाजुटान होने की बात कही है एवं टुंडी में जनता बदलाव चाहती है की बात दोहराई अब भीड़ पर निर्भर करता है की टुंडी की जनता कैसी राजनीति पसंद करती है इससे पहले इसी धरती पर बाबूलाल मरांडी की सभा संपन्न हो चुका है जहां पूरे मैदान लबालब जनता से भर गया था अब 3 सितंबर को देखा जाए टुंडी की जनता किस और करवट लेती है।

## मैं हूं धनबाद समूह के द्वारा मनाया गया रक्षाबंधन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** विश्वास, प्रेम, रक्षा के डोर के बंधन का त्यौहार रक्षाबंधन, मैं हूं धनबाद समूह के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समूह की निर्देशिका पूजा रत्नाकर तथा कार्यक्रम निर्देशिका कल्पना झा के द्वारा समूह के सलाहकार सह अपना हॉस्पिटल के डायरेक्टर मो सलाउद्दीन को राखी बांधा गया। समूह के सचिव सनोज कुमार को गुंजा कुमारी तथा कंचन ने राखी बांधी।इस अवसर पर समूह के द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस पवित्र बंधन को न केवल आपस में निभाना है बल्कि धनबाद की हर एक बेटी बहन की सुरक्षा जागरूकता की भी पहल करनी है। साथ ही साथ हर एक रिश्ते का नींव पेड़ पौधे को भी हमें सुरक्षित रखना है तथा इस समाज में बेटियों को बहनों को भय मुक्त जीवन देने का प्रयास करना है।

# खेल हमें जीवन में अनुशासन, सकारात्मकता कार्य करने की प्रेरणा देता है : नेसार अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** चैलेंजर फुटबॉल क्लब ककरगढ़ (कुडू) के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय ईनामी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया फाइनल मुकाबला सरना नवयुवक क्लब परियागो मांडर एवं जज्बा फुटबॉल क्लब बीजू पाड़ा के बीच खेला गया जिसमें परियागो की टीम 1-0 गोल से जीतकर चैंपियन बनी। इस टूर्नामेंट के समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी एवं सलीम अंसारी बड़े शामिल हुए। और फाइनल मैच में पहुंचे दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किए। समापन समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है खेल से शरीर के साथ-साथ मन भी स्वस्थ रहता है खेल हमें जीवन में अनुशासन, सकारात्मकता और टीम भावना से कार्य करने की प्रेरणा देता है जिससे सफलता हासिल होती है। फुटबॉल हमारे क्षेत्र का लोकप्रिय खेल है और इसका आयोजन अब पंचायत स्तर पर भी हो रहा है जिससे ग्रामीण स्तर पर खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा को सामने लाने का अवसर मिलता है और इस तरह के आयोजन से सामाजिक सौहार्द भी बनता है जो आज के समय में काफी महत्वपूर्ण है। युवा खेल के माध्यम से अपना कैरियर बना सकते हैं राज्य सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नीति बनाई है जिसका लाभ भी युवाओं को लेना चाहिए। अंत में विजयी टीमों के बीच अतिथियों के द्वारा इनामी राशि और पुरस्कार वितरण किए गए। समापन समारोह में मुख्य रूप से कुडू उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, सलीम अंसारी बड़े, संजर अंसारी, संजय तुरी, कमरुल इस्लाम वारिस अंसारी, आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज उरांव, सचिव मुबारक अंसारी, अतहर अंसारी, मोहम्मद इकबाल, सज्जाद अंसारी, लालदेव उरांव, गुलजार अंसारी, नईम अंसारी, बबलू खान, अबु तलहानुमान अंसारी, साबिर अंसारी समेत सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाएं युवा : जोसिमा खाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा सदर प्रखंड के मुंजबेड़ा में रक्षा बंधन के अवसर पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाईनल मैच मुंजबेड़ा बनाम बाघलाता के बीच खेला गया। प्रतियोगिता के पेनाल्टी शूट आउट में बाघलाता की टीम 5-3 से विजयी रही। विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य सह कांग्रेस नेत्री जोसिमा खाखा ने पुरस्कार देकर स्म्मानित किया। इससे पूर्व जोसिमा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। ग्रामीणों ने गांव तक पहुंच पथ को दुरुस्त कराने की मांग की। जिसपर जोसिमा ने जल्द पहुंच पथ को दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया। अपने संबोधन जोसिमा खाखा ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए विधायक भूषण बाड़ा लगातार कार्य कर रहे हैं। खेल के माध्यम से आज दर्जनों लोगों को रोजगार मिला है। महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। गांव के युवा अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विधायक भूषण बाड़ा के साथ जुड़ें और गांव का विकास करने में विधायक का साथ दें। जोसिमा खाखा ने बताया मुंजबेड़ा से सोगड़ा जाने के लिए पालामाड़ा नदी में विधायक के पहल पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण को सरकार से स्वीकृति मिल चुकी है।

# महिलाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर, तभी हो पाएगा सशक्तिकरण : जोसिमा खाखा

➲ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने किया ग्रामीण ई विकास परियोजना के कार्यालय का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि महिलाओं को हर हाल में आत्मनिर्भर बनाने की जरुरत है। सही मायनों में नारी सशक्तिकरण तभी हो पाएगा जब उनको आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षित करने के साथ स्वरोजगार भी मुहैया कराने की जरूरत है। नारी सशक्तिकरण से ही समाज को संपूर्ण विकास संभव है। शहर के घोचोटोली में ग्रामीण ई विकास परियोजना कार्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने फिता काटकर व दीप जलाकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। जोसिमा ने परियोजना के खुलने पर उम्मीद जताते हुए कहा कि परियोजना के खुलने से न सिर्फ महिलाएं बल्कि जिले के युवाओं को भी आत्मनिर्भर बनने का आंकड़ा ऊंचाई पर पहुंचेगा और महिलाओं व युवाओं की भागीदारी तमाम क्षेत्रों में बढ़ेगी। मौके पर परियोजना के जिला प्रभारी रोशन बरवा ने बताया कि परियोजना द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भरता के गुण सिखाकर उन्हें आत्म निर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा। जिसके तहत परियोजना के तहत लोगों को मुर्गी पालन, पछली पालन आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावे परियोजना के तहत ई स्कूल, डिजिटल क्लास, ई क्लीनिक, ई मार्ट का भी लाभ ग्रामीणों को दिया जाएगा। मौके पर मुखिया शशिकला तिर्की, मुखिया स्नेहलता केरकेट्टा, नीला नाग, मंजू तिर्की, सत्यवन तोपनो, पारस सिंह, प्रशांत राणा, बोटो साहू, दीपिका कुमारी, इमी हेमरोम, कुमांती देवी, सीमा बिलुंगख्लूसी लकड़ा आदि

# पेशरार में ग्रामीण महिलाओं ने थाना प्रभारी अख्तर अली की कलाई पर बांधी राखी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के पेशरार थाना में सुदूरवर्ती क्षेत्र पेशरार की महिलाओं ने पुलिस जवानों की कलाई पर राखी बांध कर रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार मनाया। इस मौके पर पेशरार थाना प्रभारी अखूतर अली और अन्य जवानों ने महिलाओं को मिठाई खिलाते हुए उनकी रक्षा करने का वचन दिया। मौके पर सुदूरवर्ती क्षेत्र के महिलाओं ने कहा कि देश के सैनिक और पुलिस जवान निरंतर अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं,ताकि हम त्योहार और उत्सव सुरक्षित तरीके से मना सके। पुलिस के जवान त्योहारों में भी अपने परिवार से दूर रहते हैं। देश की सेवा में लगे पुलिस की कलाई सुनी ना रहे, इसलिए राखी बांध कर रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार मनाया गया। वो हमारी रक्षा करते हैं, तो पुलिस की रक्षा ईश्वर करें, यही भगवान से प्रार्थना की गई। महिलाओं ने कहा कि पुलिस आम लोगों की रक्षा कर सके, आम लोगों के साथ-साथ हम बाहर निकलने वाली महिलाओं की रक्षा भी पुलिस करें, सड़क पर निकले तो उन्हें किसी तरह की परेशानियों का सामना ना करना पड़े। इसके लिए पुलिस जवानों की सुरक्षा के लिए कामना की गई। थाना प्रभारी ने दिया रक्षा का वचन~ वहीं पेशरार थाना प्रभारी ने कहा कि महिलाओं के द्वारा पुलिस के अधिकारियों और जवानों को राखी बांधी गई है। राखी के साथ रक्षा बंधन त्यौहार पर हमने वचन दिया है कि उनकी और आम लोगों की सुरक्षा के प्रति हम सदैव तत्पर रहेंगे। बता दें कि त्योहारों या उत्सवों पर भी पुलिस के जवान सदैव आम लोगों की सुरक्षा के लिए डटे रहते हैं। हम आम लोग त्योहार मना सके, इसलिए वे खुद अपने परिवार के साथ त्योहार नहीं मना पाते। इसिलिए लोहरदगा के पेशरार की महिलाओं ने पुलिस जवानों को राखी बांधी है।

# कर्मा पूर्व संध्या मानने को लेकर आदिवासी छात्र संघ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अरु पंचायत अन्तर्गत नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय खेल मैदान स्थित धूमकुड़िया भवन में करमा पूर्व संध्या मनाने को लेकर आदिवासी छात्र संघ व राजी प्रार्थना सभा के संयुक्त तत्वावधान में बैठक आयोजित किया गया। प्रखंड क्षेत्र के नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय मैदान स्थित धूमकुड़िया भवन में करमा पूर्व संध्या मनाने को लेकर चर्चा किया गया। वही आदिवासी छात्र संघ का प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर उराँव ने जानकारी देते हुए बताया आगामी 19 सितम्बर को प्रखंड स्तरीय करमा पर्व सामूहिक रूप से मनाया जायेगा। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों से खोड़हा दल को आमंत्रित किया जान है। वही करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की होंगे। जिनके द्वारा सभी खोड़हा दल को सान्त्वना पुरस्कार दे कर सम्मानित किया जायेगा। मौके पर बुटी मुखिया पार्वती उराँव, सेन्हा मुखिया धनवाज उराँव, सेरेंगहातु मुखिया शोभा देवी, राजी प्रार्थना सभा के प्रखंड सचिव रामावतार भगत के अलावे रामप्रकाश तिग्गा, एतवा उराँव सहित सैकड़ों आदिवासी महिला पुरुष उपस्थित थे।

# ट्रक व कार के टक्कर में दो घायल एक कि स्थिति चिंताजनक सूचना पर पहुंची पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल में बुधवार देर रात ट्रक जे एच 08 एफ 5585 एवं कार जे एच 09 वाई 3762 में जोरदार टक्कर हुआ जिसमें कार सवार दो लोग घायल हो गये। जिसे राहगीरों के मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं घायल की पहचान लोहरदगा निवासी लुकमान अंसारी के 27 वर्षीय पुत्र यूसुफ अंसारी दूसरा मेहंदी हसन के 25 वर्षीय पुत्र रिजवान अख्तर के रूप में किया गया। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना के एस आई गणेश कुमार यादव दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच राहगीरों से सहयोग लेते हुए दोनो घायल को इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया गया। बताया जाता है कि कार सवार लोहरदगा से सेन्हा की ओर जा रहे थे। कि वही विपरीत दिशा से आ रही ट्रक कार को अपने चपेट में ले लिया जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। और कार में सवार दोनो युवक घायल हो गये। वही पुलिस क्षतिग्रस्त दोनो वाहन को जब्त कर अग्रतर कारवाई में जुट गई।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इको क्लब द्वारा वृक्षाबंधन का हुआ कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के इको क्लब ने वृक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित किया। रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में इको क्लब के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने आंवला के वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर किया। उन्होंने सभी इको क्लब के छात्र-छात्राओं को पेड़ों की रक्षा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम जहां कहीं भी रहे वहां अपने घरों और आसपास के क्षेत्र में प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में प्रमुखता से अपनी भूमिका निभाएं। पेड़ों की रक्षा करें और दैनिक उपयोग के पॉलिथीन का बहिष्कार करें। घर से थैला साथ लेकर चलें। इको क्लब प्रमुख रेणु कुमारी और यशोदा कुमारी ने भी इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को प्रकृति के प्रति दायित्व बोध कराते हुए पेड़ों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया।

# बड़की चंपी दुर्गा मंदिर में सावन पूर्णिमा पर हुआ 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बडकी चॉपी दुर्गा मंदिर मे सावन पूर्णिमा के अवसर पर पूजा, पाठ, आरती, प्रसाद वितरण, अखंड हरिकीर्तन किया गया। मंदिर कमिटी और आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि सैकड़ों वर्षो से चली आ रही परम्परा है कि यहॉ इसी स्थान पर सावन पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा और अखण्ड हरि कीर्तन होता आया है,उसे निभाया गया। मौके पर पुरोहित अनूप देव पौराणिक एवं पुरोहित रमेश देव पौराणिक ने यजमान राजेश सिंह के द्वारा विधिवत पूजन एवं रुद्राभिषेक करवाई। सुबह 10 बजे से 24 घंटे का अखण्ड हरि कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर जिमा, चंदवा, हेंदलासो, सुकमार, सलगी, चाँपि, चाँपि महतो टोली, कुंडगड़ा, होटवार, चुन्द डूमर टोली, पतराटोली सहित बड़की चाँपि पंचायत के सभी गांव सहित लोहारदगा, लातेहर जिले के विभिन्न गॉवो से कीर्तन मंडली शामिल हुई, उन्हें राजेश कुमार सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। सावन पूर्णिमा के अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों भक्तगण इस कार्यक्रम मे शामिल हुए। हरे राम, हरे कृष्ण के जय घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने स्व.सुरेश सिंह जी के पुण्य तिथि के मौके पर उनके प्रतिमा पर श्रद्धा सुमार अर्पित की। इस मौके पर विशेष रूप अनूप देव पौराणिक, रमेश देव पौराणिक, किस्को के जिला परिसद सदस्य संदीप कुमार, अलख निरंजन तिवारी, राजेश कुमार सिंह, कन्हैया सिंह, विनोद सिंह, अवधेश सिंह, भुपाल पाठक, यदुनंदन तिवारी, लाल अशोक नाथ शाहदेव, भुसन प्रसाद, मनोज साहू, भूपाल पाठक, अमोद पाठक, आनंद सिंह, मुकेश साहू, संतोष सिंह, मुनेश्वर साहू, अतुल पाठक, छोटू सिंह, श्रेष्ठ सिंह, बिट्टू सिंह, प्रमोद साहू, मुंशी महतो, लाल गौरी नाथ साहदेव, केदार महतो, राजू अग्रवाल, नीरज सिंह, नीरज प्रसाद, कामेश यादव, पप्पू कुमार, मदन महतो, अवधेश पाठक, लक्ष्मीकांत प्रसाद, मनोज कुमार गुप्ता उर्फ मन्ना, परिबा महतो, भोला राम, प्रदीप अग्रवाल, बीरू बैठा सहित कई सदस्यगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

जलडेगा के खरवागढ़ा कुकुरभूका में फुटबॉल टूर्नामेंट का खेला गया फाइनल मैच

# खेल में अनुशासन होना जरूरी, झारखंड पार्टी हर संभव करेगी मदद : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखंड के खरवागढ़ा कुकुरभुका में गुरुवार को फुटबॉल टूर्नामेंट पूजा समिति की ओर से आयोजित की गई जिसका फाइनल मैच का आयोजन हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का पंचायत की मुखिया बिमला देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजन समिति के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया जिसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल की शुरुआत हुई। मौके पर संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि किसी भी खेल में अनुशासन का होना अति आवश्यक है और अनुशासन से ही खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर जिला राज्य और देश का नाम रोशन करता है झारखंड पार्टी हमेशा से खेल और खिलाड़ी को बढ़ावा देने के लिए हर संभव काम करती है जमीन से जुड़े हुए हर खिलाड़ी को आगे लाकर उनकी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में हर संभव सहयोग की है और आगे भी करेंगी। युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहां की इस प्रकार के आयोजन होने से आसपास के जो खिलाड़ी हैं जो खेल नहीं पाते हैं उनकी प्रतिभा खुलकर बाहर आती है और वह जिला स्तरीय राजा स्तरीय टूर्नामेंट में शामिल होकर आने वाले दिनों में नाम रोशन करते हैं। आप सभी इसी प्रकार अनुशासन बनाकर खेलें झारखंड पार्टी आपको बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। खेल फाइनल मैच टाइगर क्लब खरवागढ़ा बनाम सरईटोली के बीच में आयोजित हुई जहां पर शानदार पारी खेलते हुए सरईटोली की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। मौके पर अमन खेस्स, रुतु नायक, राजू नायक, आकाश सिह, रवि बड़ाईक, आशीष सिंह, आयोजन के उप समिति सत्यभामा बडिंग, खेल अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, सचिन डमरूधर सिंह, कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भाई-बहन का पावन पर्व रक्षा-बन्धन कैरो प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ संपन्न



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड क्षेत्र के गाँवो मे 31 अगस्त गुरुवार को भाई-बहन के प्रेम के उत्सव का पावन पर्व रक्षा-बंधन परंपरा एवं संसकृति के अनुरुप त्योहार शांति सौहार्द के साथ-साथ पूरे क्षेत्र मे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर 31 अगस्त गुरुवार को अहले सुबह बहनो ने विभिन्न देवालयों मे पुजा अर्चना कर अपने-अपने भाईयों की तिलक लगाकर आरती उतारी, तत्पश्चात रेशम के धागों से निर्मित भैया के कलाईयों मे रक्षा-सूत्र बांधकर भाई ने बहनो को हर विघ्न बाधाओ से रक्षा करने का संकल्प लिया। भाई-बहन के पावन पर्व पर शास्त्रों मे यह कहा गया है कि,देव और असुर संग्राम मे देवराज इन्द्र बार-बार असुरों से युद्ध मे परास्त हो रहे थे,तब इन्द्राणी ने कठिन तप किया था,अपने तपोबल से एक रक्षा-सूत्र का निर्माण किया,जिसे इन्द्र के कलाईयों मे बांधा गया तब इन्द्र ने असुरो पर बिजय हासिल किया। शास्त्रो मे इस पावन पर्व पर भगवान विष्णु और राजा बलि से जुड़ी भी इस त्योहार पर प्रसंग उल्लेखित है, वही इस त्योहार के निमित एतेहासिक दृष्टी से मध्यकालीन युग से मानी जाती है, चित्तौडगढ़ की महारानी कर्मावती का प्रसंग भी इस संबंध मे इतिहास के पन्नो पर उल्लेखित है।

# बहनों ने भाइयों के कलाई पर रक्षासूत्र बांध लंबी उम्र के लिए की कामनाएं



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार गुरुवार को उमंग व हर्षोल्लाष के साथ धूमधाम से मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय के साथ साथ पूरे क्षेत्र में धूमधाम से रक्षा बंधन का त्योहार मनाया गया। भाई बहनों का पर्व रक्षा बंधन के पावन अवसर पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा का सूत्र बांधकर अपने भाईयों की दीर्घायु होने की कामना की। वहीं भाइयों ने भी रिश्ते की इस डोर को मजबूत से निभाने का संकल्प कर उपहार स्वरूप बहनों को भेंट दिए। सुबह से ही बहने रक्षाबंधन का त्योहार की तैयारियों पर लगी हुई थी। वही सभी के घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान और मिठाई बनाये गये थे। साथ ही बाजारों से भी कई तरह की मिठाईयां मंगवाया गया था। रक्षा बंधन के अवसर में महिलाएँ, लड़कियाँ व लड़के,पुरुष सभी रंग बिरंगे नये कपड़े पहने शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाईयों के कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी हँसी खुशी से लम्बी उम्र की कामना की। गुरुवार को सुबह से ही रक्षाबंधन से पूर्व मंदिरों में खासा भीड़ देखा गया। बहने नहा धोकर मंदिरों में पूजा अर्चना की और भाइयों के लम्बी उम्र की कामना करते हुए उमंग और हर्षोल्लाष से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। त्योहार को लेकर सभी लोगो के मन मे उत्साह व उमंग था।

# रेशम की डोर से बहनें भाइयों की कलाई पर बांधी राखी




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाई बहन के रक्षा का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार गुरुवार को लोहरदगा सहित प्रखंडों में उत्साह के साथ मनाया गया। गुरुवार को सुबह मे सात बजकर सात मिनट तक हीं शुभ मुहूर्त था। वैसे गुरूवार को उदीयमान तिथि होने के कारण बहनें दिन भर अपने भाईयो के कलाइयों पर रंग बिरंगे आकर्षक राखियाँ बांधीं। वहीं राखी पर्व को लेकर शहर के तमाम छोटे बड़े दुकानों व फुटफाट पर भी ग्राहकों के लिए एक से एक बढकर आकर्षक राखी सजा रखी थी। बाजार में सबसे ज्यादा स्टोन, मोती, जरकन व मेटल से निर्मित राखी के साथ रूद्राक्ष व स्टालिश बेरेस्लेट सहित विभिन्न तरह की आकर्षक राखियाँ की मांग हुई। बाजार में 5 रूपये से लेकर 300 रुपये तक उपलब्ध थे। वही राखी के साथ साथ विभिन्न मिस्ठान दुकानों में खरीदारी को लेकर भीड देखी गयी।

# बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी राखी



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाई-बहन के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षा बंधन गुरुवार को हर्सोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर धाम मंदिर में अहले सुबह से ही बहने रक्षा सूत्र लेकर भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने भाई के कलाई में रक्षा सूत्र बांधा। हालांकि इस वर्ष रक्षा बंधन दो दिन होने से कुछ बहने बुधवार की देर रात को ही अपने भाई के कलाई में रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान भाइयों ने भी अपने-अपने बहनों को उपहार भेंट कर आजीवन भाई-बहन के अटूट बंधन को निभाने का संकल्प लिया। इधर भंडरा अखिलेश्वर धाम के पुजारी भजन पंडा ने कहा कि रक्षा बंधन को लेकर भंडरा प्रखंड सेमरा, भंडरा, आकाशी, चट्टी, कसपुर, भौंरो, मसमानो सहित कई गांव से बहने अखिलेश्वर धाम पूजा-अर्चना को लेकर पहुंची थी। रक्षा बंधन के दिन बहने अपने भाई के हाथ में रक्षा सूत्र बांधने से पूर्व राखी को भगवान शिव पर चढ़ा कर पूजा-अर्चना करती है। इसके पश्चात ही भाई को राखी बांधती है। साथ ही भाई के सुखी जीवन को लेकर प्रार्थना करती है।

# हॉकी सिमडेगा द्वारा आयोजित 18ह्लद्ध मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 में खेले गये महिला वर्ग के सात मैच



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हॉकी सिमडेगा द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित 18th मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 महिला और पुरुष में महिला वर्ग में कुल 07 मैच खेले गए। आज के मैच का प्रारंभ सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा के राजनीतिक विज्ञान के अध्यापक सह खेल प्रभार श्री रोशन टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग सहित कई अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों के प्राथमिक गुरु फादर बेनेदिक कुजूर और हॉकी सिमडेगा के कोषाध्यक्ष श्री कमलेश्वर माझी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। पहला मैच में यूसी इंटर कॉलेज सिमडेगा ने के वी एस सिमडेगा को 2=0 से, दूसरे मैच में एसटीसी सिमडेगा ने सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा को 7=0से , आर सी यू एम एस करगागुडी ने आत्म निर्भर हॉकी ट्रेनिग सेंटर कुरकुरा को 7=0से, एसटीसी लचरागढ़ क्वटीम ने कोचेडेगा को 10=0 से, एसटी सी लचरागढ़ टीम ने गोंडवाना क्लब को 11=0 से , एस एस बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा ने आर सी यू एम एस करगागुड़ी को 7=0 से पराजित कर पूरे तीन तीन अंक अर्जित किए।, और सातवा गोंडवाना क्लब ने आत्म निर्भर हॉकी ट्रेनिग सेंटर कुरकुरा के बीच 0=0के बराबर पर रहा। आज के आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, पंखरासियुस् टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बसंत बा, एलशन किड़ो, वेद प्रकाश, अनु राहुल मिंज, प्रतिमा तिर्की, सुजीत एक्का, बिनोद कुल्लू, मुकुट डुंगडुंग, रोहित बेसरा, सुमित बरवा, इत्यादि की प्रमुख भूमिका रही। आज भी महिला वर्ग का चार मैच खेले जाएंगे। 02 सितंबर पुरुष वर्ग का मैच होगा।

## चलते चलते एक नजर

### भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद ने प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**नई दिल्ली :** भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर और 2023 फिडे विश्व कप उपविजेता आर प्रग्गनानंद ने गुरुवार को 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, ...आप जुनून और दृढ़ता का प्रतीक हैं। आपका उदाहरण दिखाता है कि कैसे भारत के युवा किसी भी क्षेत्र को जीत सकते हैं। आप पर गर्व है!

### रामभक्तों को अयोध्या दर्शन कराएंगी इलेक्ट्रिक बसें, सितंबर से प्रारंभ हो सकती है सेवा

**अयोध्या :** प्रभु श्रीराम की नगरी में जैसे-जैसे भव्य मंदिर निर्माण कार्य हो रहा है, वैसे-वैसे देश-विदेश से रामभक्तों की भारी भीड़ लगातार अयोध्या आ रही है। ऐसे में मंदिर निर्माण पूरा होते ही यहां प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश-विदेश से अपने आराध्य श्रीराम का दर्शन करने के लिए आएंगे। अयोध्या आने के लिए उनको सुगम मार्ग उपलब्ध हो इसके लिए जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ और राम पथ का निर्माण प्रगति पर है। निर्माणाधीन पथों पर यात्रियों को यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए योगी सरकार शीघ्र ही ई-बस सेवा प्रारंभ करने जा रही है। मतलब यह कि इन पथों के निर्माण के पहले अयोध्या धाम में ई-बस सेवा की शुरुआत हो जाएगी। शासन ने अयोध्या सहित प्रदेश के विभिन्न तीर्थों के लिए योजना बनाई है। इस व्यवस्था का संचालन करने के लिए शासन स्तर पर ही इलेक्ट्रिक बसों के क्रय की प्रक्रिया की जानी है। शासन स्तर पर पूरे प्रदेश के लिए एक साथ ई-बसें क्रय की जाएंगी। अयोध्या नगर निगम की ओर से संचालित की जाने वाली इस योजना को लेकर एडीए के वीसी और नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि शासन स्तर से 25 इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा अयोध्या के लिए स्वीकृत किया गया है। यह बसें सितंबर माह में अयोध्या नगर निगम को मिलने की उम्मीद है। इन बसों के वर्कशाप एवं चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का जिम्मा उत्तर प्रदेश जल निगम की सीएण्डडीएस यूनिट-44 को दिया गया है। वर्कशाप व डिपो के निर्माण के अलावा चार्जिंग स्टेशन के निर्माण के लिए चयनित एजेंसी को साढ़े 12 करोड़ की राशि आवंटित कर दी गयी है।

# अब केंद्रीय कर्मचारी वंदे भारत व हमसफर एक्सप्रेस में यात्रा कर सकेंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार के लाखों कर्मियों के लिए खुशखबरी है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के मुताबिक, अब केंद्रीय कर्मचारी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत व हमसफर एक्सप्रेस में यात्रा कर सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने उक्त ट्रेनों में कर्मचारियों के आधिकारिक दौरे को मंजूरी दे दी है। अब सभी केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के कर्मचारी, टूर, ट्रेनिंग, ट्रांसफर और रिटायरमेंट पर वंदेभारत व हमसफर एक्सप्रेस में यात्रा कर सकेंगे। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, केंद्रीय



कर्मियों के लिए शताब्दी और राजधानी ट्रेन में सफर के लिए जो नियम बनाए गए हैं, अब वही नियम वंदेभारत व हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा करने के लिए लागू होंगे। यहां पर नियमों का मतलब है कि यात्रा के लिए अधिकृत होना है।नइससे पहले सरकारी कर्मियों को ट्रेनिंग, ट्रांसफर और रिटायरमेंट पर उक्त गाड़ियों में सफर करने की सुविधा नहीं मिलती थी। अगर कोई कर्मचारी तबादले पर किसी दूसरे जगह जाता है तो उसे इन ट्रेनों में यात्रा करने की आधिकारिक इजाजत नहीं मिलती थी।रिटायरमेंट पर कोई कर्मचारी अपने मूल स्थान पर जाता है तो वह भी इन ट्रेनों की सुविधा से वंचित रहता था। अब सभी कर्मचारी, टूर, ट्रेनिंग, ट्रांसफर और रिटायरमेंट पर भी वंदेभारत व हमसफर एक्सप्रेस में यात्रा करने के लिए अधिकृत होंगे।

## संसद के विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस ने उठाया सवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि संसद के विशेष सत्र को लेकर उन्हें किसी तरह की सूचना नहीं दी गई है। चौधरी ने गुरुवार को कहा कि संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के ट्वीट से उन्हें सूचना मिली है कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा। चौधरी ने कहा कि उन्हें किसी भी तरह का नोटिस, पत्र या फोन करके इसकी जानकारी नहीं दी गई है। कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने भी संसद के विशेष सत्र को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पहले लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के माध्यम से सदस्यों को सूचित किया जाता था। सरकार को बताना चाहिए कि मॉनसून सत्र के बाद विशेष सत्र



बुलाने की क्या वजह है? उल्लेखनीय है संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने अपने ट्वीट में कहा कि संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261वां सत्र) आगामी 18 से 22 सितंबर के दौरान होगा, जिसमें 05 बैठकें होंगी। अमृत काल के समय में होने वाले इस सत्र में संसद में सार्थक चर्चा और बहस होने को लेकर आशान्वित हूं।

# पहली तिमाही में देश की जीडीपी 7.8 प्रतिशत रही




एजेंसी

**नई दिल्ली :** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार (31 अगस्त) को देश की जीडीपी से जुड़े आंकड़े जारी किए गए. साझा किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून तिमाही के लिए भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़कर 7.8 प्रतिशत हो गया. इससे पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी. भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था. इससे पहले वित्त वर्ष 2023 में देश की जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी रही थी.

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार हालांकि जुलाई में कोर सेक्टर की वृद्धि दर पिछले महीने के 8.3 प्रतिशत की तुलना में कम रही. आठ क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि भी अप्रैल-जुलाई 2023-24 में घटकर 6.4 प्रतिशत रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 11.5 प्रतिशत थी.कोयला, कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में वृद्धि से आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि दर जुलाई 2023 में बढ़कर आठ प्रतिशत हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 4.8 प्रतिशत थी. आंकड़ों से पता चलता है कि इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन भी जुलाई महीने में बढ़ा.

# भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री के घर आया नन्हा मेहमान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी सोनम भट्टाचार्य ने बेटे को जन्म दिया है। पारिवारिक सूत्रों और मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोनम फिलहाल बेंगलुरु के एक नर्सिंग होम में हैं। बताया जा रहा है कि मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।। बुधवार सुबह 11:11 बजे सोनम ने बेटे को जन्म दिया। दिलचस्प बात यह है कि सुनील ने सोशल मीडिया पर कोई भी अपडेट साझा नहीं किया है। दरअसल, यह चलन आजकल मशहूर हस्तियों के बीच आम हो गया है। आमतौर पर सकारात्मक खबरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो जाती हैं, लेकिन सुनील और सोनम दोनों ने



अब तक इस मामले के बारे में कोई भी जानकारी ऑनलाइन साझा नहीं करने का फैसला किया है। इस खुशी के अवसर पर कैप्टन-फैंटास्टिक और उनकी पत्नी को बधाई और शुभकामनाएं मिल रही हैं। पहले यह जानकारी सामने आई थी कि सोनम सितंबर मध्य में बच्चे को जन्म दे सकती हैं। ऐसे में सुनील छेत्री ने थाईलैंड में होने वाले किंग्स कप के लिए भारतीय टीम से खुद का नाम हटा लिया था।

# कोटा में छात्रों की आत्महत्याओं के मामलों पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चिंता जताई

एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों पर चिंता जाहिर की. राष्ट्रपति ने पढ़ाई के दबाव और नकारात्मक सोच से उबरने के लिए छात्रों की मदद करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि, मेरी इस भावी पीढ़ी के परिवार के लोगों, दोस्तों, अध्यापकों और समाज से अपील है कि वे इन बच्चों की मानसिकता को समझकर इनकी सहायता करें.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि, मैं सभी स्टेकहोल्डर्स से कहना चाहूंगी कि अगर बच्चों पर पढ़ाई का, काम्पटीशन का प्रेशर है तो पॉजिटिव थिंकिंग के द्वारा उसे दूर करके उनको आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करें. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि, मैं सभी स्टेकहोल्डर्स से कहना चाहूंगी कि अगर बच्चों पर



पढ़ाई का, काम्पटीशन का प्रेशर है तो पॉजिटिव थिंकिंग के द्वारा उसे दूर करके उनको आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में मदद करें. गुरुवार को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू ने रायपुर में विधानसभा मार्ग पर स्थित ब्रम्हकुमारी संस्थान के शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में 'सकारात्मक परिवर्तन का वर्ष कार्यक्रम की शुरुआत की. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अगर हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ आध्यात्म को भी जोड़ लें तो जीवन अधिक आसान हो जाएगा.

उन्होंने राजस्थान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के दो छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि देश ने चंद्रमा पर अपना झंडा फहराया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उपलब्धि हासिल की है, लेकिन ऐसे मामलों को देखकर उन्हें दुख होता है. राष्ट्रपति ने कहा कि, हर एक व्यक्ति को ईश्वर ने अलग बनाया है और सब में अनोखी प्रतिभाएं होती हैं. दूसरों से प्रेरणा लेना अच्छी बात है लेकिन अपनी रुचियों, अपनी क्षमताओं को समझकर, अपने लिए सही दिशा का चुनाव करना चाहिए. मुर्मू ने समाज के सभी वर्गों से अनुरोध किया कि वे पढ़ाई के दबाव, नकारात्मक सोच से उबरने में तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में छात्रों की मदद करें. उन्होंने समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रयासों की सराहना की और कहा कि 'सकारात्मक परिवर्तन का वर्ष जैसे कार्यक्रम छात्रों को नकारात्मक सोच से उबारने में मददगार हो सकते हैं.


## भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग में हुई बड़ी प्रगति

**नई दिल्ली :** भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग में एक बड़ी प्रगति हुई है. अमेरिकी संसद (यूएस कांग्रेस) ने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए एक समझौते के मंजूरी दे दी है. यह समझौता भारत की सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और अमेरिकी जीई एयरोस्पेस के बीच का है.जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका के बीच यह समझौता हुआ था. अब अमेरिकी कांग्रेस ने भारत के साथ जीई जेट इंजन समझौते को आगे बढ़ाने के लिए बाइडेन प्रशासन को अपनी मंजूरी दे दी है. इससे समझौते के कार्यान्वयन का रास्ता साफ हो गया है. इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच लड़ाकू जेट इंजन के निर्माण के लिए अभूतपूर्व रूप से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, भारत में जेट इंजन का निर्माण और लाइसेंस की व्यवस्था होगी.

# जी-20 : मेहमानों को परोसी जाएगी मिलेट्स थाली

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत की अध्यक्षता में 9 और 10 सितंबर को दिल्ली में जी-20 समिट होने जा रहा है. इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं. इस बीच दिल्ली के फाइव स्टार होटल जी-20 समिट के मद्देनजर विदेशी मेहमानों को हिंदुस्तानी खाने का स्वाद चखाने के लिए खास तैयारी कर रहे हैं. भारत साल 2023 को मिलेट्स ईयर के तौर पर मना रहा है. ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत तमाम नेताओं और विदेशी डेलीगेट्स को मिलेट्स थाली को खासतौर पर तैयार किया गया है. मिलेट्स को मोदी सरकार ने श्रीअन्न नाम दिया है. सूत्रों ने बताया कि भारत में त्न-20 के आयोजन में आने वाले मेहमानों को परोसा शाकाहारी भोजन ही परोसा जाएगा. समिट में नॉनवेज खाना दूर-दूर तक देखने को नहीं मिलेगा. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से लेकर चीन के राष्ट्रपति शी



जिनपिंग तक, सभी मेहमान भारत के अलग-अलग वेजीटेरियन व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे. हालांकि, जिनपिंग के समिट में आने को लेकर संशय बना हुआ है। जी-20 के विदेशी मेहमानों के खाने की टेबल में देसी विदेशी 100 से ज्यादा पकवान रहेंगे. सबसे खास पकवान मिलेट्स थाली होगी. बाजरा, रागी, ज्वार और तिल जैसे मिलेट्स यानी मोटे अनाज से शेप स्टार्टर से लेकर मेन कोर्स और डेजर्ट तक तैयार होगा. विदेशी मेहमानों को मिलेट्स थाली के अलावा अलग-अलग राज्यों की पहचान रखने वाले डिश भी परोसे जाएंगे. मसलन बिहार का लिट्टी-चोखा, राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, पंजाबी तड़का, दक्षिण भारत का मसाला डोसा, उत्तपम और इडली, बंगाली रसगुल्ले, जलेबी जैसे कई खास डिशेज और मिठाइयों को मेन्यू में शामिल किया गया है. देसी स्ट्रीट फूड में गोलगप्पे, दही भल्ले, समोसे और चटपटी चाट का स्वाद भी विदेशी मेहमानों को चखने को मिलेगा.

# क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने की इमरान प्रतापगढ़ी से मुलाकात



एजेंसी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कांग्रेस राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात में मोहम्मद अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी को खास तौर पर इस बात के लिए बहुत बधाई दी की जब से वो कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन बने हैं तब से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग हर मोर्चे पर कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा नजर आया है और अल्पसंख्यक विभाग का संगठन भी सारे देश में पहले से कई गुना मजबूत हुआ है सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार मोहमद अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी को जल्द ही तेलंगाना आने का न्योता दिया और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी आग्रह किया और अवगत कराया कि मौजूदा बीआरएस हुकूमत में आम आदमी झुलस रहा है और आम जनता में इस सरकार की कार्यप्रणाली से बेहद नाराजगी है

*** सांसद प्रतापगढ़ी को दिया तेलंगाना अध्यक्ष अज़हर ने प्रचार का न्योता**

सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार मोहमद अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी को जल्द ही तेलंगाना आने का न्योता दिया और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी आग्रह किया और कहा कि आपके विधानसभा चुनाव में प्रचार करने से कांग्रेस पार्टी की हर स्तर पर मजबूती होगी इस बार के चुनाव में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाएगी। पूर्व सांसद मोहमद अजहरुद्दीन ने कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी से बातचीत के दौरान कहा कि मौजूदा बीआरएस हुकूमत में आम आदमी झुलस रहा है और आम जनता में इस सरकार की कार्यप्रणाली से बेहद नाराजगी है और जिस तरह से कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में जीत का परचम लहराया है उसी तरह तेलंगाना में भी कांग्रेस की बंपर जीत के साथ सरकार बनेगी।

## दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-अगस्त के बीच पिछले आठ सालों में सबसे स्वच्छ हवा

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में समग्र वायु गुणवत्ता में सुधार जारी है । जनवरी-अगस्त के बीच की अवधि के दौरान पिछले आठ साल में सबसे अच्छी औसत वायु गुणवत्ता दर्ज की गई है। गुरुवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इस संबंध में आंकड़े जारी किए । आयोग के अनुसार चालू वर्ष के दौरान जनवरी से अगस्त के दौरान दिल्ली का एक्यूआई 174 दर्ज किया गया है, जबकि 2022 में 194, 2021 में 192, 2020 में 147( लॉक डाउन), 2019 में 199, 2018 में 203, 2017 में 203 और 2016 में 236 था। आयोग के अनुसार जनवरी-अगस्त की अवधि के दौरान समग्र दैनिक औसत एक्यूआई स्तर 200 से नीचे केवल 2021 के बाद से देखा गया है, साल 2023 में सबसे कम एक्यूआई 174 रहा है। आयोग के मुताबिक एक्यूआई वर्षा के स्तर और हवा की गति से बहुत प्रभावित होता है।

**वन राखी मूवमेंट के 46 वां वर्ष पूर्ण होने पर वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरणविद ने कहा**

# भाई के रक्षाबंधन से परिवार की, वृक्षों पर रक्षाबंधन से होती है धरती व ब्रह्मांड की सुरक्षा : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर /पलामू :** झारखंड वन राखी मूवमेंट के 46 वर्ष की सफर पूर्ण होने पर गुरुवार को रक्षाबंधन के अवसर पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने मेदिनीनगर शहर के बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन के आकाश बाग में चंदन वृक्ष पर और छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के बेलवा टांड पर लगे वनो पर रक्षासूत्र बांधकर उसे बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर पर्यावरण धर्म पर आयोजित गोष्ठी में पर्यावरण से जुड़ी बातों पर विस्तृत चर्चा हुई। पर्यावरणविद कौशल ने वन वृक्षों पर रक्षाबंधन और पौधरोपण कर वन राखी मूवमेंट के 47 वां वर्ष का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि



*** वनों की सुरक्षा लाठी से नहीं वन राखीं से होगी कौशल**

रक्षाबंधन का त्योहार में बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षाबंधन कर उसकी सुरक्षा की मंगल कामना करती है। जबकि जीवन रूपी प्राकृतिक वन वृक्षों पर रक्षाबंधन से धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनियों की सुरक्षा होती है । वन राड़ी मूवमेंट के तहत अबतक देश और विदेश के कई राज्यों में करीब 50 लाख पौधों का वितरण व रोपण किया जा चुका है। इस अवसर पर निकाली गई प्रभात फेरी में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। प्रभात फेरी में शामिल प्रकृति बचाओ अभियान के लोगों ने वनों की सुरक्षा लाठी से नहीं, वन राखी से होगी नामक नारा लगाते हुए आगे बड़ रहे थे। कार्यक्रम में शामिल लोगों के बीच 100 मच्छरदानी और पौधा वितरित कर समापन किया गया। कार्यक्रम में उप मुखिया अफजल अंसारी, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार, जुबेर अंसारी,अंजनी देवी, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, सुमित कुमार, अमन कुमार, श्याम देव सिंह,चंद्रेश सिंह, बृजमोहन सिंह, छठु सिंह, देवंती देवी, फुलवा देवी, राजपति कुंवर, बचेश यादव , अशर्फी यादव, बाबूराम, शिवनाथ राम,रामू, छोटू, अद्रिका कुमारी, अनुषा कुमारी, समेत सैकड़ो प्रकृतिप्रेमी महिला पुरुष और नौजवान शामिल थे।